संपादकीय

# नरकात स्वागत आहे!

'Welcome to hell..' ही धमकी दिली आहे, इराणमधील 'तेहरान टाइम्स' या इंग्रजी वृत्तपत्राने. अमेरिकेला इशारा देताना या दैनिकाने म्हटले आहे- 'नरकात तुमचे स्वागत आहे. अमेरिकी सैन्य इराणमध्ये घुसले, तर तुमचे सगळे सैनिक शवपेट्यांमध्ये परत जातील.' स्वर्ग वा नरक या कल्पना मानायच्याच तर, युद्धाने अवघ्या मानवी समुदायाला नरकात लोटले आहे! महिना झाला तरी, पश्चिम आशियातील संघर्ष थांबायला तयार नाही. स्वतःला 'शांतिदूत' म्हणवणारे डोनाल्ड ट्रम्प नव्या दमाने इराणला धमकावत आहेत आणि इराणही तेवढ्याच जोरकसपणे प्रत्युत्तर देत आहे. सौदी अरेबियातील लष्करी तळावर इराणने क्षेपणास्त्र हल्ला केला. त्यात अमेरिकेचे पंधरा सैनिक जखमी झाले. तिकडे इस्रायलने इराणवर लढाऊ विमानांच्या साह्याने हल्ला केला. मग इराणने आणखी पाच देशांवर हल्ले चढवले. पहिल्यांदाच येमेनमधून इस्रायलवर क्षेपणास्त्र हल्ला करण्यात आला. काही पत्रकारही या युद्धात मारले गेले. एवढे सगळे सुरू असताना, ट्रम्प मात्र अद्यापही स्वतःला 'शांतिदूत' मानत आहेत. 'गेल्यावर्षी भारत-पाकिस्तानमधील संघर्षासह आठ युद्धे थांबवल्यामुळे माझी ओळख एक महान शांतिदूत म्हणून व्हायला हवी', असे त्यांना वाटते. 'होर्मुझची सामुद्रधुनी सर्वांना पुन्हा खुली करा, या अटीवरच इराणशी कोणताही करार होऊ शकतो. तेल वाहतुकीसाठी हा सागरी मार्ग पुन्हा सुरू होणे आवश्यक आहे', असेही त्यांनी म्हटले आहे. इराणवरील हल्ल्यांचे समर्थन करण्यात ट्रम्प आजही मग्न आहेत. त्यांच्या मते, 'नाटो' हा कागदी वाघ आहे. अमेरिकेने इराणवर हल्ले केले नसते, तर त्या देशाने दोन ते चार आठवड्यांत अण्वस्त्रे तयार केली असती आणि जग असुरक्षित झाले असते. धाकटे जॉर्ज बुश यांनी इराकवर हल्ला चढवताना आणि सद्दाम हुसेनला फासावर चढवताना, अशीच कारणे दिली होती. ती किती धादांत खोटी होती, हे कालांतराने सिद्ध झाले! या युद्धाने जगाला खाईत लोटले आहे. सर्वदूर युद्धाची झळ पोहोचली आहे. 'या संकटाचा मुकाबला भारत खंबीरपणे करेल,' असे पंतप्रधानांनी आश्वस्त केले असले तरी, स्थिती वाटते तेवढी साधी नाही. युद्ध आणखी सुरूच राहिले तर आपल्यावर गंभीर परिणाम होणार आहेत. हा ताण कमी करण्यासाठी आपले पंतप्रधान सौदी अरेबियाशी बोलत आहेत. तिकडे सौदी अरेबिया, इजिप्त आणि तुर्कस्तानचे परराष्ट्रमंत्री पाकिस्तानात पोहोचले आहेत. तणाव कमी करण्याचा प्रयत्न सर्व बाजूंनी सुरू असला तरी अद्यापही त्याला यश येत नाही. इराण लगेच शरण येईल आणि तिथे आपल्याला हवे तसे सत्तांतर सहजपणे होईल, हा ट्रम्प यांचा उद्दाम आत्मविश्वास आता संपला आहे. इराण तेवढ्याच आक्रमकपणे उभा ठाकला आहे. शिवाय, ट्रम्प यांना अपवाद वगळता, कोणाचाही पाठिंबा नाही. खुद्द अमेरिकेत त्यांना विरोध होतो आहे. त्यामुळे आता त्यांची कोंडी झाली आहे. तरीही ते माघार घ्यायला तयार नाहीत. त्यातून संघर्ष धुमसतच चालला आहे. जागतिक अर्थव्यवस्थेवर याचा गंभीर परिणाम होऊ शकतो. पर्यावरणाचे होणारे नुकसान आणखी वेगळेच. अमेरिका आणि इस्रायल या दोघांचा इराण हा समान शत्रू असला तरी इस्रायलला हे युद्ध दीर्घकाळ हवे आहे. अमेरिकेला मात्र एक संदेश देऊन ते संपवून टाकायचे होते. या गोंधळामुळे आता हा संघर्ष कोणाच्याच आवाक्यात नाही. इलॉन मस्कही या रणांगणात उतरल्याची चर्चा आहे. नक्की कोणाच्या हितसंबंधांसाठी युद्धे होतात, हे काही आता गुपित राहिले नाही. त्यात भरडला जातो तो मात्र सामान्य माणूस. युद्धाला महिना होत असताना, सुमारे पन्नास लाख कोटी रुपयांचा चुराडा झाल्याचे अभ्यासक सांगत आहेत. ही आकडेवारी थोडीथोडकी नाही. भारताच्या एका वर्षाच्या अर्थसंकल्पाची रक्कम आहे ही! एवढ्या पैशात पाकिस्तानचा तीन वर्षे उदरनिर्वाह होतो. युद्ध संपण्याचे चिन्ह तर नाहीच; पण ते आज संपले तरीही, या अरिष्टातून बाहेर पडायला जगाला दोन वर्षे लागतील. पर्यावरणाचे विचाराल, तर या युद्धाने जी हानी केली आहे, त्याच्या भरपाईसाठी जगाला वीस ते तीस वर्षे लागतील. नऊ हजार लोक मृत्युमुखी पडले आहेत. ते कधीच परत येऊ शकणार नाहीत. ३४ हजार लोक जखमी झाले आहेत. चौदा देशांवर थेट हल्ले झाले आहेत. भारतासारख्या तीस देशांच्या अर्थव्यवस्था कोलमडल्या आहेत. अमेरिकेचे तत्कालीन राष्ट्राध्यक्ष आयसेनहॉवर १९५३ मध्ये म्हणाले होते - 'युद्ध म्हणजे केवळ पैशांचा अपव्यय नाही. कामगारांच्या घामाचा, वैज्ञानिकांच्या बुद्धीचाही अपव्यय आहे. चिमुकल्यांच्या स्वप्नांचा मृत्यू आहे.' आयसेनहॉवर तेव्हा म्हणाले, ते त्यांच्या आजच्या राष्ट्राध्यक्षांना समजणार आहे का?

# जुन्या जखमांवर बालेन मलम लावतील?

**भारत आणि नेपाळच्या संबंधात नवा अध्याय लिहिण्याची ही वेळ आहे. या नातेसंबंधात पुन्हा माधुर्य येण्यासाठी भारताला पुढाकार घ्यावा लागेल.**



डॉ. विजय दर्डा
चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड, लोकमत समूह

**नेपाळचे** नवे पंतप्रधान बालेन शाह यांची बहीण सुजाता शाह सेजेकन भारतातील बंगळुरू शहरात राहते. बालेन निवडणुकीत प्रचंड मतांनी विजयी झाल्यानंतर एका आंतरराष्ट्रीय वृत्तसंस्थेला दिलेल्या मुलाखतीत तिने म्हटले होते, 'भारत आणि नेपाळचे नाते शतकानुशतकांचे जुने आहे, आणि ते कोणीही बिघडवू शकत नाही. जे झाले ती एक तात्पुरती स्थिती होती. आता परिस्थिती सकारात्मक असेल!' बालेन पंतप्रधान होताच दोन्ही देशांचे नाते सुधारेल, असा विश्वासही तिने व्यक्त केला होता.

सुजाता यांची इच्छा पूर्ण झाली आहे. केवळ ३५ वर्षे वयाचे रॅप गायक बालेन यांनी नेपाळचे पंतप्रधानपद सांभाळले आहे. मागच्या एक-दीड दशकात भारत आणि नेपाळच्या नात्याला वादळी परिस्थितीमुळे खोलवर जखमा झाल्या; त्यावर मलमपट्टी करण्याचा प्रयत्न बालेन करतील काय? भारत आणि नेपाळ यांच्यातील नाते कम्युनिस्ट पक्षाच्या उदयाच्या आधी जसे होते तसे होईल का? तसे व्हावे असे त्यांना मनापासून वाटते का? ते चीनशी कसे संबंध ठेवू इच्छितात? - जगभरातील महाशक्तींसाठी नेपाळ हा कूटनीतीमध्ये महत्त्वपूर्ण देश असल्याने असे अनेक प्रश्न आता विचारले जात आहेत.

नेपाळच्या जनतेने बालेन यांच्यावर गाढा विश्वास टाकला आहे. २००८ सालानंतर तेथे आघाडी सरकारे चालली, परंतु आता बालेन यांचा राष्ट्रीय स्वतंत्र पक्ष भरपूर बहुमताने निवडून आला. याचा अर्थ बालेन यांच्याकडे नेपाळचे नशीब बदलण्याची ताकद आहे.

मंत्रिमंडळाच्या पहिल्याच बैठकीत त्यांनी आपल्या शैलीची झलक दाखवली. ज्या जेन-झी आंदोलनामुळे ते पंतप्रधानांच्या खुर्चीपर्यंत पोहोचले, त्या आंदोलनात सरकारी गोळीबारात बरेच तरुण मारले गेले होते. या घटनेच्या चौकशीसाठी नेमलेल्या गौरी बहादूर कारकी आयोगाने सुशिला कारकी यांच्या नेतृत्वाखालील अंतरिम सरकारला अहवाल सादर केला होता. त्या अहवालानुसार दोषी असणाऱ्यांवर बालेन यांनी कारवाईचे आदेश दिले. त्यानंतर तत्काळ नेपाळचे माजी पंतप्रधान आणि नेपाळ कम्युनिस्ट पक्षाचे नेते के. पी. शर्मा ओली आणि माजी गृहमंत्री रमेश लेखक यांना अटक करण्यात आली.

पंतप्रधान असताना आणि नसतानाही चीनच्या मांडीवर खेळणारे नेते म्हणून ओली ओळखले जातात. रमेश लेखकसुद्धा चीनच्या म्हणण्यानुसारच वागत होते. या दोघांची अटक हा चीनला अत्यंत कठोर संदेश आहे. चीनने नेपाळला आपला मांडलिक करण्याचा प्रयत्न करू नये, हे बालेन यांना सुचवायचे आहे. चीनने आत्तापर्यंत उघडपणे कोणतीही प्रतिक्रिया दिलेली नाही; परंतु दोघांना झालेल्या अटकेकडे त्या देशाचे लक्ष जरूर असणार.



बालेन यांनी चीनला या आधीसुद्धा एक झटका दिला आहे. के. पी. शर्मा ओली पंतप्रधान असताना त्यांनी झापा संसदीय क्षेत्रात 'नेपाळ चीन फ्रेंडशिप इंडस्ट्रीयल पार्क' निर्माण करण्यासाठी शिलान्यास केला होता. परंतु बालेन यांनी आपल्या जाहीरनाम्यात हा प्रकल्प हटवण्याचे आश्वासन दिले होते. हा प्रकल्प चीनच्या 'बेल्ट अँड रोड' पुढाकार योजनेचा भाग आहे. याचा अर्थ बालेन चीनच्या मतानुसार वागणारे नाहीत.

भारतासाठी हा शुभसंकेत मानता येईल. पण नेपाळ चीनपासून दूर राहील म्हणजे भारताच्या मताप्रमाणे वागेल, असेही गृहीत धरणे योग्य नव्हे. बालेन काठमांडूचे महापौर असताना त्यांनी 'आदिपुरुष' या चित्रपटावर बंदी घातली होती. सीतेचे जन्मस्थळ जनकपूर हे नेपाळमध्ये असताना चित्रपटात सीतेचा जन्म भारतात झाल्याचे दाखवले होते, हे त्याचे कारण. के. पी. शर्मा ओली यांनी पंतप्रधान असताना प्रकाशित केलेल्या एका नकाशात भारताच्या उत्तराखंड राज्याचा काही भाग नेपाळचा असल्याचे दाखवले होते. बालेन यांनी हा नकाशा काठमांडूच्या महापौर कार्यालयात टांगला होता. नेपाळी राष्ट्रवाद भक्कम करण्यासाठी जे काही करावे लागेल, तेच बालेन शाह करतील; हे नक्की. नेपाळच्या तरुणांना आवडणार नाही असे कोणतेही काम ते करणार नाहीत; परंतु नेपाळचे हित कशात आहे? याकडेही ते जरूर लक्ष देतील.

नेपाळची भूमी चहूकडून घेरलेली आहे. भारताशी या देशाची १२५० किलोमीटर लांबीची सीमा आहे, तर चीनबरोबर १४१४ किलोमीटरची सीमा आहे. मात्र चीनची सीमा उंच डोंगर आणि बर्फाळ शिखरांची आहे. याचा अर्थ भारताशी नेपाळचा व्यापार जितका सुलभ होऊ शकतो, तितका चीनबरोबर होऊ शकत नाही.

भारताशी नेपाळचे सांस्कृतिक संबंध आहेत. शिवाय, बालेन मधेशी आहेत. मूळच्या भारतीय असलेल्या लोकांना मधेशी म्हटले जाते. चीनशी मात्र नेपाळचा कोणताही सामाजिक आणि सांस्कृतिक संबंध नाही. एकंदरीत, बालेन अपेक्षापूर्ण नजरेने भारताकडे पाहतील, असे दिसते. त्या अपेक्षांचा सन्मान भारताने केला तर मैत्रीचे नवे पर्व सुरू होईल, जुन्या जखमा भरून येतील आणि भारत-नेपाळच्या नातेसंबंधात नवे माधुर्य येईल. दोन्ही देशांसाठी ही उत्तम संधी आहे. सगळे चांगले होईल, अशी आशा करूया.

vijaydarda@lokmat.com
डॉ. विजय दर्डा यांचे समग्र लेखन वाचण्यासाठी स्कॅन करा :

अन्वयार्थ

# रुपयाची सततची घसरगुंडी हे कोणत्या आजाराचे लक्षण?

**जागतिक चलन बाजारात रुपयाची घसरण ही केवळ चलनविषयक समस्या नाही; भारताच्या विकास प्रारुपावरचे ते एक गंभीर प्रश्नचिन्ह आहे.**



देवीदास तुळजापूरकर
बँकिंग क्षेत्रातील तज्ज्ञ

**२०२६च्या** सुरुवातीपासून भारतीय रुपयामध्ये मोठी घसरण दिसून आली आहे. १ जानेवारी २०२६ रोजी सुमारे ₹ ८९.९६ प्रतिडॉलर असलेला रुपया २६ मार्च २०२६ रोजी ₹ ९३.५६ या पातळीवर पोहोचला. मागील १२ महिन्यांत रुपयाचे मूल्य सुमारे ५.९४ टक्क्यांनी घसरले असून, २०२६च्या पहिल्या तिमाहीत तो आशियातील सर्वात कमकुवत चलनांपैकी एक ठरला. ही घसरण केवळ चलन बाजारातील तांत्रिक चढउतार नाही. उलट ती भारताच्या आर्थिक धोरणातील खोलवर असलेल्या विसंगती आणि नवउदारमतवादी विकासाच्या प्रारूपाच्या मर्यादा अधोरेखित करते. जागतिक वित्तीय भांडवलावर वाढते अवलंबित्व, आयातकेंद्री औद्योगिक रचना आणि वित्तीय बाजाराला प्राधान्य देणारी धोरणे यामुळे भारतीय अर्थव्यवस्था बाह्य धक्क्यांसमोर अधिक असुरक्षित बनली आहे.

गेल्या तीन दशकांत आर्थिक उदारीकरणाच्या प्रक्रियेत अर्थव्यवस्थेचा मोठा भाग विदेशी संस्थात्मक गुंतवणूकदारांच्या अल्पकालीन वित्तीय भांडवलावर अवलंबून झाला. हे गुंतवणूकदार उत्पादन क्षेत्रात दीर्घकालीन गुंतवणूक करण्यापेक्षा शेअर बाजार आणि रोखे बाजारात जलद नफा मिळवण्यासाठी येतात. त्यामुळे जागतिक परिस्थिती बदलली किंवा इतर बाजारपेठांमध्ये अधिक नफा दिसू लागला की हे भांडवल तात्काळ बाहेर पडते. २०२६च्या जानेवारी महिन्यातच विदेशी गुंतवणूकदारांनी अंदाजे चार अब्ज डॉलर्स भारतीय बाजारातून काढून घेतले. या माघारीमुळे रुपयावर दबाव निर्माण झाला आणि शेअर बाजारात अस्थिरता वाढली. देशाच्या आर्थिक स्थैर्याला अल्पकालीन वित्तीय भांडवलावर अवलंबून ठेवणे धोकादायक ठरू शकते.

भारत अजूनही कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, संरक्षण साहित्य आणि अनेक औद्योगिक कच्च्या मालासाठी मोठ्या प्रमाणावर आयातीवर अवलंबून आहे. रुपया कमकुवत झाला की या आयाती अधिक महाग होतात. इंधन महाग झाले की वाहतूक खर्च वाढतो, उत्पादन खर्च वाढतो आणि



शेवटी सर्व वस्तूंच्या किमती वाढतात. यामुळे महागाईचा दबाव वाढतो.महागाई ही आर्थिक संकल्पना नाही; ती थेट सामान्य जनतेच्या जीवनमानाशी संबंधित असते.

गेल्या काही वर्षांत अनेक भारतीय कंपन्यांनी परकीय चलनात मोठ्या प्रमाणावर कर्ज घेतले आहे. डॉलर मजबूत आणि रुपया कमकुवत झाला की या कर्जाची परतफेड अधिक महाग होते. त्यामुळे कंपन्यांच्या आर्थिक स्थितीवर ताण येतो. कर्जाची परतफेड न झाल्यास बँकांना तोटा सहन करावा लागतो आणि शेवटी सार्वजनिक क्षेत्रातील बँकांना सरकारकडून भांडवल पुरवठा करावा लागतो. याचा अप्रत्यक्ष बोजा करदात्यांवर पडतो. सैद्धांतिकदृष्ट्या पाहता कमकुवत चलनामुळे निर्यात वाढण्यास मदत होते. परंतु सध्याच्या जागतिक परिस्थितीत हा फायदा मर्यादित ठरत आहे. चलन बाजारातील अस्थिरता रोखण्यासाठी भारतीय रिझर्व्ह बँक वेळोवेळी डॉलर्सची विक्री करून हस्तक्षेप करत आहे. मात्र हा उपाय तात्पुरता असतो. त्यातून दीर्घकालीन स्थैर्य साध्य होऊ शकत नाही.

रुपयाची घसरण ही नवउदारमतवादी आर्थिक धोरणांच्या मर्यादांचे स्पष्ट लक्षण आहे. वित्तीय बाजारपेठेतील वाढीवर भर देताना उत्पादन क्षेत्र, रोजगारनिर्मिती आणि ग्रामीण अर्थव्यवस्थेला पुरेसे प्राधान्य दिले गेले नाही. यावर दीर्घकालीन उपाय म्हणून काही मूलभूत धोरणात्मक बदल आवश्यक आहेत. देशांतर्गत औद्योगिकीकरणाला चालना देणे, सार्वजनिक क्षेत्राची भूमिका मजबूत करणे, कृषी आणि ग्रामीण अर्थव्यवस्थेत गुंतवणूक वाढवणे आणि आयातीवर अवलंबित्व कमी करणे हे त्यातील प्रमुख घटक. वित्तीय बाजारपेठेवर प्रभावी नियमन आणणे आणि अल्पकालीन सट्टेबाज भांडवलावर नियंत्रण ठेवणेही आवश्यक आहे. अर्थव्यवस्थेचा केंद्रबिंदू वित्तीय नफ्याऐवजी उत्पादन, रोजगार आणि सामाजिक कल्याण यावर असायला हवा.

रुपयाची सध्याची घसरण ही भारताच्या विकास प्रारूपावरच गंभीर प्रश्न उपस्थित करते. जर अर्थव्यवस्था विदेशी वित्तीय भांडवलावर आणि आयातकेंद्री संरचनेवर अवलंबून राहिली तर अशी अस्थिरता पुन्हा पुन्हा निर्माण होईल.

आर्थिकवाढीचा खरा उद्देश केवळ बाजारपेठेतील निर्देशांक वाढवणे नसून सामान्य नागरिकांच्या जीवनमानात सुधारणा घडवणे हा असला पाहिजे तरच संभाव्य जागतिक अरिष्टापासून भारत वाचू शकेल.

drtuljapurkar@yahoo.com

जगभर

# अमेरिकेला पाककडूनच अण्वस्त्र हल्ल्याची भीती!

**ज्या अमेरिकेनं** पाकिस्तानला इतकी वर्षं पाठिंबा दिला, त्यांना मदत केली, तोच पाकिस्तान भविष्यात आपल्या जिवावर उठू शकेल असं आता अमेरिकेला वाटू लागलंय. खुद्द अमेरिकेच्याच तज्ज्ञांनी याबाबत अमेरिकेला घरचा अहेर दिलाय. अमेरिकेच्या गुप्तचर संस्थेच्या प्रमुख तुलसी गबार्ड यांनी याबाबत धोक्याचा इशारा दिला आहे आणि पाकिस्तानबाबत सांभाळून राहण्याचा सल्ला दिला आहे.

गबार्ड यांचं म्हणणं आहे, पाकिस्तान अशा लांब पल्ल्याची मिसाइल्स तयार करत आहे जी भविष्यात अमेरिकेपर्यंत हल्ला करू शकतात. त्यांच्या म्हणण्यानुसार रशिया-चीनही त्याच गटात आहेत. १० वर्षांनंतर १६,००० मिसाइल्स अमेरिकेवर हल्ला करू शकतील. त्यांनी वॉशिंग्टन डीसीमधील एका बैठकीत सांगितलं, येणाऱ्या काळात जगात धोकादायक मिसाइल्सची संख्या खूप वेगानं वाढण्याची शक्यता आहे. त्याची तयारी खूप जोरात सुरू आहे. इंटेलिजन्स कम्युनिटीच्या अंदाजानुसार सध्याच सुमारे तीन हजार मिसाइल्स आहेत, ज्यांच्यात अमेरिकेवर हल्ला करण्याची क्षमता आहे; पण २०३५ पर्यंत ही संख्या १६ हजारपेक्षा जास्त होऊ शकते.

गबार्ड यांच्या मते रशिया, चीन, उत्तर कोरिया, इराण आणि पाकिस्तानसारखे देश नवे मिसाइल तंत्रज्ञान आणि शस्त्रास्त्रांची निर्मिती करत आहेत. पाकिस्तान इंटरकॉन्टिनेंटल बॅलिस्टिक मिसाइल्स (ICBM) तयार करू शकतो, जी खूप दूरपर्यंत मारा करू शकतात. तसंच इराणही २०३५ पूर्वी अशी मिसाइल्स तयार करू शकतो.

गुप्तचर संस्थेच्या प्रमुख या नात्यानं चीन आणि रशियाचा त्यांना सर्वात मोठा आणि सततचा धोका जाणवतो. त्यांच्या मते हे देश असं प्रगत तंत्रज्ञान



विकसित करत आहेत, जे अमेरिकन मिसाइल डिफेन्स सिस्टम भेदू शकतं. अमेरिकेला उत्तर कोरियाकडूनही सायबर धोका आहे. त्यांच्या माहितीनुसार २०२५ मध्ये उत्तर कोरियानं क्रिप्टो करन्सी चोरीतून सुमारे दोन अब्ज डॉलर्स मिळवले, ज्यातून त्यांच्या शस्त्रास्त्र निर्मितीला निधी आणि गती मिळाली आहे.

अमेरिकन सिनेटमध्ये सादर करण्यात आलेल्या इंटेलिजन्स कम्युनिटीच्या 'ॲन्युअल थ्रेट असेसमेंट' अहवालानुसार भारत आणि पाकिस्तानमधील संबंधांमध्ये अणुयुद्धाचा धोका कायम आहे. ३४ पानांच्या या अहवालानुसार भारत आणि पाकिस्तान उघड युद्ध टाळू इच्छितात; पण सध्या अशी परिस्थिती आहे, ज्यात दहशतवादी घटक सतत संकट निर्माण करू शकतात.

भारत-पाकिस्तान संबंधांमध्ये अणुयुद्धाचा धोका यासाठी कायम आहे, कारण भूतकाळात जेव्हा हे दोन्ही अण्वस्त्र सज्ज देश आमने-सामने आले तेव्हा तणाव वाढण्याची शक्यता निर्माण झाली होती. अहवालात म्हटलं आहे, गेल्यावर्षी भारताच्या जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेशातील पहलगामजवळ झालेल्या दहशतवादी हल्ल्यानं दाखवून दिलं की असे हल्ले युद्धाची ठिणगी पेटवू शकतात. राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प यांच्या हस्तक्षेपामुळे त्यांच्यातील अणुतणाव कमी झाला होता आणि प्रत्यक्ष युद्ध टळलं असंही अहवालात म्हटलं आहे.

तुलसी गबार्ड यांनी राष्ट्राध्यक्षांना दिलेल्या गुप्त माहितीबद्दल विचारलेल्या प्रश्नांना वारंवार टाळल्यामुळे डेमोक्रॅट मात्र नाराज झाले.

करनीती

# मार्चअखेर- लक्षात ठेवा, महत्त्वाच्या गोष्टी..



**अर्जुन (काल्पनिक पात्र) :** कृष्णा, ३१ मार्च २०२६ पूर्वी प्रत्येक करदात्याने कोणती महत्त्वाची कामे पूर्ण करायला हवीत?

**कृष्ण (काल्पनिक पात्र): १.** ३१ मार्च २०२६ ही असेसमेंट इयर २०२१-२२ साठी अपडेटेड रिटर्न भरायची शेवटची तारीख आहे.

**२.** करदात्यांनी १ एप्रिल २०२६ पासून २०२६-२७ साठी नवीन इनव्हॉइस क्रमांक प्रणाली सुरू केली पाहिजे.

**३.** जर कोणत्याही करदात्याने ॲडव्हान्स टॅक्सची अंतिम रक्कम (१५ मार्च २०२६ रोजी देय) भरली नसेल किंवा कमी भरली असेल, तर ती ३१ मार्च २०२६ पूर्वी भरली पाहिजे.

**४.** करदाते आणि कर-कपात करणाऱ्यांसाठी, आर्थिक वर्षे २०१८-१९ ते २०२३-२४ या कालावधीची सुधारित टीडीएस रिटर्न सादर करण्याची अंतिम मुदत ३१ मार्च २०२६ आहे.

**५.** सर्व निर्यातक आणि खास आर्थिक क्षेत्रांमध्ये (SEZ) IGST न भरता शून्य दराच्या पुरवठा करणाऱ्या करदात्यांनी २०२६-२७ साठी नवीन LUT अर्ज केला पाहिजे.

**६.** व्यक्ती किंवा HUF, जिने व्यवसायात ₹१ कोटी किंवा व्यावसायिक उत्पन्नात ₹५० लाखांपेक्षा जास्त उलाढाल केली आहे, त्यांना १ एप्रिलपासून टीडीएस आणि टीसीएस कापण्याची जबाबदारी असेल.

**७.** ज्या करदात्यांनी जुन्या कर पद्धतीची निवड केली आहे त्यांनी कलम 80C, ८०D आणि ८०G अंतर्गत कपात मिळवण्यासाठी ३१ मार्चपूर्वी गुंतवणूक / दान करणे आवश्यक आहे.

**- उमेश शर्मा,** सीए

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

जेन झी

# 'झ्विगॅटो'चा नायक म्हणतो, 'हम मजबूर है, इसिलिए मजदूर है!'

**जेन-झींच्या रोजगाराच्या मार्गात अडथळे अनंत आहेत. मिलेनियल आणि जेन-झींची प्रचंड संख्या त्यांना रोजगाराशी संबंधित वाटाघाटीत मागे खेचते.**



राही श्रु. ग.
सीनिअर रिसर्च फेलो
जवाहरलाल नेहरू विद्यापीठ

**शेतमजुरांपासून** मोठ्या शहरांमधल्या कारखान्यांमध्ये काम करणाऱ्या कामगारांपर्यंत श्रमिकांची वेदना कधी वामनदादा कर्डक, तर कधी नारायण सुर्वेंच्या ओळींमधून वाहात आली आहे. गिरणी कामगारांपासून आजच्या 'गिग' कामगारांपर्यंत या वेदनेचा पोत एक असला तरी तिची नावं मात्र प्रत्येक काळात बदलत राहतात.

जेन-झी कमावते होण्याआधीच गेल्या दशकभरात त्यांच्या स्वागतासाठी बाजाराने आपला चेहरामोहरा बदलला आहे. आता कामगार, नोकरदार किंवा व्यावसायिक या ओळखींपलीकडे एका नव्या ओळखीसह आजचे तरुण रोजगाराकडे वळत आहेत. काही लोक या ओळखीला 'नो कॉलर' काम म्हणताहेत, तर काही स्वयंरोजगार. विविध ॲप्सच्या कंपन्यांसोबत ड्रायव्हर किंवा डिलिव्हरी काम करणाऱ्या कामगारांना आज ते जणू व्यावसायिक आहेत, असं स्वप्न दाखवलं जातं. या स्वप्नाच्या वेष्टणाआत मात्र शारीरिक श्रम करणाऱ्या इतर कामगारांसारखीच त्यांची परिस्थिती आहे.

मालक आणि कामगार अशा द्वैतापलीकडे आता 'प्लॅटफॉर्म' नावाचा तिसरा अदृश्य घटक या नव्या बाजारात उगवला आहे. इथे मालक तर मालक आहे, पण कामगाराला आता 'पार्टनर' असं नवं गोडगुलाबी नाव आहे. कंपनीच्या ॲप्लिकेशनच्या मंचावर स्वखुशीने 'लॉग इन' करणारे गिग कामगार हे स्वयंरोजगाराच्या जगातले नवे सदस्य आहेत, असा दावा या कंपन्यांचे मालक करतात. गावखेड्यांमधल्या रोजगाराच्या संधींच्या तुटवड्यामुळे किंवा इतर असंघटित शहरी श्रमिकांच्या हालअपेष्टांना कंटाळून हे 'नो कॉलर' पार्टनर याच स्वप्नासह या मंचांवर पाऊल ठेवतात. मात्र त्यांचा हा प्रवेश स्मार्टफोन



आणि दुचाकीसाठी कर्जांच्या ओझ्यासह झालेला असतो. कंपनी या कामामध्ये पार दरमहा पंचेचाळीस ते साठ हजार कमाईची जाहिरात करते, मात्र बहुसंख्य गिग कामगार तब्बल १२-१२ तास काम करूनही जेमतेम पंधरा ते वीस हजार कमावू शकतात.

गेल्यावर्षी २५ डिसेंबर आणि ३१ डिसेंबर या दोन दिवशी देशभरातल्या जवळपास तीन लाख गिग कामगारांनी देशव्यापी आंदोलन केलं. दिवसातून १४ तास काम करूनही केवळ ६००-७०० रुपये कमवू शकणारे हे कामगार या कंपन्यांकडे न्यूनतम वेतनाची मागणी करत होते. '१० मिनिटांत डिलिव्हरी'च्या मॉडेलमुळे झालेल्या सततच्या अपघातांचा हिशोब मागत होते. अकारण किंवा फुटकळ कारणांमुळे कधीही ब्लॉक होणाऱ्या आयडीचं काय करावं, हा सवाल करत होते. मालकांना व्यवसाय करताना सहजता यावी म्हणून कामगारांचा बळी देण्याच्या या नव्या भांडवली खेळीला गिग कामगारांनी धक्का दिला आणि देशभरात समानुभाव असणाऱ्या मध्यमवर्गाने त्यांना पाठिंबाही दिला. काही कंपन्यांनी या आंदोलनाचा परिणाम म्हणून '१० मिनिटांत डिलिव्हरी'चं आश्वासन मागे घेतलं.

मात्र, बहुसंख्य जेन-झींसाठीच्या रोजगाराच्या या मार्गावर अडथळे कितीतरी आहेत. मिलेनियल आणि जेन झी यांची प्रचंड संख्या त्यांना रोजगाराच्या मार्गावर वाटाघाटींमध्ये मागे खेचते. एकाने विरोध केला, तर त्याची जागा घेण्यासाठी हजारो हतबल तरुण रांगेत उभे आहेत, हे माहीत असल्यामुळे कंपन्या निर्धास्त आहेत. याच गिग कामगारांच्या प्रश्नावर २०२२ मध्ये आलेल्या नंदिता दास दिग्दर्शित 'झ्विगॅटो' सिनेमातला नायक म्हणतो, 'हम मजबूर है, इसिलिए मजदूर है!' एकमेकांचा हात धरूनच या मजबुरीला हरवण्याची ताकद मिळू शकते. प्रिकॅरिएट जेन-झींच्या संघटित समानुभावातच सर्वांसाठीच्या सुखकर भविष्याचं उत्तर आहे.

raheeshrutiganesh@gmail.com

तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे



हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे,
फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।

पंजाब केसरी संपादकीय

संरक्षक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी



आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

# नेपाल की नई सियासत

**नेपाल** की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला है। बालेन्द्र शाह के प्रधानमंत्री बनते ही नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली, पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक और पूर्व ऊर्जा मंत्री तथा नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खड़का को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की गिरफ्तारी के बाद विरोध-प्रदर्शन भी हुए हैं। इन पर आरोप है कि पिछले साल जेन-जी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में 77 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके लिए वे जिम्मेदार हैं। बालेन्द्र शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान वादा किया था कि जेन-जी आंदोलन के दौरान हुई मौतों के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी। पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का की गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए अभियान के तहत की गई है। दीपक खड़का पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी या सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किया। जेन-जी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान उनके घर से भारी मात्रा में नकदी और जले हुए नोट मिले थे। भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच दीपक खड़का के बिजनेस साम्राज्य की चर्चा पहले से ही होती रही है।

गिरफ्तारियों का सिलसिला एक विशेष आयोग की सिफारिशों को लागू करने के बाद शुरू हुआ है। यह आयोग पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में बनाया गया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में ओली, रमेश लेखक और तत्कालीन पुलिस प्रमुख चन्द्र कुबेर खापुंग पर केस चलाने की सिफारिश की है। जिन धाराओं के तहत केस बनाया गया है उनमें दोषी पाए जाने पर अधिकतम 10 साल की सजा हो सकती है। इन गिरफ्तारियों के चलते राजनीतिक तनाव पैदा हो गया है। के.पी. शर्मा ओली और उनकी पार्टी ने इसे बदले की राजनीति करार दिया है। जबकि नेपाली कांग्रेस ने चुप्पी साध ली है। अब महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या यह गिरफ्तारियां इंसाफ के लिए हैं या यह प्रतिशोध की राजनीति है। ये गिरफ्तारियां नेपाल के युवा लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक परीक्षा का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो इस बात का संकेत देती हैं कि यहां तक कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और मंत्रियों को भी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए जवाबदेह ठहराया जा सकता है, जो देश की अशांत राजनीति में एक दुर्लभ घटना है। बालेन्द्र शाह की नई सरकार के लिए, यह "जेनरेशन जेड शहीदों के लिए न्याय" के अपने प्रमुख चुनावी वादे को पूरा करता है जिससे उन युवाओं के बीच उसकी छवि मजबूत होती है जिन्होंने उसे भारी बहुमत से जीत दिलाई। हालांकि इससे ध्रुवीकरण और गहराने का खतरा है। यूएमएल के सड़क प्रदर्शन और संसद में नियोजित विरोध-प्रदर्शन चुनाव के बाद के नाजुक माहौल को अस्थिर कर सकते हैं और टकराव को जन्म दे सकते हैं। नेपाली कांग्रेस का सतर्क रुख संभावित अतिचार के खिलाफ व्यापक विपक्षी एकता में तब्दील हो सकता है। दीर्घकालिक और सफल अभियोजन से कानून का शासन मजबूत हो सकता है और भविष्य में होने वाली दमनकारी कार्रवाइयों को रोका जा सकता है लेकिन विफलता या पक्षपातपूर्ण रवैया जनता के विश्वास को कम कर सकता है और प्रतिशोध की राजनीति से जुड़ी साजिश की थ्यौरी को हवा दे सकता है। आर्थिक और सामाजिक रूप से लंबे समय तक अस्थिरता निवेशकों के विश्वास और चल रहे सुधारों को प्रभावित कर सकती है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यह जवाबदेही के प्रति नेपाल की प्रतिबद्धता को उजागर करता है लेकिन न्यायिक स्वतंत्रता पर सवाल खड़े करता है।

चारों ओर जमीन से घिरे इस हिमालयी देश में दशकों से राजनीतिक अस्थिरता व्याप्त है। 1990 के बाद 32 सरकारें सत्ता में आ चुकी हैं और उनमें से कोई भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई है। राजशाही के खात्मे के बाद नेपाल में गणतंत्र स्थापित हुआ लेकिन वह भी राजनीतिक स्थिरता लाने में विफल रहा, तब से सरकार में 15 बार बदलाव हो चुके हैं। सत्ता पूर्व माओवादी विद्रोही दल, उदारवादी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) और नेपाली कांग्रेस के बीच घूमती रही है।

चारों ओर जमीन से घिरे इस हिमालयी देश में दशकों से राजनीतिक अस्थिरता व्याप्त है। 1990 के बाद 32 सरकारें सत्ता में आ चुकी हैं और उनमें से कोई भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई है। राजशाही के खात्मे के बाद नेपाल में गणतंत्र स्थापित हुआ लेकिन वह भी राजनीतिक स्थिरता लाने में विफल रहा, तब से सरकार में 15 बार बदलाव हो चुके हैं। सत्ता पूर्व माओवादी विद्रोही दल, उदारवादी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) और नेपाली कांग्रेस के बीच घूमती रही है। खंडित राजनीति के कारण व्यापक जन उदासीनता फैल गई जिससे यह आम धारणा मजबूत हुई कि नेपाल का भ्रष्ट राजनीतिक वर्ग दुनिया के सबसे गरीब लोगों में से एक आम नागरिकों की दुर्दशा की परवाह नहीं करता है। पिछले वर्ष सितम्बर में भ्रष्टाचार विरोधी जेन-जी आंदोलन ने जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन किए और आंदोलन इतना उग्र हुआ कि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया गया। उसके बाद हुए संसदीय चुनावों में बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली आरएसपी को अपने बल पर प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ और सरकार बन गई।

प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के सामने कई चुनौतियां हैं। उनके सामने कर्जों की अदायगी, महंगाई और बेरोजगारी की बड़ी चुनौती है। यद्यपि ओली की गिरफ्तारी चीन के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। विश्लेषक इसे भारत के हित में मान सकते हैं, क्योंकि ओली के शासनकाल में नेपाल और भारत के संबंध बहुत कड़वे रहे। बालेन्द्र शाह को चीन और भारत में संतुलन कायम करके चलना होगा तो वहीं नौकरशाही को व्यवस्थित, कानून के शासन को सुनिश्चित और न्यायपालिका के मजबूत ढांचे को स्थापित करना होगा। नेपाली युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करना भी जरूरी है। खाड़ी युद्ध के चलते नेपाल में तेल और ऊर्जा की किल्लत भी बहुत बड़ी विपत्ति है। अगर उन्होंने मामलों को सही ढंग से सम्भाला और राजनीतिक स्थिरता कायम रही तो नेपाल प्रगति के पथ पर बढ़ेगा। अगर उनसे जरा सी भी चूक हुई तो व्यापक अशांति फैल सकती है। भारत नेपाल में लोकतांत्रिक सरकार का प्रबल समर्थक है लेकिन बदले की राजनीति नहीं होनी चाहिए। क्योंकि नेपाल में पूर्व में सरकारें बदलती रहीं लेकिन प्रतिशोध की राजनीति शुरू नहीं हुई इसलिए बालेन्द्र शाह को सतर्कता से काम लेना होगा।

## असभ्यता, अश्लीलता का दौर...



गीता पाढा

"असभ्यता, अश्लीलता का दौर समाज को भटका रहा है,
मनोरंजन के नाम पर बेढंगापन लोगों को पसंद आ रहा है,,
4-5 साल का बच्चा भी इन धुनों को गुनगुना रहा है,
मासूमियत का रंग कहीं गुम सा होता नजर आ रहा है,,
संस्कारों की बातें अब किताबी ज्ञान बनता जा रहा है,
गालियां और भद्दापन लोगों के आधुनिक होने का प्रमाण बता रहा है,,
जहां कभी कहानियां थीं सीख और सच्चाई की,
वहीं अब मोबाइल फोन बच्चों को दुनियादारी सीखा रहा है...।।"

# बलराज साहनी का भिक्षाटन और टैगोर की लाहौर यात्रा



डा. चन्द्र त्रिखा
chandertrikha@gmail.com

**शायद** यह बात कुछ अटपटी लगे, मगर तथ्य यही है बलराज साहनी और उनके भाई भीष्म साहनी को एक बार कुछ दिनों के लिए भिक्षा भी मांगनी पड़ी थी, मगर यह भिक्षाटन आर्थिक मजबूरियों के कारण नहीं था।

हुआ यूं कि बचपन में दोनों भाइयों को अपने पिता लाला हरबंस लाल साहनी ने शुरूआती शिक्षा एवं संस्कारों के लिए गुरुकुल में भेजा था। वहीं पर उन दोनों का यज्ञोपवीत संस्कार भी हुआ। बाल भी पूरी तरह मुंडवाए गए और बकायदा चोटी भी निकाली गई थी।

भीष्म साहनी बाद में अंग्रेजी साहित्य के प्राध्यापक नियुक्त हुए, अम्बाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में और बलराज साहनी बम्बई (अब मुम्बई) की फिल्मी दुनिया में प्रवेश से पूर्व शांति निकेतन में हिंदी प्राध्यापक के रूप में नौकरी करने लगे। मगर दो-तीन साल की नौकरी के बाद भीष्म साहनी भी दिल्ली में जा बसे। वहां सारिका व नई कहानियां सरीखी पत्रिकाओं का सम्पादन करने लगे।

भीष्म साहनी 1970-80 के दशक में एक बार अम्बाला छावनी आए थे तो उन्होंने बताया था कि वह कुछ समय वहां जीएमएन कॉलेज में पढ़ाते भी रहे थे। यद्यपि भीष्म अंग्रेजी साहित्य पढ़ाते थे, मगर कहानी लेखन हिंदी में करते थे। अम्बाला छावनी के माल रोड पर लम्बी सैर के मध्य उन्होंने बताया था, 'बचपन में मुझे गुरुकुल में ऋजुपाठ कंठस्थ कराया गया था और भाई बलराज साहनी को 'लघुकौमुदी' कंठस्थ कराया गया था। यज्ञोपवीत के बाद दोनों भाइयों को कुछ दिनों तक परंपरा के अनुसार भिक्षापात्र लेकर भिक्षा मांगने के लिए भी जाना पड़ा था। बाद में हम दोनों को रावलपिंडी के एक आर्य स्कूल में पढ़ने के लिए भेज दिया गया था। प्रारंभिक सरकारों की विचित्रता का उल्लेख करते हुए भीष्म साहनी ने बताया था कि एक बार आर्य समाज की अद्राध शताब्दी के अवसर पर पिता जी सारे परिवार को महर्षि दयानंद के गुरु स्वामी विरजानंद के टूटे-फूटे आवास में भी ले गए थे और हम दोनों भाइयों ने स्कूल में श्रवण कुमार के जीवन पर आधारित नाटक का मंच करने में भी लगाया गया था।

भीष्म साहनी से मेरी मुलाकातें बाद में दिल्ली में भी हुई थीं, जब वह एक कहानी पत्रिका 'नई कहानियां' के सम्पादक थे। वैचारिक बदलाव कैसे किसी भी व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाता है, इसका जीवंत विश्लेषण उन दिनों के साक्षात्कारों में भीष्म ने किया था। उन्होंने वे दिन भी दोहराए जब गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, अपने बलराज साहनी को साथ लेकर शांति निकेतन के लिए धन संग्रह का लक्ष्य लेकर लाहौर भी आए थे और रावलपिंडी भी गए थे। उन्होंने बताया, तब टैगोर को शांति निकेतन के लिए लाहौर के जिन बड़े लोगों ने वित्तीय मदद दी थी, उनमें स. दयाल सिंह मजीठिया (बाद में ट्रिब्यून-समूह के संस्थापक) और सर गंगाराम भी शामिल थे, वहीं पर लाहौर के एक हाल में गुरुदेव को कविता पाठ के लिए भी आमंत्रित किया गया था और उनकी कुछ कविताओं का हिंदी व अंग्रेजी में अनुवाद हरिवंश राय बच्चन व उनकी जीवनसंगिनी तेजी बच्चन ने प्रस्तुत किया था। फैज़ व एलिस और कासमी भी दर्शकों में मौजूद थे। उसी ब्रेडला हॉल में उदय शंकर व उनकी नृत्यमण्डली ने भी शांति निकेतन के लिए धन संग्रह हेतु अपनी प्रस्तुतियां दी थीं। बाद में यही ब्रेडला हॉल सरदार भगत सिंह व अन्य क्रांतिकारियों की गतिविधियों का गुप्त ठिकाना भी बना।





एक दिलचस्प संस्मरण यह भी था कि वहां की हीरामंडी की कुछ नृत्यांगनाओं और वेश्याओं ने भी गुरुदेव को शांति निकेतन के लिए अपनी ओर से कुछ नगदी व कुछ जेवर भेंट किए थे। उस दिन वहां गुरुदेव टैगोर द्वारा तत्कालीन वायसराय लार्ड चैम्स फोर्ड को लिखा गया 30 मई, 1919 का वह पत्र भी वितरित किया गया जिसमें उन्होंने लिखा था, 'अब समय आ गया है जब ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा प्रदान किए गए सम्मान, शर्मिंदगी का एहसास देने लगे और मैं अब संघर्षरत देशवासियों के साथ खड़ा होने में गर्व महसूस करता हूं' और यह भी इतिहास में दर्ज है कि टैगोर ने ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रदत्त 'नाइटहुड' व 'सर' की उपाधि भी जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार से आहत होकर लौटा दी थी।

इसी संदर्भ में गुरुदेव और बलराज साहनी के बीच हुआ वह संवाद भी चर्चा में बना रहा, जब बलराज साहनी ने गुरुदेव से स्नेहवश शिकायत की थी, 'आपने राष्ट्रगीत भी लिखे, राष्ट्रगान भी लिखे मगर 'विश्वगीत' नहीं लिखा।' तब गुरुदेव ने उत्तर दिया था, 'बलराज तुम शायद भूल गए, वह विश्व गीत तो लगभग 500 वर्ष पूर्व ही लिखा जा चुका है। तुम्हें याद होगा श्री गुरुनानक देव जी की 'गगन में थाल...' वाली आरती जो उन्होंने भाई मरदाना के साथ, पुरी के जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में गाई थी। वह विश्वगीत ही तो था। अब उसके बाद तो कुछ भी लिखा जाना सम्भव कहां है?

उन दिनों गुरुदेव का एक चित्र लाहौर के ही एक फोटोग्राफर निरंजन सिंह नकोदरी ने खींचा था। एक चित्र में गुरुदेव, मिलाप के सम्पादक व आर्य समाजी नेता महाश्य खुशहाल चंद अपने मेज़बान लाल धनीराम भल्ला व महात्मा हंसराज के साथ दिखाई दे रहे हैं।

परिस्थितियां व ऐतिहासिक संदर्भ गवाह है कि वर्तमान लाहौर जहां इन दिनों कट्टर आतंकी गुटों का बोलबाला है, एक समय भी भारतीय संस्कृति, कला व साहित्य का मुख्य केंद्र था। इसी शहर में स्वामी विवेकानंद के तीन दिन तक प्रवचन चले थे और गुरुदेव भी सात दिन वहां ठहरे थे।

# आओ अब जड़ों की ओर लौटें !



विनीत नारायण
www.vineetnarain.net

**जो** लोग एक्स (ट्विटर) पर गंभीर विषयों को तलाशते रहते हैं उन्हें पता है कि किस तरह बाजारू शक्तियां हमारे दैनिक जीवन पर शिकंजा कसती जा रही हैं। हमारे खाद्यान, सब्ज़ियां, फल व दूध ही नहीं, हमारी दवाईयां और वैक्सीन तक सब पर इन ताकतों का क़ब्ज़ा है। इनका उद्देश्य न तो हमें स्वस्थ रखना है और न ही सुखी। अरबों- खरबों रुपये का मुनाफा कमाना ही इनका उद्देश्य होता है। इनके लिए हम सब प्रयोगशाला के जानवर हैं, जिन पर ये लगातार खतरनाक परीक्षण करते रहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का ताना-बना इस तरह बुना जाता है कि दुनिया के तमाम देशों का नेतृत्व इन ताकतों के चंगुल में फंसा रहे और अपनी प्रजा के हितों का बलिदान करके भी इनके मुनाफ़े बढ़ाने में मदद करें। इन ताकतों का मुख्य केंद्र है अमरीका। ये सर्वविदित है कि अमरीका की शस्त्र उद्योग लॉबी अमरीकी शासकों को मोहरा बनाकर दुनियाभर में युद्ध करवाती रहती है जिससे उसका माल बिकता रहे। इन ताकतों के आगे अमरीका का सभ्य और सुसंस्कृत समाज भी लाचार है। 'एपस्टीन फाइल्स' में जिस क्रूर, पाशविक प्रवृत्तियों का खुलासा हुआ है। उसके बाद अमरीका के तमाम मशहूर बड़े लोग जेल के सीखचों के पीछे होने चाहिए थे, पर वहां ऐसा नहीं हो रहा। गोस्वामी तुलसीदास जी लिख गए हैं कि "समरथ को नहीं दोष गुसाईं"।

जिस तरह के संकट और महामारियां अब लगातार हमारे जनजीवन पर बार-बार हमला करने लगी हैं, उससे यह स्पष्ट है कि हमारा और हमारी अगली पीढ़ियों का भविष्य अंधकारमय है। राष्ट्र का 'सकल घरेलू उत्पादन' या आर्थिक वृद्धि की दर उस राष्ट्र के लोगों के सुखी और स्वस्थ होने का पैमाना नहीं होते। ये आंकड़े उन्हें मुट्ठीभर लोगों को हर्षित करते हैं जो देश के तीन चौथाई संसाधनों पर क़ब्ज़ा किए बैठे हैं, अगर लोगों की खुशहाली देखना है तो हमें पड़ोसी देश भूटान की ओर रुख करना पड़ेगा, जो अपनी प्रगति को 'सकल घरेलू उत्पादन' के पैमाने पर नहीं बल्कि 'सकल घरेलू उल्लास' (हैप्पीनेस इंडेक्स) के पैमाने पर नापता है। हमें अपने विकास की दिशा और दशा बदलनी चाहिए। देश के 5.5 लाख गांवों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करना चाहिए जिससे आम भारतीय बाजारू शक्तियों के मकड़ जाल से बच कर सुखी और स्वस्थ जीवन जी सके।

खाड़ी के देशों में चल रहा भयानक युद्ध, उससे निरंतर बढ़ता ऊर्जा संकट और वायु में घुलता ज़हर पूरी दुनिया के लिए हर दिन चिंता बढ़ा रहा है। इसका बुरा असर अर्थव्यवस्था और रोज़गार पर भी पड़ रहा है। समस्या भयावय होती जा रही है। हर घर में अनिश्चितता और हताशा बढ़ने लगी है। कुकिंग गैस पर से निर्भरता हटा कर गोबर के कंडों और लकड़ी पर लौटना पड़ सकता है। क्यों न इस दिशा में एक नई पहल की जाए। सनातन हिन्दू संस्कृति में गाय को मां माना जाता है। धर्म शास्त्र कहते हैं कि गाय में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है। गाय का दूध, उससे बना दही, छाछ, पनीर व घी स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। देशी गाय के गोबर और मूत्र के गुण वैज्ञानिक परीक्षणों से सिद्ध हो चुके हैं। सदियों से हर सनातनी के घर गौ पालन की प्रथा थी। पर शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली ने इस परंपरा को बहुत तेज़ी से नष्ट किया है। गौ वंश और कृषि आधारित जीवन आम भारतीय को स्वस्थ और सुखी रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ सिद्ध हुआ है। गत 79 वर्षों में हमारी सरकारों ने अगर इस अनुभव का लाभ उठाया होता और आर्थिक विकास के मॉडल को इस तरह दिशा दी होती की गांव का जीवन आत्मनिर्भर बनता तो शहरीकरण और उससे पैदा हुई हज़ारों चुनौतियां आज हमारे सामने मुंह बाय न खड़ी होती। गांव की लक्ष्मी गांव में रहती और गांव का युवा गांव में ही रोज़गार पाता तो करोड़ों भारतवासियों को गंदी बस्तियों में नारकीय जीवन न जीना पड़ता।



मुझे लगता है कि अगर गौ रक्षा के मामले में एक नई और समेकित सोच को केंद्र में रखते हुए विकास का मॉडल तैयार किया जाए तो गौ वंश और भूमिहीन परिवारों का बहुत कल्याण हो सकता है। ये कोरी कल्पना नहीं है। इस दिशा में हमने एक छोटा सा प्रयोग 20 बरस पहले मथुरा में करके देखा था। जिसके सकारात्मक परिणाम आए। हम इसे आगे इसलिए नहीं चला पाए, क्योंकि हमारी प्राथमिकता ब्रज के कृष्ण कालीन सरोवरों और वनों को बचाने की थी। ये मॉडल बहुत सरल है। देश के हर गांव में चरागाह की काफ़ी भूमि हुआ करती थी। वोटों की राजनीति ने उसकी बंदरबांट कर दी। फिर भी देश में 10,210,000 हैक्टर भूमि चरागाहों के लिए उपलब्ध है। जो देश के कुल भोगौलिक क्षेत्र की 3-4 फ़ीसद है। हर गांव में अनेक भूमिहीन परिवार होते हैं। जिन्हें 'मनरेगा' जैसी योजनाएं चलाकर, साल के कुछ दिन सरकार रोज़गार देती है। हर ज़िले में और उसके गांवों में ऐसे तमाम पढ़े-लिखे सक्षम नौजवान हैं जो सामाजिक कार्यों में रुचि लेते हैं। होना यह चाहिए कि गांव के भूमिहीन परिवारों की समिति बना कर उन्हें चरागाहों की भूमि पर चारा उगाने के काम में लगाया जाए। ये चारा फिर हर उस भूमिहीन परिवार को दिया जाए जिसे दानदाता और सरकार नक़द दान की जगह स्वस्थ देशी नस्ल की गाय नि:शुल्क उपलब्ध कराए। ये परिवार चरागाह में मेहनत करके आय प्राप्त करें और मुफ्त के चारे से अपने गौ वंश की सेवा करके उसके दुग्ध उत्पादन से अपने परिवार का पालन-पोषण करें और स्वस्थ जीवन जी सके। आज गांव बच्चों के मुंह में दूध नहीं जाता। गांव की छोड़िये देश के महानगरों तक में नकली दूध, घी, पनीर आदि का कारोबार खूब फलफूल रहा है। हम शहरी लोग ही दूध के नाम पर अपने बच्चों को ज़हर पिला रहे हैं। आज देश में जितना दूध पैदा हो रहा है उससे कई गुना उसकी खपत है। ऐसे में ये बकाया दूध कहां से आ रहा है?

दूध के नाम पर क्या पिलाया जा रहा है, इसकी चिंता किसी भी सरकार को नहीं है। छापे पड़ते हैं, नक़ली माल पकड़ा जाता है, खबर छपती है और मामले दबा दिए जाते हैं, इसलिए इस पूरी व्यवस्था पर पुनर्विचार करना आवश्यक है। हमने जब ये प्रयोग मथुरा में किया तो हमने दानदाताओं से कहा कि वे एक गाँव की चरागाह पर चारा उगाने में आर्थिक मदद करें और किसी को गौ सेवा के नाम पर धन का दान न करें। अपेक्षा के विपरीत हमें ऐसे अनेक उदारमना दानदाता मिल गए और उस गांव के समर्पित नौजवान भी। जिन्होंने इस प्रयोग को सफल बनाने में सहयोग किया। हमारा प्रयोग तो बहुत छोटे स्तर का था। पर आईआईटी और आईआईएम से पढ़कर और अमरीका में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की मोटे वेतन की नौकरियां छोड़कर कुछ नौजवान मध्य भारत में बहुत बड़े पैमाने पर इस मॉडल पर काम कर रहे हैं। उन्होंने हज़ारों ग़रीबों की ज़िंदगी खुशहाल बना दी और इस प्रक्रिया से उत्पन्न गोबर की खाद से बंजर पड़ी ज़मीनों में फलों के बड़े-बड़े बगीचे लगा दिए हैं। शुरू में उनका उपहास करने वाले और उनके रास्ते में रोड़े अटकाने वाले ताक़तवर लोग, नेता और अफसर अब उनके सामने हथियार डाल चुके हैं और उनके साथ सहयोग कर रहे हैं। इसलिए असंभव कुछ भी नहीं है। आवश्यकता है एक ईमानदार और उदार सोच की।

# पर्यटकों को लुभा रहा राजस्थान का संगमरमर अपशिष्ट निपटान क्षेत्र

**किशनगढ़, (राजस्थान),** (भाषा): सूरज की तेज रोशनी में अंतहीन सफेद मैदान, न चीड़ के पेड़, न ही हवा में ठंडक, फिर भी यह नजारा किसी पोस्टकार्ड जैसा लगता है। कई लोग बोलीविया के नमक के मैदानों, बर्फ से ढके गुलमर्ग या यहां तक कि खूबसूरत स्विट्जरलैंड जैसी कल्पना लिए इस दृश्य का दीदार करने आ रहे हैं। यह मनोरम स्थान फिल्मों के लिए भी एक लोकप्रिय गंतव्य बन गया है। लेकिन यह बर्फ जैसा दिखने वाला मैदान वास्तव में शुष्क राजस्थान में अजमेर जिले के किशनगढ़ स्थित एशिया का सबसे बड़ा संगमरमर अपशिष्ट निस्तारण स्थल है।



इस अपशिष्ट निस्तारण स्थल पर रोजाना लगभग 22 लाख लीटर संगमरमर के घोल से भरे 700 से अधिक टैंकर खाली किए जाते हैं। इस स्थान पर रोजाना कम से कम 5,000 पर्यटक आते हैं, जबकि सप्ताहांत और छुट्टियों के दौरान यह संख्या 20,000 तक पहुंच जाती है।

अपने सफेद रंग के कारण, 350 एकड़ में फैला यह संगमरर अपशिष्ट निस्तारण स्थल प्री-वेडिंग और व्यावसायिक शूट के लिए एक लोकप्रिय स्थान बन गया है। हालांकि, पर्यावरणविदों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इसे न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा बल्कि प्रदूषण का केंद्र भी बताया है।

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययनों में इसे 'विषाक्त पर्यटन स्थल' के रूप में चिह्नित किया गया है। इन अध्ययनों में अनियंत्रित रूप से कचरा निस्तारण के स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी प्रभावों का दस्तावेजीकरण किया गया है। ये चिंताएं राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) तक भी पहुंचीं, जिसने राज्य और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्यों सहित एक संयुक्त समिति का गठन किया।

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर लक्ष्मीकांत शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'इसके विशाल आकार और व्यापक प्रभाव के बावजूद, इस कचरा निस्तारण स्थल को बुनियादी पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का घोर उल्लंघन करते हुए संचालित किया जा रहा है। यहां न तो कोई सुनियोजित लाइनर प्रणाली (भूजल को प्रदूषित होने से रोकने के लिए बनाई जाने वाली संरचना) है, न ही अपशिष्ट निथारने वाले कुएं, न ही धूल नियंत्रण तंत्र, न ही वायु या भूजल की निगरानी और न ही कोई सुरक्षात्मक हरित पट्टी।'उन्होंने कहा, 'इन विफलताओं के कारण भूजल का गंभीर प्रदूषण, कृषि भूमि का क्षरण और धूल प्रदूषण का उच्च स्तर उत्पन्न हुआ है, जिससे जनस्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है।' शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के अध्ययनों में खुलासा हुआ है कि आसपास के जल स्रोतों में विषाक्तता कचरा निस्तारण स्थल छह किलोमीटर के दायरे में कुल घुलित ठोस पदार्थों की सुरक्षित सीमा से 10 गुना अधिक तक है। उन्होंने कहा, 'मिट्टी में लेड सिलिकेट की सांद्रता और पानी में नाइट्रेट एवं फ्लोराइड की सांद्रता सामान्य स्तर से कई गुना अधिक पाई गई, जो अत्यधिक प्रदूषण का संकेत है। हमारे अध्ययन में यह भी सामने आया कि पीएम2.5 की सांद्रता परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों की सीमा से अधिक है।' शर्मा ने कहा, 'चूंकि कचरे के कण 75 माइक्रोमीटर से भी छोटे हैं, इसलिए वे दूर-दूर तक फैल सकते हैं, जिससे मिट्टी बंजर हो जाती है। कई लोग सिलिकोसिस से पीड़ित हो सकते हैं। सरकार को स्थिति को बेकाबू होने से रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है।' किशनगढ़ संगमरमर उद्योग की स्थापना 1980 के दशक में हुई थी। लगभग 30 वर्ष पूर्व, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (आरआईआईसीओ) ने किशनगढ़ संगमरमर संघ (केएमए) को कचरा निस्तारण के लिए दो स्थान आवंटित किए थे और तभी पहली बार संगमरमर का अपशिष्ट यहां डाला गया था और घोल इतना जमा हो गया कि उससे सफेद पठार और पहाड़ बन गए। वर्तमान में शहर में संगमरमर कटाई की 1,200 से अधिक इकाइयां हैं। कई साल तक किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। यह जगह तब सुर्खियों में आई जब हास्य कलाकार कपिल शर्मा ने 2016 में अपनी पहली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं' के लिए यहां एक गाने की शूटिंग की।इसके बाद कई और मशहूर हस्तियों ने यहां शूटिंग की। नोरा फतेही ने अपने गाने 'छोड़ देंगे' की शूटिंग यहीं की, हनी सिंह और नुसरत भरूचा 'सैयां जी' के म्यूजिक वीडियो के लिए आए, और टाइगर श्रॉफ एवं श्रद्धा कपूर ने 'बागी 3' के लिए 'दस बहाने' गाने की शूटिंग की।

यह जगह प्री-वेडिंग फोटोग्राफरों का भी ध्यान आकर्षित कर रही है, जो सफेद परिदृश्य और नीले तालाबों के बीच जोड़ों की तस्वीरें लेने के लिए उन्हें यहां ला रहे हैं। केएमए ने इस संगमरमर अपशिष्ट निस्तारण स्थल को पर्यटन स्थल में बदलने का एक अभिनव मॉडल तैयार किया है, जिसमें अब एक हेलीपैड भी है। पर्यटकों के लिए प्रवेश नि:शुल्क है, लेकिन उन्हें लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित केएमए कार्यालय से पास प्राप्त करना आवश्यक है। डिजिटल कैमरा लेकर आने वाले आगंतुक को 500 रुपये का भुगतान करना होता है जबकि प्री-वेडिंग शूट का शुल्क 5,100 रुपये प्रति दिन है और व्यावसायिक शूट का शुल्क 21,000 रुपये प्रति दिन तक हो सकता है।केएमए अध्यक्ष सुधीर जैन ने कहा, 'इससे होने वाली आय का उपयोग संगमरमर अपशिष्ट निस्तारण स्थल के रखरखाव के लिए किया जाता है। हमने शूटिंग के वास्ते आने वालों के लिए चेंजिंग रूम बनाए हैं। यहां एक हेलीपैड भी है। रेस्तरां और मनोरंजन गतिविधियों के कई विकल्प मौजूद हैं। डंपिंग यार्ड ने किशनगढ़ को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर ला खड़ा किया है।' उन्होंने कहा, 'हमें किसी भी पर्यटक से स्वास्थ्य संबंधी कोई शिकायत नहीं मिली है। दरअसल, एनजीटी को भी यहां कुछ भी खतरनाक नहीं मिला। हमें इस क्षेत्र के रखरखाव के लिए कुछ दिशानिर्देश जारी किए गए हैं और हम उनका पालन करेंगे।' मौके पर पहुंचीं तो उन्हें वहां एक भी व्यक्ति मास्क पहने हुए नहीं मिला, लेकिन अभिभावकों के साथ आए कई बच्चे अपनी आंखें मलते हुए जरूर नजर आए। इस संगमरमर अपशिष्ट निस्तारण स्थल आने वाले पर्यटकों के लिए सबकुछ मौजूद है जैसे घोड़े, जीप, धूप के चश्मे और फोटो संबंधी अन्य चीजों के स्टॉल। इन गतिविधियों का संचालन करने वाले लोग अपने चेहरे तौलिये से और आंखों को धूप के चश्मे से ढके हुए नजर आए।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

कल्पमेधा

*हो सकता है विज्ञान ज्यादातर बुरी चीजों का हल निकाल ले, पर यह भी सच है कि विज्ञान उनमें से सबसे बुरी चीज का हल नहीं खोज पाया है… और वह है मनुष्य की उदासीनता, अनिच्छा।*

*– हेलेन केलर*

## राहत की सीमा

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उपजे संकट का असर जैसे-जैसे अपने पांव पसारता जा रहा है, वैसे-वैसे यह साफ हो रहा है कि इसकी सबसे गंभीर मार आम लोगों पर पड़ने वाली है। बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं की कीमतें चढ़नी शुरू हो गई हैं, उसमें बहुत सारे लोगों के लिए रोजमर्रा की जरूरी चीजों की खरीदारी करते हुए यह सोचने की जरूरत आ खड़ी हुई है कि युद्ध कब खत्म होगा और सामान्य स्थिति कब बहाल होगी। खासतौर पर पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर जिस तरह के हालात पैदा हुए हैं, उसमें स्थिति को सामान्य बनाए रखना सरकार की सबसे अहम प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दिशा में एक कदम उठाते हुए सरकार ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में दस-दस रुपए की कटौती की। यों इससे केवल तेल कंपनियों को राहत मिलेगी, लेकिन यह उम्मीद भी की जा सकती है कि फिलहाल आम लोगो के लिए उपलब्ध होने वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रह सकती हैं।

हालांकि ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद जिस तरह दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, उसकी वजह से वैश्विक पैमाने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। ऐसे में भारत में भी यह चुनौती खड़ी है कि इस समस्या के बीच आम लोगों को राहत देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। उत्पाद शुल्क में कटौती से खुले बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम को स्थिर रखने में मदद जरूर मिल सकती है, लेकिन अभी असली समस्या उपलब्धता की है। देश भर से ऐसी खबरें आई हैं कि पेट्रोल-डीजल के लिए लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। संकट ज्यादा गहराने की आशंका में पेट्रोल-डीजल की अतिरिक्त खरीदारी करने को लेकर भी एक तरह की होड़ देखी गई है। दूसरी ओर, रसोई गैस के सिलेंडरों की आपूर्ति जिस पैमाने पर बाधित हुई है, उसकी वजह से चौतरफा चिंता उभरी है। ऐसे बहुत सारे लोग हैं, जिनके पास रसोई गैस खत्म हो गई है और एजंसियों में इसकी उपलब्धता बेहद सीमित है।

घोषित तौर पर सरकार यह आश्वासन जरूर दे रही है कि घबराने की बात नहीं है, क्योंकि देश के पास तेल और गैस का पर्याप्त भंडार है। कच्चे तेल की खरीद के लिए सरकार ने अन्य विकल्पों की ओर भी देखा है। मगर हालत यह है कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी की गई, उसे हासिल करने के लिए अवधि का अंतराल बढ़ाया गया है, वाणिज्यिक सिलेंडर की भी आपूर्ति सीमित की गई है। उसके बावजूद बहुत सारे लोगों के सामने रसोई गैस सिलेंडर प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती बन गई है। कई जगहों से सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी की शिकायतें भी आईं। इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात करते हुए जमाखोरी और कालाबाजारी से सख्ती से निपटने को कहा है। मगर इतना तय है कि जब तक सरकार इस संकट के दौर में वैकल्पिक उपायों या फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक प्रयासों के जरिए तेल और गैस की आपूर्ति को सामान्य बनाने की व्यवस्था नहीं करती है, तब तक लोगों के बीच आशंका की स्थिति बनी रहेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार ने जिस तरह पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में कटौती करके कंपनियों को राहत दी है, उसी तरह आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतें नियंत्रण में रखने से लेकर रसोई गैस के सिलेंडरों की सहज आपूर्ति भी सुनिश्चित करेगी।

## बुनावट में खामी

इसमें दो राय नहीं कि सोशल मीडिया के आने से सूचना का प्रवाह तेज हुआ है, सार्वजनिक अभिव्यक्ति के नए अवसर खुले हैं और रचनात्मकता के प्रदर्शन को भी नया मंच मिला है। मगर सतर्कता और सावधानी न बरती जाए, तो कई बार तकनीक की सुविधा भी असुविधा बन जाती है। सोशल मीडिया को लेकर भी इसी तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। खासकर बच्चों और किशोरों पर इसका नकारात्मक प्रभाव ज्यादा देखने को मिल रहा है। अभी तक माना जा रहा था कि बच्चों का सोशल मीडिया पर बेरोक-टोक ज्यादा समय बिताने से वे इसके आदी हो रहे हैं, जिसका न केवल उनकी पढ़ाई पर असर पड़ रहा है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी पैदा हो रही हैं। मगर अमेरिका की एक अदालत की ओर से हाल में दिए गए फैसले में कहा गया कि बच्चों में सोशल मीडिया के इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति के लिए संबंधित कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। इन मंचों के डिजाइन में ऐसी खामियां हैं, जिसकी वजह से बच्चों को इनकी लत लग जाती है।

गौरतलब है कि आज के दौर में लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन है और सस्ते इंटरनेट की सुविधा ने आभासी दुनिया तक पहुंच को आसान बना दिया है। इसका सबसे ज्यादा और गहरा असर बच्चों एवं किशोरों पर पड़ रहा है। सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से उनमें चिंता, अवसाद, नींद की कमी और एकाग्रता में कमी जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। इसी के मद्देनजर अमेरिका में मेटा और गूगल के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से दलील दी गई कि सोशल मीडिया मंचों को तकनीकी तौर पर इस तरह से तैयार किया गया है कि वे बच्चों को इसके बार-बार इस्तेमाल के लिए ललचाते हैं। अदालत ने अपने फैसले में इस तथ्य को सही पाया और दोनों कंपनियों पर भारी जुर्माना भी लगाया। तकनीकी तौर पर भले ही यह पक्ष सही है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इस मामले में अभिभावकों की अपने बच्चों के प्रति जिम्मेदारी कम हो जाती है। बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर नजर रखना और समय सीमा तय करना जरूरी है, ताकि उन्हें इसके दुष्प्रभावों से दूर रखा जा सके।

# भविष्य की ऊर्जा का हरित विकल्प

**हरित हाइड्रोजन को भारत के ऊर्जा भविष्य का बड़ा विकल्प माना जा रहा है, मगर इसके सामने लागत, संसाधन और ढांचे की कई चुनौतियां हैं। सवाल है कि क्या यह विकल्प आम लोगों की जरूरतों से जुड़ेगा या सिर्फ बड़े उद्योगों तक सीमित रह जाएगा।**

**विजयशंकर चतुर्वेदी**

देश में ऊर्जा के वैकल्पिक उपायों के रूप में हरित हाइड्रोजन को भी शामिल किया गया है। हाल में आयोजित 'इंडिया एनर्जी वीक 2026' के मंच पर सरकार की ओर से यह संकेत दिया गया कि हरित हाइड्रोजन की लागत अब चार डालर प्रति किलोग्राम से नीचे आ चुकी है, हालांकि दो डालर प्रति किलोग्राम का लक्ष्य अभी भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या यह मौजूदा उत्साह जमीनी हकीकत में तब्दील हो पाएगा या फिर तय लक्ष्य कागजों पर ही रह जाएंगे? ऐसा इसलिए, क्योंकि इस बदलाव में उत्साह और संकोच दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। भारत की ऊर्जा व्यवस्था अभी भी काफी हद तक जीवाश्म ईंधन पर टिकी हुई है। देश अपनी तेल जरूरतों का 85-88 फीसद आयात करता है। रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर मध्य-पूर्व और पश्चिमी यूरोप के तनावों तक, वैश्विक हालात लगातार अस्थिर बने हुए हैं। यह स्थिति हमें ऊर्जा सुरक्षा के सवाल पर ला खड़ा करती है। विदेशी मुद्रा पर जब दबाव बढ़ता है, तो अर्थव्यवस्था भी इससे अछूती नहीं रहती। ऐसे में हरित हाइड्रोजन को ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जाना स्वाभाविक है।

राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन-2023 इस दिशा में एक बड़ा कदम है। मगर ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक जितनी सरल दिखती है, उसे पूरी तरह जमीन पर उतारना उतना ही कठिन है। वर्ष 2030 तक पांच मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य, 19,744 करोड़ रुपए का निवेश और 125 गीगावाट अतिरिक्त नवीकरणीय क्षमता- ये लक्ष्य इस बात के संकेत हैं कि सरकार इस क्षेत्र को लेकर गंभीर है। फरवरी, 2026 तक 18-19 कंपनियों को हरित हाइड्रोजन का करीब 8.62 लाख टन सालाना उत्पादन क्षमता का आबंटन किया जा चुका है। कांडला, तूतीकोरिन और परादीप जैसे बंदरगाहों को हाइड्रोजन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। कागजों पर यह पूरी योजना मजबूत और सोच-समझकर बनाई गई लगती है। मगर ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि लक्ष्य तय करना आसान है, पर उन्हें टिकाए रखना ही असली चुनौती है।

इस मिशन में लागत का सवाल अभी भी सबसे अहम है। आखिर हरित हाइड्रोजन कितने समय तक महंगी रहेगी। उद्योग जगत इसे अपनाने में पूरे उत्साह से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। स्पष्ट है कि जब तक लागत भरोसे के साथ नीचे नहीं आती, तब तक बड़े स्तर पर निवेश आसान नहीं होगा। सीधे शब्दों में कहें तो फिलहाल हरित हाइड्रोजन को अपनाना पर्यावरण की चिंता से जुड़ा फैसला है, न कि आर्थिक मजबूरी। बुनियादी ढांचे की कमी इस चुनौती को और बढ़ा देती है। हाइड्रोजन को सुरक्षित तरीके से जमा करना और एक जगह से दूसरी जगह ले जाना आसान नहीं है। इसके लिए खास पाइपलाइन, टैंक और सुरक्षा इंतजाम चाहिए। हाल में भारत और ब्रिटेन के बीच ऊर्जा सहयोग को लेकर बातचीत जरूर हुई है, लेकिन जमीन पर इसका ढांचा बनने में समय लगेगा। यहां संसाधनों के सवाल पर भी ध्यान देना जरूरी है। एक किलोग्राम हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए करीब नौ लीटर पानी चाहिए। ऐसे में राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों, महाराष्ट्र के



मराठवाड़ा या दक्षिण भारत के सूखा-प्रभावित इलाकों में बड़े संयंत्र लगाना आसान नहीं होगा। इसी तरह, बड़ी सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर गुजरात के कच्छ, राजस्थान के जैसलमेर-बाड़मेर और कर्नाटक के कुछ इलाकों में किसानों तथा चरवाहा समुदायों के बीच चिंता एवं विरोध भी देखा गया है।

कर्नाटकात काँग्रेस सरकारने हा निर्णय घेतला हे विशेष. कारण भाषिक वादात पडण्याचे काँग्रेसने राष्ट्रीय पातळीवर तरी टाळले होते. केरळच्या डाव्या आघाडी सरकारने मल्याळमला अधिकृत भाषेचा दर्जा देण्याचा कायदा अलीकडेच केला. केरळात त्रिभाषा सूत्र लागू असले तरी शिक्षणात तिसरी भाषा म्हणून हिंदी सक्तीला राज्यात विरोध आहे. केंद्रातील भाजप सरकारने लागू केलेल्या राष्ट्रीय शैक्षणिक धोरणात त्रिभाषा सूत्राचा समावेश करण्यात आला आहे. तमिळनाडूतील द्रमुक सरकारने त्रिभाषा सूत्र लागू करण्यास ठाम विरोध केला. सरकारच्या हिंदी सक्तीच्या विरोधास सर्व राजकीय पक्षांनी पाठिंबा दर्शविला हे अधिक महत्त्वाचे. कर्नाटकात त्रिभाषा सूत्र लागू असले तरी कानडी आणि इंग्रजी वगळता तिसऱ्या भाषेची सक्ती नसेल. याचा फटका सीमाभागातील मराठी मुलांना बसू शकतो. कर्नाटकात तिसरी भाषा म्हणून हिंदी, मराठी, तेलुगू, तमिळ अशा भाषा शिकवल्या जातात. कर्नाटकात सरकार कोणतेही असले तरी सीमा भागात मराठीची गळचेपी केली जाते. आता तर तिसऱ्या भाषेची सक्ती रद्द करण्यात आल्याने मराठी विद्यार्थ्यांवर त्याचा अधिक परिणाम होईल.

उत्तर भारतात हिंदी - इंग्रजी या दोन भाषा वगळता तिसरी भाषा सर्वत्र शिकविली जातेच असे नाही. काही ठिकाणी तिसरी भाषा म्हणून संस्कृत शिकविली जाते. उत्तर भारतात दाक्षिणात्य भाषेची सक्ती केली जात नाही, मग दक्षिणेकडील राज्यांत तिसरी भाषा म्हणून हिंदी सक्तीची का, असा सवाल दक्षिणेतील नेत्यांकडून केला जातो. हिंदी सक्तीच्या मुद्द्यावर तमिळनाडूतील द्रमुक सरकारने केंद्र सरकारशी संघर्ष केला. त्यातून समग्र शिक्षा अभियानातील तमिळनाडूच्या वाट्याचे सुमारे अडीच हजार कोटी केंद्राने रोखून धरले आहेत. ‘हिंदी शिकण्यास आमचा विरोध नाही. फक्त हिंदीची सक्ती करू नका, अशी भूमिका द्रमुकचे मंत्री पलानीवेल थिगा राजन ऊर्फ पीटीआर यांनी केला आहे. कर्नाटकात तिसरी भाषा म्हणून हिंदीला कन्नड संघटनांनी विरोध करताच काँग्रेसच्या सिद्धरामय्या सरकारने ही मागणी मान्य केली. ‘नम्मा बेंगळुरू’ या मेट्रोच्या स्थानकांवर हिंदीमधील फलक कन्नड संघटनांच्या विरोधानंतर यापूर्वी हटवण्यात आले होते. कानडी बोलण्यास नकार देऊन ‘फक्त हिंदी बोलेन’ अशी भूमिका घेणाऱ्या बंगळुरूमधील महिला बँक अधिकाऱ्याच्या वर्तनाचा कर्नाटकच्या मुख्यमंत्र्यांनी निषेध केला होता.

महाराष्ट्रात तिसरी भाषा म्हणून हिंदी सक्तीला विरोध झाला. गेले वर्ष पालिका निवडणुकांचे असल्याने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यांनी वा त्यांच्या सरकारने तिसऱ्या भाषेचा विषय ताणून धरला नाही. तिसऱ्या भाषेच्या पर्यायासाठी नेमलेल्या डॉ. नरेंद्र जाधव समितीने आपला अहवाल सरकारला (बहुधा सरकारला हवा तसा) सादर केला आहे. राज्यात तिसरी भाषा लागू करण्याचे सूतोवाच फडणवीस यांनी त्यापूर्वीच केले होते. यामुळे पुढील शैक्षणिक वर्षापासून इयत्ता तिसरीपासून हिंदी सक्ती केली जाऊ शकते. त्रिभाषा सूत्रालाच आव्हान देण्याची धमक दाखवणाऱ्या तमिळनाडू वा कर्नाटकइतका महाराष्ट्रात अस्मितेचा मुद्दा प्रभावी ठरत नाही. मग कोणताही निर्णय रेटून नेणाऱ्या भाजपची सरशी होते.

# शिक्षक भरतीविषयक निकालातून ‘खुल्या’ प्रवर्गाची नव्याने मांडणी कशी?

विश्लेषण

तुषार धारकर
tushar.dharkar@expressindia. com

**पात्रता परीक्षेत सवलत घेतलेल्या उमेदवारांना ‘ओपन’ प्रवर्गात स्थान मिळू शकते का, या प्रश्नावर महाराष्ट्रातील शिक्षक भरतीसंदर्भात सर्वोच्च न्यायालयाचा ताजा निर्णय पात्रता, सवलत आणि गुणवत्ता या संकल्पनांना भिडणारा, म्हणून दूरगामी आहे...**

**नेमका वाद काय होता?**

प्रकरणाची सुरुवात महाराष्ट्रातील शिक्षक भरती (टीएआयटी-२०२२) प्रक्रियेत तयार करण्यात आलेल्या गुणवत्ता यादीपासून झाली. आरक्षित प्रवर्गातील काही उमेदवारांनी टीईटी ही पात्रता परीक्षा सवलतीच्या गुणांवर उत्तीर्ण केली होती; मात्र टीएआयटी या मुख्य परीक्षेत त्यांनी ‘खुल्या’ प्रवर्गातील अंतिम यादीत निवडलेल्या उमेदवारापेक्षा अधिक गुण मिळवले होते. तरीही, प्रशासनाने त्यांना ‘खुल्या’ प्रवर्गात समाविष्ट न करता त्यांच्या मूळ आरक्षित प्रवर्गातच ठेवले. या निर्णयाला आव्हान देणाऱ्या संबंधित उमेदवारांनी मुंबई उच्च न्यायालयाच्या औरंगाबाद खंडपीठात याचिका दाखल केली; मात्र उच्च न्यायालयाने या याचिका फेटाळून लावत प्रशासनाचा निर्णय योग्य ठरवला.

त्यानंतर या उमेदवारांनी सर्वोच्च न्यायालयात दाद मागितली. सर्वोच्च न्यायालयासमोर त्यामुळे मूळ प्रश्न असा निर्माण झाला की, पात्रता परीक्षेत (टीईटी) सवलत घेतलेल्या आरक्षित प्रवर्गातील उमेदवाराला, मुख्य निवड प्रक्रियेत (टीएआयटी) अधिक गुण मिळाल्यास ‘खुल्या’ प्रवर्गात स्थान मिळू शकते का? या प्रश्नाचे उत्तर देताना न्यायालयाने पात्रता आणि गुणवत्ता यांतील मूलभूत भेद स्पष्ट करत उच्च न्यायालयाचा निर्णय रद्द केला. सर्वोच्च न्यायालायाच्या या निकालाचे परिणाम दूरगामी ठरतील.

**‘पात्रता’ व ‘गुणवत्ता’ : व्याख्या काय?**

न्यायालयाने या निर्णयात अत्यंत मूलभूत आणि महत्त्वाचा भेद अधोरेखित केला, टीईटी ही केवळ किमान पात्रता निश्चित करणारी परीक्षा आहे, तर टीएआयटी ही अंतिम गुणवत्ता ठरवणारी मुख्य परीक्षा आहे. पात्रता परीक्षेत दिलेली सवलत ही उमेदवाराला स्पर्धेत सहभागी होण्याची संधी देते, मात्र अंतिम निवड प्रक्रियेत ती कोणताही अतिरिक्त फायदा देत नाही. सवलत ही प्रारंभीच्या अडथळ्यांवर मात करण्यासाठी असते, अंतिम स्पर्धा मात्र पूर्णपणे समानच असते.

**‘खुल्या’ प्रवर्गाची संकल्पना काय?**

या निर्णयातून ‘खुल्या’ प्रवर्गाची व्याख्या अधिक स्पष्ट झाली आहे. न्यायालयाने अधोरेखित केले की, खुला प्रवर्ग हा कोणत्याही विशिष्ट सामाजिक गटासाठी राखीव नाही. त्यामुळे, आरक्षित प्रवर्गातील उमेदवाराने अधिक गुण मिळवले असल्यास त्याला खुल्या प्रवर्गात स्थान मिळण्यास कोणताही कायदेशीर अडथळा नसतो. ‘ओपन’ आणि ‘जनरल’ हे समानार्थी नाहीत, ‘जनरल’ हा सामाजिक वर्ग आहे, तर ‘ओपन’ ही स्पर्धात्मक श्रेणी आहे. या दृष्टिकोनामुळे आरक्षण व्यवस्थेतील मूलभूत तत्त्व, संधीची समानता आणि गुणवत्तेचा सन्मान, यांचा समतोल राखला जातो.

**कोणत्या परिस्थितीत ‘इथून तिथे’ शक्य वा अशक्य?**

न्यायालयाने या प्रकरणातून ‘आरक्षित प्रवर्गातून खुल्या प्रवर्गात/वा उलट’ ये-जा करण्यासंदर्भात (मायग्रेशनसंदर्भात) काही स्पष्ट निकष मांडले आहेत. जर सवलत केवळ पात्रतेपुरती मर्यादित असेल, अंतिम निवड समान निकषांवर होत असेल, तसेच भरती नियमांमध्ये स्पष्ट मनाई नसेल, तर आरक्षित प्रवर्गातील उमेदवाराला ‘ओपन’ प्रवर्गात जाण्याचा अधिकार मिळतो. मात्र, जर उमेदवाराने मूलभूत पात्रतेची अटच पूर्ण केलेली नसेल, किंवा सवलत थेट गुणवत्तेवर परिणाम करत असेल,वा भरती नियमांमध्ये स्पष्ट बंदी असेल, तर मायग्रेशन शक्य होत नाही. या प्रकरणात महाराष्ट्राच्या नियमांमध्ये अशी कोणतीही स्पष्ट बंदी नव्हती, त्यामुळे प्रशासनाने नंतर जारी केलेल्या सूचनांच्या आधारे उमेदवारांना वगळणे चुकीचे ठरले.

**निर्णयाचा संभाव्य परिणाम काय?**

या निर्णयाचे परिणाम केवळ शिक्षक भरतीपुरते मर्यादित राहणार नाहीत. विविध स्पर्धा परीक्षा आणि सरकारी भरती प्रक्रियांमध्ये पात्रता आणि गुणवत्ता यांतील भेद अधिक स्पष्टपणे मांडावा लागेल. प्रशासनाला भरती नियम अधिक स्पष्ट आणि सुसंगत ठेवावे लागतील, कारण नियमांमध्ये स्पष्ट मनाई नसताना अतिरिक्त अटी घालता येणार नाहीत, हे न्यायालयाने अधोरेखित केले आहे. तसेच, ‘सवलत म्हणजे दुहेरी लाभ’ हा युक्तिवाद भविष्यात सहजपणे ग्राह्य धरला जाणार नाही. या निर्णयामुळे आरक्षण व्यवस्थेवरील गैरसमज कमी होऊन गुणवत्ता-आधारित निवडीला अधिक बळ मिळण्याची शक्यता आहे. सर्वोच्च न्यायालयाने या निर्णयातून एक संतुलित आणि तर्कशुद्ध भूमिका मांडली आहे. सवलत ही संधीसाठी, तर अंतिम निवड ही केवळ गुणवत्तेसाठी असावी.

हर मुश्किल, असफलता और दुख अपने साथ उतनी ही मात्रा में खुशियां भी लेकर आता है। - नेपोलियन हिल

**पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच हूती विद्रोहियों के दखल से जहां इस संघर्ष में एक नया मोर्चा खुल गया है, वहीं वैश्विक बाजारों में पहले से ही चल रही उथल-पुथल के और ज्यादा बढ़ने से ईंधन की कीमतों में और बढ़ोतरी होने की आशंका भी बढ़ गई है।**

# गहराता संकट



पिछले एक महीने से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में शनिवार को हूती विद्रोहियों के दखल से जहां इस युद्ध में एक नया मोर्चा खुल गया है, वहीं बाजारों में पहले से ही चल रही उथल-पुथल के और ज्यादा बढ़ने की आशंका भी पैदा हो गई है। गौरतलब है कि इस्लामी विद्रोही गुट हूती ने इस्राइल के रणनीतिक सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइल दागने के बाद यह चेतावनी भी जारी की, कि उनके हमले तब तक जारी रहेंगे, जब तक ईरान के खिलाफ आक्रामकता बंद नहीं हो जाती। वर्ष 2014 से ही हूती उत्तर-पश्चिमी यमन पर कब्जा जमाए हुए है, जिसके चलते होर्मुज मार्ग से इतर एक अन्य प्रमुख व्यापारिक मार्ग लाल सागर पर इसका नियंत्रण है। गौरतलब है कि फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए गाजा संघर्ष के दौरान लाल सागर और अदन की खाड़ी से होते हुए स्वेज नहर की ओर जाने वाले मालवाहक जहाजों पर हूती ने लगातार हमला किया था। शनिवार से पहले, जब हूती विद्रोही इस ताजा संघर्ष से दूर थे, तो होर्मुज मार्ग बंद होने के कारण लाल सागर का महत्व और भी बढ़ गया था। सऊदी अरब ने अपने तेल निर्यात का एक बड़ा हिस्सा लाल सागर के यानबू बंदरगाह की ओर मोड़ दिया था, ताकि वह होर्मुज मार्ग से बच सके। लेकिन, अब जबकि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को शत्रु देशों के लिए बंद कर दिया है, तो ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के फिर से लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर हमले की आशंका बढ़ गई है। इसके अलावा, यह भी ध्यान देने वाली बात है कि हूतियों द्वारा ये हमले तब किए गए हैं, जब अमेरिका और ईरान के बीच परोक्ष रूप से वार्ता शुरू होने की खबरें हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने संकेत दिया है कि कुछ ही हफ्तों में युद्ध खत्म हो सकता है। खुद ट्रंप ने भी यह संकेत दिया है कि ईरान में उनके प्रशासन ने लक्ष्य हासिल कर लिए हैं, और इशारा किया है कि युद्ध तय समय-सीमा के भीतर समाप्त हो सकता है। ऐसे में, इस संघर्ष में हूती के शामिल होने से शांति वार्ता की उम्मीद धूमिल लग रही है। सबसे अहम बात यह है कि अगर युद्ध खत्म भी हो गया, तो इस युद्ध का असर लंबे समय तक बना रहेगा, क्योंकि आपूर्ति शृंखला में रुकावटें और युद्ध के विनाश का असर जल्दी खत्म होने वाला नहीं है। जैसे-जैसे अमेरिका मध्यावधि चुनावों की तरफ बढ़ रहा है, ट्रंप प्रशासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर नो किंग्स प्रदर्शन बढ़ रहे हैं, जिससे ट्रंप और उनकी पार्टी की चुनौतियां और भी बढ़ सकती हैं। पश्चिम एशिया का संकट जिस ओर बढ़ रहा है, उससे दुनिया एक दीर्घकालिक युद्ध की ओर बढ़ती दिख रही है। अगर वक्त रहते इस आग को नहीं बुझाया गया, तो इसके दुष्परिणाम न केवल पश्चिम एशिया, बल्कि पूरी दुनिया को भुगतने पड़ सकते हैं।

# नैतिकता का गुरुत्व

**यूपीएससी के नतीजों और उसके आस-पास का शोर एक ऐसा माहौल बनाता है, जहां उम्मीदवारों का हर शब्द 'ईश्वरीय' लगता है। लेकिन इस बीच वायरल होने की लत कुछ ऐसे भी प्रतियोगियों की कहानी लेकर आई, जो अपनी सफलता की झूठी खबर को थोड़ी देर के लिए ही सही, पर कैद कर देना चाहते थे।**

इस लेख की शुरुआत पॉटर स्टीवर्ट के इस कथन से, 'नैतिकता यह जानने में है कि आपके पास क्या करने का अधिकार है और क्या करना सही है।' वह इसलिए कि सिविल सर्विसेज के परिणाम इस बार कुछ ऐसे भी सत्य लेकर आए, जिनको झुठलाना संभव नहीं रहा। जो प्रतियोगी इस परीक्षा में सफल हुए, वे उस खुशी, मान-सम्मान और शोर का हिस्सा बने, जो उनकी गौरव-गाथा की प्रतिध्वनि थी और जो कुछेक नंबरों से रह गए, वे भी किसी से कमतर नहीं थे। न अपने ज्ञान में, न समर्पण में और न संघर्ष में। उन्होंने परिणाम को वीरों की भांति स्वीकार किया और फिर अपनी मंजिल की तलाश में जुट गए होंगे। लेकिन इस बीच फेक न्यूज और वायरल होने की लत कुछ ऐसे भी प्रतियोगियों की कहानी लेकर आई, जो अपनी विफलता के परिणाम को थोड़ी देर के लिए ही सही, पर कैद कर देना चाहते थे।



नन्दितेश निलय
स्पीकर, लेखक एवं एथिक्स प्रशिक्षक

इस परीक्षा को लेकर उन प्रतियोगियों की ऐसी वायरल होती प्रतिक्रिया पॉवर के प्रति सामाजिक आकर्षण की पटकथा लिख गई। वे पास हुए नहीं और फेल उनको भाया नहीं। और जो सूझा, वह वायरल होने का भाव था। और इसलिए परीक्षा के परिणाम आते ही कुछ प्रतियोगी यह ठान बैठे थे कि गर जीत नहीं हुई, तो क्या हुआ, वायरल तो हुआ जा सकता है। आखिर बिन परदों के भी तो मकान होते हैं और खुद्दारी के बिना भी तो यह दुनिया चलती है। एक के बाद एक, खबरें वायरल होती रहीं, ढोल-नगाड़े बजते रहे, पर कहीं-न-कहीं कोई खामोशी वह सत्य बयां कर रही थी ।

आजादी के बाद से, इस परीक्षा की सफलता की दर बहुत कम रही है, लगभग 0.53 फीसदी, और हाल के वर्षों में तो यह अक्सर 0.1-0.2 फीसदी तक ही रह गई है। दिनों-दिन मुश्किल होती यह परीक्षा लाखों उम्मीदवारों से छनकर हजार रिक्तियों में सिमट जाती है। ऐसे में किसी का चूक जाना आश्चर्य नहीं, लेकिन सत्य जानकर भी अपनी असत्यता



ओढ़े बस वायरल हो जाना क्या उचित है? यूपीएससी के नतीजों और उसके आस-पास मचे शोर-शराबे ने एक ऐसा माहौल बना दिया, जहां उम्मीदवारों का हर शब्द 'ईश्वरीय' लग रहा था और हर कोई उन पर आंख मूंदकर भरोसा कर रहा था। हालांकि, किसी ने कभी यह नहीं सोचा कि उनके शब्दों की एक नैतिक जांच की जरूरत है, क्योंकि वे दावे सच नहीं थे। और इससे भी ज्यादा निराशाजनक बात यह देखना रहा कि वे लगातार उस परिणाम पर अपना हक जताते रहे, जो किसी और का था और यह जानते हुए भी कि जब सच सामने आएगा, तो कोहरा कितना गहरा होगा, वे नहीं झिझके। शायद इंस्टेंट ग्रेटिफिकेशन की दुनिया में सबकुछ रील-सा हो जाता है।

जब एरिक बर्न 'अहं-अवस्थाओं' या ईगो स्टेट्स' पर चर्चा कर रहे थे, तो उन्होंने शायद यह उम्मीद नहीं की होगी कि एक दिन सार्वजनिक बातचीत में किसी व्यक्ति की 'बाल-अवस्था' या 'चाइल्ड स्टेट' उसकी 'वयस्क-अवस्था' या 'एडल्ट स्टेट' पर हावी हो जाएगी। वह 'बाल-अवस्था' हाल ही में तब देखने को मिली, जब एक के बाद एक सिविल सर्विसेज के उम्मीदवार समाज से वाहवाही लूटने के लिए अपनी पूरी चालाकी और तिकड़मों का इस्तेमाल कर रहे थे। हालांकि, सफलता का वह शोर जल्द ही शांत हो गया, क्योंकि वह झूठ की नींव पर खड़ा था; और जो भी तथ्य पेश किए गए थे, वे असली नहीं, बल्कि मनगढ़ंत थे। अपनी असफलता को स्वीकार करने के बजाय, उन उम्मीदवारों ने नतीजों को प्रलोभन के झूठे धागों में लपेटना चुना और एक ऐसे रास्ते पर चल पड़े, जो जोखिम भरा था और जिससे उस व्यक्ति के साथ-साथ उस संस्था की विश्वसनीयता भी कम हो रही थी। यह कुछ हिटलर के मंत्री जोसेफ गोएबल्स के 'भ्रमित करने वाले सत्य के प्रभाव' से प्रेरित होने जैसा था। यहां एक सीधा-सा सवाल उठता है : क्यों? कोई भी उम्मीदवार ऐसा गलत काम क्यों करेगा, जिसका नतीजा अंततः उन परीक्षाओं और उम्मीदवारों, दोनों की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंचाना ही है?

जब इन्सान को बोलने और सुनने, और बाद में समझने और समीक्षा करने का मौका मिला, तो यह 'होमो सेपियंस' (आधुनिक मानव) के लिए अपने पर्यावरण से जुड़ने और तालमेल बिठाने का एक बेहतरीन अवसर बन गया। संवाद करने की क्षमता ने ही 'एक जीव' होने के सही अर्थ को परिभाषित किया। लेकिन इन्सान के पास एक अतिरिक्त बढ़त थी। जैसा कि हरारी ने कहा है, 'सैपियंस की सचमुच अनोखी खासियत यह है कि हम काल्पनिक कहानियां गढ़ सकते हैं और उन पर यकीन कर सकते हैं। बाकी सभी जानवर अपनी बातचीत की प्रणाली का इस्तेमाल असलियत को बताने के लिए करते हैं। हम अपनी बातचीत की प्रणाली का इस्तेमाल नई असलियतें गढ़ने के लिए करते हैं।' और उन नई असलियतों को सिर्फ तभी खोजा और समझाया जा सकता है, जब हम अपने झूठे अहंकार या बड़प्पन के लिए कोई गलत रास्ता न चुनें, बल्कि दिखावा करने के बजाय अपने बर्ताव में सच्चे रहें।

ईमानदारी वह आंतरिक मूल्य है, जो पूर्णता में अधिक विश्वास रखता है, और उस नैतिक निरंतरता को बनाए रखता है, जो मानवीय मूल्यों के सार्वभौमिक सिद्धांतों को दृढ़ता से थामे रखती है। आइए हम फिर से उसी मार्ग पर लौटें, क्योंकि केवल मनुष्य ही अपनी समीक्षा कर सकता है, मनुष्य ही पश्चाताप कर सकता है, और मनुष्य ही स्वयं को बदल सकता है। यह मनुष्य होने का भाव ही तो मानव समाज में जानवरों तक को यह समझा बैठा है कि मनुष्य पर भरोसा किया जा सकता है। तो फिर क्यों उन प्रतियोगियों ने उस रास्ते को चुना, जो वायरल तो था, लेकिन अनैतिक भी? भले ही उनका चयन नहीं हुआ, पर उन्होंने तैयारी तो की ही होगी। फिर अपने उस संघर्ष को इतना हल्का क्यों कर दिया? आखिर यह समाज उनके संघर्ष से भी तो प्रेरित होता। इसलिए यह समय उनके लिए, सभी के लिए, अपनी समीक्षा करने, पश्चाताप करने और एक बेहतर इन्सान बनने का सबसे उपयुक्त समय है। ऐसी जागरूकता 'द्वैत' और 'अद्वैत' के बीच की खाई को पाट देती है, और हर जगह अपनी विशाल उपस्थिति दर्ज कराती है। यह हमें हमारे गहरे और उच्चतर 'स्व' के और करीब ले जाती है, जो हमें उस 'सॉक्रिटिक विजडम' के इर्द-गिर्द रखता है, कुछ उस आत्म-परीक्षण के समीप, जहां नैतिकता का गुरुत्व ताजीवन महसूस होता है।

edit@amarujala.com

## जीवन धारा



सिल्विया प्लाथ

लोग खुश दिखते हैं। लेकिन अगर खुशी का अर्थ सिर्फ अपनी वर्तमान स्थिति में पूरी तरह संतुष्ट हो जाना है, जहां सब कुछ सहज और तयशुदा लगे, तो ऐसी संतुष्टि का कोई मतलब नहीं रह जाता।

# संतुष्टि संभावनाओं को खत्म कर देती है

*मेरी जिंदगी किसलिए है, और मैं इसके साथ क्या करने वाली हूं? मुझे नहीं पता, और यही अनजानपन मुझे डराता है। मैं कभी उन सारी किताबों को नहीं पढ़ पाऊंगी, जिन्हें मैं पढ़ना चाहती हूं। पूरी जिंदगी नहीं जी पाऊंगी, जो मैं जीना चाहती हूं। मैं कभी खुद को उन सभी हुनर में माहिर नहीं बना पाऊंगी, जो मैं सीखना चाहती हूं। फिर मैं ऐसा क्यों चाहती हूं? मैं अपनी जिंदगी में मुमकिन हर तरह के मानसिक और शारीरिक अनुभव के हर रंग, हर सुर और हर रूप को जीना और महसूस करना चाहती हूं। लेकिन सच्चाई यह है कि मैं सीमित हूं, बहुत सीमित। हालांकि, मैं अयोग्य नहीं हूं। मैं न तो अपंग हूं, न अंधी, न ही बुद्धिहीन। मैं कोई ऐसा व्यक्ति नहीं हूं, जो अपने शरीर की अक्षमता के कारण जीवन से कट गया हो। मैं कोई ऐसा भी नहीं हूं, जो अपनी मानसिक स्थिति के कारण दुनिया से बेगाना हो चुका हो। मेरे पास जीने के लिए बहुत कुछ है, और फिर भी न जाने क्यों, मेरे भीतर एक अजीब-सी उदासी और थकान घर कर जाती है।*



*शायद इस भावना की जड़ इस बात में छिपी है कि मुझे कई विकल्पों में से किसी एक को चुनना पसंद नहीं। हर चुनाव मुझे ऐसा लगता है, जैसे मैं अपने बाकी सारे संभावित रूपों को खो रही हूं। शायद इसी कारण मैं सब कुछ बनना चाहती हूं, हर किसी जैसी होना चाहती हूं, ताकि मुझे अपने 'मैं' होने की जिम्मेदारी न उठानी पड़े। ताकि कोई मुझ पर यह आरोप न लगा सके कि मैंने खुद को सीमित कर लिया है। ताकि मुझे अपने चरित्र, अपने विचारों और अपने जीवन-दर्शन को गढ़ने का भार न उठाना पड़े।*

*लोग खुश दिखते हैं। लेकिन अगर खुशी का अर्थ सिर्फ अपनी वर्तमान स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट हो जाना है, जहां सब कुछ सहज और तयशुदा लगे, तो ऐसी संतुष्टि में न कोई बेचैनी बचती है, न सवाल, न ही कोई संघर्ष। वहां जिज्ञासा के लिए भी कोई जगह नहीं रह जाती। मैं ऐसी संतुष्टि नहीं चाहती, क्योंकि मेरे लिए यह एक ठहराव है, एक तरह की कैद है। हर व्यक्ति किसी एक दिशा में आगे बढ़ता है, किसी एक विचार को पकड़कर जीवन को अर्थ देता है, और फिर कहता है कि उसने खुद को पा लिया है। लेकिन क्या सच में खुद को पा लेना ही अंतिम संतोष है? या यह स्वीकार करना है कि हम केवल एक ही प्रकार के अस्तित्व में बंधे हुए हैं? जब हम खुद को एक रूप में सीमित कर लेते हैं, तो क्या हम यह नहीं मान लेते कि हमारे भीतर जो अनगिनत संभावनाएं थीं, वे अब कभी साकार नहीं होंगी?*

*यही विचार मुझे विचलित करता है। मैं अपने भीतर की हर संभावना को जीना चाहती हूं, हर दिशा में फैलना चाहती हूं। लेकिन जीवन की सच्चाई यह है कि हर रास्ता चुनने के साथ हम कई और रास्तों को छोड़ देते हैं। और शायद इसे खोने का एहसास, इस अपूर्णता की टीस, मेरे भीतर इस बेचैनी और उदासी को जन्म देती है।*

*-द अनएब्रिज्ड जर्नल्स ऑफ सिल्विया प्लाथ के अनूदित अंश*

## लक्ष्य निर्धारित करें

सूत्र

*तुम्हारी बेचैनी ही तुम्हारी जागरूकता है, और यही तुम्हें साधारण नहीं, बल्कि अर्थपूर्ण जीवन की ओर ले जाती है। सच्ची खुशी का अर्थ केवल अनुकूल परिस्थितियों में सहज रहना नहीं, बल्कि मुश्किलों के बीच भी विकास और अर्थ खोजने की क्षमता रखने में है। हमेशा आगे बढ़ने के लिए छोटे और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें।*

दूसरा पहलू

17 दुर्लभ तत्व तकनीकी क्षेत्रों में किसी भी देश की उपलब्धियों को बनाते या बिगाड़ते हैं। भारत के पास इनकी कमी नहीं है, फिर भी चुनौती है।

# आखिर दुर्लभ खनिज इतने दुर्लभ क्यों हैं

**इलेक्ट्रिक** वाहनों, रक्षा प्रणालियों, ऊर्जा ग्रिडों, अंतरिक्ष, विज्ञान के क्षेत्रों में एक प्रौद्योगिकी महाशक्ति बनने की भारत की पदयात्रा गंभीर रूप से उन दुर्लभ धातुओं पर निर्भर करती है, जिनके बारे में अधिकांश लोगों ने कभी नहीं सुना है। ये 17 दुर्लभ तत्व हैं, जो तकनीकी क्षेत्रों में किसी भी देश की उपलब्धियों को बनाते या बिगाड़ते हैं। भारत के पास इनकी कमी नहीं है।



प्रदीप राणा

दुर्लभ धातुओं के बिना, कोई इलेक्ट्रिक वाहन, मोटर, कोई पवन टरबाइन, कोई उन्नत रडार व कोई स्मार्टफोन चल नहीं सकता।

ओडिशा की समुद्री रेत से लेकर तमिलनाडु और केरल के तटीय विस्तार तक, देश के पास दुनिया के दुर्लभ धातु भंडार का लगभग छह से सात फीसदी हिस्सा है। फिर भी यह वैश्विक उत्पादन में मात्र दो फीसदी का योगदान करता है। चीन दुनिया के लगभग दो-तिहाई उत्पादन, और लगभग 90 फीसदी शोधन सुविधाओं को नियंत्रित करता है। भारत की मोनाजाइट-समृद्ध रेत का प्रबंधन बड़े पैमाने पर परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत 'इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड' (आईआरईएल) द्वारा किया जाता है, लेकिन दशकों तक परमाणु संवेदनशीलता की चिंताओं के कारण निजी खनन प्रतिबंधित था। दुर्लभ धातुओं के बिना, कोई इलेक्ट्रिक वाहन, मोटर, कोई पवन टरबाइन, कोई उन्नत रडार व कोई स्मार्टफोन चल नहीं सकता। दुर्लभ धातुओं में आत्मनिर्भरता की ओर भारत के हालिया अभियान ने गति जरूर पकड़ी है।



ओडिशा से लेकर तमिलनाडु व केरल के तटीय विस्तार तक, देश के पास दुनिया के दुर्लभ धातु भंडार का छह से सात फीसदी हिस्सा है। फिर भी वैश्विक उत्पादन में मात्र दो फीसदी योगदान करता है।

सरकार ने घरेलू शोधन और चुंबक निर्माण को आकर्षित करने के लिए नए प्रोत्साहन जारी किए हैं, जबकि स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण संभालने के लिए इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड नेटवर्क को मजबूत किया है। यह बदलाव तब आया है, जब चीन, दुनिया के प्रभुत्वशाली दुर्लभ धातु की आपूर्तिकर्ता ने, एक सोची-समझी चाल चली है- भारत को इस शर्त पर सीमित आपूर्ति फिर से शुरू करने का प्रस्ताव दिया है कि सामग्री को किसी तीसरे देश में फिर से निर्यात नहीं किया जाएगा। इशारा अमेरिका के लिए है, जो अपनी आपूर्ति शृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। भारत अब अवसर और सावधानी के बीच फंसा हुआ है, अपने दो सबसे बड़े व्यापारिक भागीदारों की प्रतिद्वंद्विता में न शामिल होने को लेकर सतर्क है। भारत की समस्या भूगर्भीय कमी नहीं बल्कि शोधन और प्रसंस्करण क्षमता की कमी है। भले ही भारत आक्रामक रूप से खनन करे, अयस्कों को अब भी पृथक्करण के लिए विदेश भेजा जाना होगा-ज्यादातर चीन। असली बाधा वहीं है। बाहर निकलने के लिए, भारत को एक राष्ट्रीय दुर्लभ धातु मिशन की आवश्यकता है: सख्त सुरक्षा उपायों के तहत निजी निवेश के लिए खनन खोलें, घरेलू शोधन क्लस्टर स्थापित करें, और डाउनस्ट्रीम नवाचार के लिए विश्वविद्यालयों और रक्षा प्रयोगशालाओं को जोड़ें। जब तक भारत अपनी दुर्लभ रेत को रणनीतिक ताकत में नहीं बदलेगा, वह उधार के तत्वों पर निर्माण करना जारी रखेगा और चीन पर निर्भर भी।

आंकड़े

## तेल भंडार

पश्चिम एशिया का युद्ध 'वैश्विक तेल बाजार' की पूर्ति में बाधा उत्पन्न कर रहा है। अभी जापान के पास सबसे ज्यादा दिनों का तेल भंडार है।

| | |
|---|---|
| जापान | 208 |
| दक्षिण कोरिया | 200 |
| बेल्जियम | 169 |
| इटली | 136 |
| भारत | 74 |

आंकड़े देशों में तेल भंडार के सीमित दिनों के हैं। | स्रोत : विभिन्न न्यूज रिपोर्ट्स

भगवान विष्णु व ब्रह्मा जी, दोनों खुद को श्रेष्ठ सिद्ध करने लगे। शिवजी ने इस विवाद को समाप्त करने के लिए एक अद्भुत परीक्षा ली।

# आदि और अंत

**पौराणिक** कथाओं के अनुसार, जब भगवान विष्णु शेषनाग की शय्या पर विश्राम कर रहे थे। तभी ब्रह्मा जी वहां पहुंचे और उन्हें पुत्र कहकर पुकारते हुए स्वयं को परमपिता बताने लगे। यह सुनकर विष्णु जी को आश्चर्य हुआ और उन्होंने विनम्रता से प्रश्न किया, परंतु बात धीरे-धीरे विवाद में बदल गई। दोनों अपने-अपने को श्रेष्ठ सिद्ध करने लगे और अंततः उनके बीच भयंकर युद्ध छिड़ गया। देवता भयभीत हो उठे और समाधान के लिए भगवान शिव की शरण में गए।

शिवजी ने इस विवाद को समाप्त करने के लिए एक अद्भुत परीक्षा ली। उन्होंने एक विशाल ज्योतिर्लिंग प्रकट किया और कहा कि जो इसका आदि या अंत खोज लेगा, वही श्रेष्ठ कहलाएगा। विष्णु जी वराह रूप धारण कर नीचे की ओर गए, जबकि ब्रह्मा जी ऊपर की दिशा में बढ़े। विष्णु जी को अंत नहीं मिला, इसलिए उन्होंने सत्य स्वीकार कर लिया। लेकिन ब्रह्मा जी ने जीतने के लिए केतकी पुष्प को साक्षी बनाकर झूठ कह दिया कि उन्होंने अंत खोज लिया है। शिवजी सब जानते थे। उन्होंने केतकी से सत्य पूछने पर भी जब झूठ सुना, तो वे क्रोधित हो उठे। उन्होंने भैरव को प्रकट कर ब्रह्मा जी का पांचवां सिर कटवा दिया और उन्हें शाप दिया कि उनकी पूजा यज्ञों में नहीं होगी। वहीं विष्णु जी को सत्य बोलने के कारण सम्मान मिला। इस प्रकार शिवजी ने सभी को सिखाया कि अहंकार और असत्य का अंत निश्चित है।

अंतर्यात्रा
संकलित

अमर उजाला
पुराने पन्नों से — 30 मार्च, 1960

## दक्षिण अफ्रीका में शोक दिवस पर चर्च व स्कूल जला दिए गए


द. अफ्रीका में शोक दिवस पर दंगेः चर्च व स्कूल जला दिए

दक्षिण अफ्रीका के गोलीकांड में मारे गए अफ्रीकियों के प्रति शोक प्रकट करने के लिए शोक दिवस मनाया गया। इसके बाद अनेक स्थानों पर उपद्रव शुरू हो गए। उत्तेजित लोगों ने स्कूलों और चर्चों को जला दिया।

# क्या आपका फ्रिज खाना खा रहा है



**यदि हम अन्न की साधना करते हुए फ्रिज को भोजन की कब्रगाह बनने से रोक सकें, तो यह आज शून्य अपशिष्ट दिवस पर सबसे अहम संकल्प होगा।**

डॉ विवेक एस अग्रवाल

मुद्दा

सुनने में तो अजीब लगता है, लेकिन सच यही है कि हमारा फ्रिज भोजन की बर्बादी का बहुत बड़ा स्रोत है। अनुमान के अनुसार, फ्रिज में रखा हुआ लगभग आधा सामान व्यर्थ हो जाता है। समूचा विश्व आज यानी 30 मार्च को शून्य अपशिष्ट दिवस के अवसर पर खाद्य बर्बादी के प्रति चेतना जागृत करने का ध्येय रखता है। भोजन की बर्बादी निश्चित रूप से चिंता का विषय है। कितनी भी नीतियां और कानून लागू कर दिए जाएं, लेकिन यदि व्यक्तिगत स्तर पर पहल नहीं होगी, तो हर शख्स देश में प्रतिवर्ष हो रही 92 हजार करोड़ रुपये से अधिक की खाद्य बर्बादी का दोषी होगा।

खाद्य बर्बादी पूरी दुनिया में होती है और तथाकथित विकास के साथ इसमें वृद्धि ही हो रही है। अमेरिका में हर घर फ्रिज कुप्रबंधन के चलते लगभग 3000 डॉलर की बर्बादी कर रहा है। पूरी दुनिया लगभग 10 खरब डॉलर की बर्बादी खाद्य सामग्री के भंडार से घर तक आने में ही हो रही है।



वर्ष 1913 में जब फ्रेड डब्ल्यू वुल्फ ने पहले घरेलू इलेक्ट्रिक रेफ्रीजरेटर बनाया था, तो इसे मानव जीवन की महान उपलब्धि बताया गया था, जो बेशक है भी। किंतु कालांतर में यही फ्रिज हमारे दुरुपयोग के चलते भोजन की कब्रगाह बन गया। फ्रिज में रखी हुई वस्तुओं में से सबसे अधिक फल-सब्जी, मांस और दूध तथा उससे बने उत्पादों की बर्बादी होती है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, फ्रिज में रखे गए फल-सब्जी का लगभग आधा तथा डेयरी उत्पादों का 40 फीसदी ही उपयोग किया जाता है। फ्रिज में हो रही इन खाद्य सामग्री की बर्बादी के पीछे जहां नासमझी से की गई खरीदारी जिम्मेदार है, वहीं फ्रिज का प्रबंधन भी जिम्मेदार है। देखा गया है कि जहां फ्रिज की अत्यधिक सफाई की जाती है, वहां सामान को जल्द से जल्द हटा दिया जाता है। आमतौर पर फ्रिज में नया सामान पुराने सामान के आगे रखा जाता है, जिससे पुराना सामान नजर से ओझल हो जाता है। इससे खाद्य सामग्री की बर्बादी होती है। रोटरी क्लब ने अन्न साधना कार्यक्रम के तहत अपने सदस्यों में फ्रिज प्रबंधन के बारे में जागरूकता की पहल की थी, किंतु सदस्यों की बेरुखी और भागीदारी के अभाव में यह कार्यक्रम हर घर तक नहीं पहुंच सका।

खाने की बर्बादी पर रोक एक दिन के आयोजन से संभव नहीं है, इसके लिए आमूलचूल व्यवहार परिवर्तन जरूरी है। बीते वर्षों तक अपशिष्ट का मतलब प्लास्टिक, कपड़े इत्यादि थे। किंतु, अब दुनिया को समझ आने लगा है कि कार्बन उत्सर्जन और मीथेन जैसी गैसों के मूल में खाने की बर्बादी है। उपभोक्तावादी संस्कृति के चलते जहां खरीदारी बेकाबू हो गई है, वहीं भंडारण में लापरवाही और वस्तु के मूल्य को मात्र धनराशि में आंकना बर्बादी का मूल कारण है।

भारत में लगभग आठ करोड़ टन की खाद्य बर्बादी में से 70 प्रतिशत घरों के अंदर बढ़ रही लापरवाही का ही नतीजा है। आंकड़ों के अनुसार, औसतन प्रति व्यक्ति 55 किलोग्राम वार्षिक अर्थात करीब 150 ग्राम खाना प्रतिदिन बर्बाद करता है। एक व्यक्ति को औसतन आधा किलो भोजन की प्रतिदिन आवश्यकता रहती है। यानी एक व्यक्ति की साल भर की बर्बादी से 110 व्यक्तियों का पेट भर सकता है। दुर्भाग्यवश हम खाना बर्बाद करते वक्त उनका ध्यान नहीं करते, जो भूखे ही सो जाते हैं। लोगों के बीच संवेदनशीलता प्रकट करने वाले भी व्यवहार में भोजन बर्बाद करते वक्त ग्लानि महसूस नहीं करते। भोजन की बर्बादी मात्र उसमें निहित अन्न तक ही सीमित नहीं है, अपितु इसे टेबल तक पहुंचने में लगी ऊर्जा, श्रम और अन्य संसाधन भी अहम होते हैं।

अब जबकि फ्रिज हर घर तक पहुंच गया है और इसका मुख्य उपयोग भोजन के आयु-संवर्धन में ही किया जा रहा है, तो यह उचित होगा कि लोग अपने फ्रिज का सही ढंग से प्रबंधन करें, ताकि खाद्य बर्बादी को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। फ्रिज प्रबंधन के मूल मंत्र में हर वस्तु का निरंतर आंखों के समक्ष होना, पहले आई वस्तु का पहले उपयोग, जल्दी खराब होने वाली वस्तु का पहले उपयोग या उपयोग न कर पाने पर उपयुक्त संस्था या व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करना अहमियत रखते हैं। खाद्य सामग्री की खरीदारी से पहले जरूरतों का आकलन करते हुए खरीद को अंजाम देना महत्वपूर्ण है। फ्रिज प्रबंधन में 2-2-2 के सिद्धांत का पालन सहायक हो सकता है, जिसके तहत बचा हुआ भोजन दो घंटे के भीतर फ्रिज के अंदर, दो दिन में उसे उपयोग में लेना अथवा दो माह तक के लिए फ्रीजर में स्थानांतरित कर देना होता है, ताकि वह उपयोगी बना रहे।

यदि हम अन्न की साधना करते हुए अपने फ्रिज और स्टोर को भोजन की कब्रगाह बनने से रोक सकें, तो भोजन की बर्बादी को पूर्णतया रोका जा सकता है। वैसे भी सनातन काल से भारत में अन्न ही ब्रह्म है, फिर दुरुपयोग क्यों? भोजन की बर्बादी अभिमान का नहीं, शर्म का विषय होना चाहिए। हो सकता है, व्यर्थ भोजन की आपके लिए कोई कीमत नहीं हो, पर जो भूखा सोता है, उसके लिए यह बेशकीमती है।

# एजुकेशन & कॅरिअर

जीवन में रोशनी लानी है, तो उसी दिशा में बढ़ें जहां उजाला है।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### रेलवे ने जारी किया विज्ञापन

सहायक लोको पायलट के पदों पर मौके



**11127 पद**

आवेदन की अंतिम तिथि : 14 जून, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 30 वर्ष
यहां आवेदन करें : rrbapply.gov.in

### भारत सरकार टकसाल, उत्तर प्रदेश ■ 94 पद

सुपरवाइजर, जूनियर ऑफिस असिस्टेंट व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि
27 अप्रैल, 2026
योग्यताएं
बीई/बीटेक/बीएससी व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
igmnoida.spmcil.com

### राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम ■ 59 पद

जूनियर इंजीनियर, असिस्टेंट मैनेजर व अन्य पद रिक्त
आवेदन की अंतिम तिथि
05 अप्रैल, 2026
पात्रताएं
इंजीनियरिंग, मास्टर डिग्री व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
nbccindia.in

### राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ■ 243 पद

सांइटिस्ट-बी के पदों पर करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 24 अप्रैल, 2026
आयु-सीमा : अधिकतम उम्र 30 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : nic.gov.in

### राष्ट्रीय जैविक संस्थान में रिक्तियां ■ 46 पद

प्रशासनिक सहायक, सहायक व अन्य पदों पर निकली भर्ती
आवेदन की अंतिम तिथि
08 अप्रैल, 2026
योग्यताएं
एमबीबीएस, स्नातकोत्तर व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
nib.gov.in

### एनएबीएफआईडी में निकली भर्ती ■ 29 पद

सीनियर एनालिस्ट के पदों पर योग्य अभ्यर्थी करें अप्लाई
आवेदन की अंतिम तिथि
08 अप्रैल, 2026
आयु-सीमा
न्यूनतम 21 वर्ष व अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें
nabfid.org/careers

### योग्य उम्मीदवार करें आवेदन ...

- अनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली : यंग प्रोफेशनल व प्रोजेक्ट असिस्टेंट के पदों पर आवेदन आमंत्रित।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 06 अप्रैल, 2026
- ispgr.nbpgr.ernet.in
- भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण : सलाहकार का पद खाली।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 08 अप्रैल, 2026
- aera.gov.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# निर्णय लेना भी एक कला है

*अगर आप कुछ व्यावहारिक रणनीतियों को अपनाते हैं, तो धीरे-धीरे आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होती जाती है*



**लेडा स्टावनिको**
एसोसिएट प्रोफेसर, माउंट रॉयल विश्वविद्यालय

आज की तेज रफ्तार दुनिया में हम रोज कई फैसले लेते हैं, लेकिन कार्यस्थल पर निर्णय लेते समय अक्सर हिचकिचाहट महसूस होती है, खासकर नए कर्मचारियों और लीडर्स में। सही निर्णय लेने की क्षमता केवल किताबों से नहीं, बल्कि अनुभव और अभ्यास से विकसित होती है। एक अच्छा लीडर काम का बंटवारा, प्राथमिकताएं तय करना और मतभेद सुलझाना जानता है। सही रणनीतियों के साथ यह क्षमता धीरे-धीरे मजबूत होती जाती है और आत्मविश्वास बढ़ाता जाता है। छोटे-छोटे फैसलों से शुरुआत करना और उनसे सीख लेना इस प्रक्रिया को आसान बनाता है। समय के साथ, यही अभ्यास आपको बेहतर, स्पष्ट और प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाता है।

**■ मूल्यों को समझें**

प्रभावी और नैतिक निर्णय लेने के लिए अपने मूल्यों को समझना बहुत जरूरी है। जब आप तय कर लेते हैं कि आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है, जैसे ईमानदारी, पारदर्शिता और टीमवर्क, तो फैसले लेना आसान हो जाता है। अपने निर्णयों के पीछे की सोच टीम के साथ साझा करने से भरोसा बढ़ता है। साथ ही, समय-समय पर अपने पुराने फैसलों पर विचार करना आपको सीखने और एक बेहतर, भरोसेमंद लीडर बनने में मदद करता है। यह आत्मविश्लेषण आपको अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचानने का अवसर देता है। इससे आप भविष्य में अधिक संतुलित और समझदारी भरे निर्णय ले पाते हैं।

**■ 5 डब्ल्यू फॉर्मूला अपनाएं**

यदि आप कॅरिअर के शुरुआती दौर में हैं और निर्णय लेने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं, तो घबराने की जरूरत नहीं है। बेहतर निर्णय लेने के लिए कई उपयोगी तकनीकें मौजूद हैं, जिनमें से एक सरल और प्रभावी तरीका है-5 डब्ल्यू फ्रेमवर्क। यह फ्रेमवर्क आपको किसी भी स्थिति को समझने के लिए पांच महत्वपूर्ण सवालों पर सोचने के लिए प्रेरित करता है-इससे कौन प्रभावित होगा? आपके पास कौन-कौन से विकल्प हैं? निर्णय कब लेना है? यह निर्णय क्यों जरूरी है और इसे कैसे लागू किया जाएगा? जब आप इन सवालों के आधार पर सोचते हैं, तो आप स्थिति के हर पहलू को स्पष्ट रूप से देख पाते हैं। इससे आप अधिक सोच-समझकर और संतुलित निर्णय ले पाते हैं।



**■ दूसरों से सीखें**

लीडरशिप स्किल्स को बेहतर बनाने का सबसे असरदार तरीका है, दूसरों के अनुभवों से सीखना। अपने आसपास के लोगों, खासकर अनुभवी लीडर्स को ध्यान से देखें कि वे कैसे फैसले लेते हैं, किन बातों पर विचार करते हैं और मुश्किल परिस्थितियों को कैसे संभालते हैं। उनसे खुलकर सवाल पूछें और अपने फैसलों पर उनकी राय जरूर लें। जब आप उनकी बातों और सुझावों पर सोचते हैं, तो आपको अपनी निर्णय लेने की शैली को समझने और उसे बेहतर बनाने का मौका मिलता है। इससे आप यह भी जान पाते हैं कि किन जगहों पर आपको सुधार करने की जरूरत है। धीरे-धीरे आप अनिश्चितता, जोखिम और उलझन भरी परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास के साथ फैसले लेने लगते हैं।

-द कन्वर्सेशन

## खुद को परखें

1. क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग किस संस्था द्वारा प्रकाशित की जाती है?
   (a) टाइम्स हायर एजुकेशन
   (b) यूनेस्को
   (c) क्वाक्वेरेली साइमंड्स
   (d) विश्व बैंक
2. अमराबाद टाइगर रिजर्व किस राज्य में स्थित है?
   (a) कर्नाटक
   (b) महाराष्ट्र
   (c) तेलंगाना
   (d) गुजरात
3. रोजगार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए किस राज्य सरकार ने औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 शुरू की है?
   (a) राजस्थान
   (b) बिहार
   (c) झारखंड
   (d) पंजाब

*उत्तर-1.c, 2.c, 3.a*

## फेलोशिप प्रोग्राम

### एआई रिसर्च में एडोब का खास कार्यक्रम

**एडोब** इंडिया एआई रिसर्च फेलोशिप-2026, एडोब की रिसर्च टीम द्वारा दिया जाने वाला एक खास सम्मान और सहायता कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य कंप्यूटर साइंस के उन पीएचडी (डॉक्टरेट) छात्रों को सपोर्ट करना है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विजन, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और ह्यूमन-कंप्यूटर इंटरैक्शन जैसे क्षेत्रों में शोध कर रहे हैं। यह



फेलोशिप रिसर्च करने वाले छात्रों को आगे बढ़ने और अपने शोध को मजबूत करने के लिए दी जाती है। चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष के लिए रुपये 12,00,000 का वजीफा प्राप्त होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक अपनी अर्हता की जांच करते हुए आधिकारिक लिंक tinyurl.com/4a2ketbs पर जाकर इस फेलोशिप प्रोग्राम में ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

स्पेशल पुस्तक
अमर उजाला उड़ान
ऑनलाइन खरीदने के लिए QR कोड को तुरंत स्कैन करें।




उत्तर प्रदेश कॉन्स्टेबल परीक्षा-2026 | सामान्य अध्ययन वनलाइनर विशेषांक

*अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001211166 या व्हाट्सएप नंबर 7065047252 पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।*
प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ मोटिवेशनल किताबें udaan.amarujala.com पर उपलब्ध।

## आवेदन आमंत्रित

### माइक्रो स्टोरी कॉम्पिटिशन में हों शामिल

**कासा** अफ्रीका द्वारा माइक्रो स्टोरी प्रतियोगिता (पुरोर्रेलाटो) का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ऐसी साहित्यिक रचनाओं को बढ़ावा देना है, जो अफ्रीका के बारे में सोचने और समझने के लिए प्रेरित करें।

**■ पात्रताएं**

इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है, और प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम तीन माइक्रो स्टोरी जमा कर सकता है।

**■ पुरस्कार**

प्रतियोगिता के शीर्ष तीन विजेताओं को क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे पुरस्कार के रूप में 750 यूरो, 375 यूरो और 225 यूरो की राशि दी जाएगी। इसके अलावा, कासा अफ्रीका चौथे से छठे स्थान तक आने वाले लेखकों को उपविजेता पुरस्कार या विशेष सम्मान भी प्रदान कर सकता है।

**■ यहां आवेदन करें**

इस कॉम्पिटिशन में स्टोरी जमा करने की अंतिम तिथि 16 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है। प्रतिभागी आधिकारिक लिंक tinyurl.com/mu3r4jj3 पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## सामान्य ज्ञान

### गृह सुगम पोर्टल



**■ क्या है**

यह एक आसान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो कर्मचारियों और बैंकों को जोड़कर लोन की प्रक्रिया को सरल बनाता है।

**■ चर्चा में क्यों**

हाल ही में, नेशनल हाउसिंग बैंक (एनएचबी) ने 'गृह सुगम' पोर्टल लॉन्च किया है।

**■ मुख्य सुविधाएं और लाभ**

यह पोर्टल कर्मचारियों को ऑफिस से ही ऑनलाइन लोन के लिए आवेदन करने की सुविधा देता है। इसमें अलग-अलग बैंकों के ऑफर देखकर तुलना की जा सकती है और कम जानकारी में आवेदन हो जाता है। साथ ही, मदद और शिकायत की सुविधा भी आसानी से मिलती है।

**■ कहां-कहां है उपयोगी**

यह पोर्टल सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सैनिकों को घर बैठे बैंकिंग सुविधा देता है, जिससे उनका परिवार आसानी से लोन ले सकता है। यह डिजिटल प्रक्रिया से काम को आसान बनाता है और बेहतर, सस्ता लोन दिलाता है।

## रोशनी यहां है

**इस बार : अनमिश वर्मा**
**क्यों : 92 दिनों में सात ज्वालामुखी शिखर फतह कर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड**



**अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही और विश्व मार्शल आर्ट चैंपियन अनमिश वर्मा ने माउंट एवरेस्ट सहित कई प्रमुख चोटियों को फतह किया है। साथ ही, पवन कल्याण की फिल्म 'थम्मुडु' से प्रेरित होकर वह किकबॉक्सिंग और ताइक्वांडो के क्षेत्र में भी परचम लहरा रहे हैं।**

# मुश्किल राहों के सच्चे विजेता, हर बाधा को पार कर नई ऊंचाइयों को छुआ

कुछ लोग जिंदगी को आसान रास्तों से जीते हैं, लेकिन अनमिश वर्मा ने चुनौतियों को ही अपना रास्ता बनाया। बर्फीली चोटियों पर चढ़ाई करना, जहां हवा रहस्यमयी फुसफुसाहट करती है और रिंग में तेजी से विरोधियों को हराना, यही उनकी पहचान है। वह एक अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही और विश्व मार्शल आर्ट्स चैंपियन हैं। अनमिश वर्मा ने मात्र 92 दिनों में सात ज्वालामुखीय चोटियों पर सफल चढ़ाई कर मार्च 2026 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। रूस से अंटार्कटिका तक फैली उनकी यह यात्रा न केवल भारत की युवा शक्ति को वैश्विक पहचान दिलाती है, बल्कि नई पीढ़ी को बड़े सपने देखने की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने माउंट एवरेस्ट सहित कई प्रमुख चोटियों को फतह किया है और अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट्स में स्वर्ण पदक भी जीता है। उनकी यह सफलता आने वाले पर्वतारोहियों को प्रेरित करने के साथ-साथ भारत में साहसिक खेलों को भी बढ़ावा देती है।

## मार्शल आर्ट के प्रेमी

अनमिश वर्मा विशाखापट्टनम के एक ऐसे परिवार से आते हैं, जहां के लोगों को मार्शल आर्ट्स के प्रति गहरा लगाव था। उनके पिता और चाचा इस कला में निपुण थे, जिससे बचपन से ही अनमिश की रुचि इसमें बढ़ी। फिल्मों के एक्शन सीन, खासकर पवन कल्याण की फिल्म 'थम्मुडु' ने उन्हें और प्रेरित किया। स्कूल में कोच जी कनक राव से मिलने के बाद उनकी प्रतिभा को सही दिशा मिली। उनके मार्गदर्शन में अनमिश ने कई प्रतियोगिताएं जीतते हुए सीधे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गए। उन्होंने किकबॉक्सिंग और ताइक्वांडो में भी महारत हासिल की। सभी सफलताओं के पीछे उनके परिवार व दोस्तों का मजबूत साथ रहा।



## माउंट एल्ब्रस से शुरू हुआ सफर

*अनमिश वर्मा ने अक्तूबर, 2024 को रूस के माउंट एल्ब्रस से अपने अभियान की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने लगभग तीन महीनों में कई महाद्वीपों की यात्रा की। अंततः 23 जनवरी, 2025 को अंटार्कटिका के माउंट सिडली पर सफल चढ़ाई के साथ उन्होंने अपने रिकॉर्ड बनाने वाले इस सफर को पूरा किया। सेवन वोल्केनिक समिट्स दुनिया के हर महाद्वीप के सबसे ऊंचे ज्वालामुखियों का समूह है, जिसे पर्वतारोहण की सबसे कठिन चुनौतियों में गिना जाता है। अलग-अलग ऊंचाई, बदलते मौसम और कठिन भूभाग के कारण यह अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण माना जाता है।*

## फिटनेस और तैयारी

अनमिश वर्मा के लिए कम समय में एक के बाद एक चढ़ाई पूरी करना बड़ी चुनौती था, जहां समय प्रबंधन सबसे अहम साबित हुआ। पूरे अभियान के दौरान उन्हें -30 डिग्री सेल्सियस तक की ठंड, तेज हवाओं, बर्फीले तूफानों और ऑक्सीजन की कमी जैसी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, खासकर अंटार्कटिका और दक्षिण अमेरिका में। माउंट सिडली इस मिशन का सबसे कठिन चरण रहा, जहां सीमित संसाधनों और अलग-थलग वातावरण में चढ़ाई करना बड़ी परीक्षा थी। सालों की मेहनत, कड़ी ट्रेनिंग, मजबूत फिटनेस और मानसिक दृढ़ता के दम पर अनमिश ने इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## दो दुनियाओं का अद्भुत संगम

अनमिश वर्मा बताते हैं कि एवरेस्ट पर चढ़ाई करना केवल ऊंचाई जीतने का नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाने का अनुभव है। जहां हर कदम सीमाओं को पार करने और हालात का सम्मान करने के बीच चलता है। इसमें अपने भीतर स्थिरता पाना, सांस पर ध्यान देना और अंतर्ज्ञान पर भरोसा करना जरूरी होता है। मार्शल आर्ट विद्या भी कुछ ऐसा ही सिखाती है कि हर चाल में एकाग्रता, सटीकता और नियंत्रण का संतुलन होता है। यह मन पर नियंत्रण और सही निर्णय लेने की कला है। अनमिश वर्मा के लिए ये दोनों दुनियाएं एक-दूसरे से जुड़ी हैं। पहाड़ों से मिली मानसिक मजबूती उन्हें मुकाबले में ताकत देती है, वहीं मार्शल आर्ट का अनुशासन उन्हें कठिन परिस्थितियों में स्थिर रखता है। उनके लिए हर शिखर सिर्फ जीत नहीं, बल्कि खुद को बेहतर बनाने और डर पर जीत हासिल करने का प्रतीक है।

### युवाओं को सीख

- चुनौतियां रास्ता नहीं रोकतीं, बल्कि आपको मजबूत बनाकर आगे बढ़ाती हैं।
- जो अपने डर पर जीत हासिल कर लेता है, वही असली सफलता पाता है।
- अनुशासन और मेहनत ही सपनों को हकीकत में बदलते हैं।
- हर कठिनाई एक नई सीख और नए अवसर का द्वार होती है।
- आत्मविश्वास और धैर्य ही हर जीत की असली ताकत हैं।

## आज का दिन

30 मार्च, 1949

कई रियासतों को एकीकृत कर 'वृहद राजस्थान' का गठन किया गया। इसने आधुनिक राजस्थान की आधारशिला रखी। जयपुर को नवगठित राज्य की राजधानी घोषित किया गया।



- 1856: पेरिस की संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- 1870: संयुक्त राज्य अमेरिका ने 15वां संविधान संशोधन अपनाया था।
- 1912: फेस की संधि के बाद मोरक्को फ्रांसीसी संरक्षित राज्य बन गया था।
- 1968: फ्रेंच पॉप गायिका सेलीन डायोन का जन्म हुआ था।

## व्रत त्योहार

**आज :** चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी।
**कल :** श्रीमहावीर जयंती (जैन), वसंत ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले। **राहुकाल :** दिन में 15.00 से 16.30 तक।

## कल का पंचांग

**विक्रमी** संवत 2083, 10 चैत्र मास शक 1948, चैत्र मास 18 प्रविष्टे, 11 सव्वाल हिजरी 1447, चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 06.55 तक उपरांत चतुर्दशी, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र 15.20 तक उपरांत उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, गंड योग 15.40 तक उपरांत वृद्धि योग, तैतिल करण 06.55 तक उपरांत गर करण, चंद्रमा कन्या राशि में 21.34 बजे।

■ सूर्योदय : 06.16
■ सूर्यास्त : 18.34
(भारतीय मानक समयानुसार)

amarujala.com/astrology

## राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** मनोबल बना रहेगा। सहोदरों का सहयोग मिलेगा। भू संपत्ति में वृद्धि संभव है। नौकरी में सम्मान बढ़ेगा।

**वृष :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। नौकरी में सम्मान बना रहेगा। गृह कार्यों पर व्यय होगा। व्यवसाय में हानि होगी।

**मिथुन :** योजना में आंशिक सफलता मिलेगी। नौकरी में मान-सम्मान बना रहेगा। व्यवसाय में धन लाभ होगा।

**कर्क :** अध्ययन में अरुचि रहेगी। अनैतिक कार्य से बचें। तबादला हो सकता है। व्यवसाय में लाभ कम होगा।

**सिंह :** आत्मबल बनाए रखें। नौकरी में उन्नति हो सकती है। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में सावधानी बरतें। संतान पक्ष से चिंतित रहेंगे। व्यय पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय में खर्च सम रहेंगे।

**तुला :** मन प्रसन्न रहेगा। अनुकूल सूचना मिल सकती है। नई योजना में व्यस्त रहेंगे। यथेष्ट लाभ होगा।

**वृश्चिक :** शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उन्नति हो सकती है। संपत्ति में वृद्धि संभव है।

**धनु :** नई योजना में व्यस्त रहेंगे। अनुभवी का सहयोग मिलेगा। नौकरी में स्थिति अनुकूल रहेगी।

**मकर :** दिनमान प्रतिकूल रहेगा। वाहन, मशीनरी के प्रयोग में सावधानी बरतें। स्वजनों से मनमुटाव रहेगा।

**कुंभ :** मन प्रसन्न रहेगा। प्रभावी व्यक्ति से जान-पहचान बढ़ेगी। नई नौकरी का अवसर मिल सकता है।

**मीन :** आरोग्य सुख उत्तम रहेगा। किसी पुराने विवाद से मुक्ति मिलेगी। नौकरी प्राप्ति में सफलता मिल सकती है।



## जन्मदिन

पलक मुच्छल, गायिका

**आज** जन्मे जातक किसी विशिष्ट क्षेत्र में उन्नति कर स्थाई कीर्ति अर्जित करने में सफल रहते हैं। इस वर्ष प्रारंभ में मानसिक भ्रम बना रहेगा। योजनाओं में अवरोध आएंगे। विरोधी कुचेष्टारत रहेंगे। वर्ष मध्योपरांत समय अनुकूल रहेगा। चली आ रही बाधाओं से मुक्ति मिलेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | 3 | 7 | | |
| 7 | | | | | 9 | | | 6 |
| 6 | | | 4 | 1 | | | | 9 |
| 5 | 1 | | | | | 9 | | |
| | 4 | 9 | | | | 1 | 2 | |
| | | 7 | | | | | 6 | 5 |
| 4 | | | | 9 | 6 | | | 2 |
| 9 | | | 8 | | | | | 7 |
| | | 8 | 7 | | 2 | | | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 4 | 5 | 6 | 3 | 7 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 |
| 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### पोषण से भरपूर सुपरफूड हैं तरबूज के बीज

*तरबूज के बीज में मौजूद गुण दिल को स्वस्थ, इम्यूनिटी बढ़ाने और पाचन को सुधारने में मदद करते हैं।*

तरबूज के बीज, जिन्हें अक्सर फल खाते समय फेंक दिया जाता है, वास्तव में पोषक तत्वों के भंडार होते हैं और इनमें आवश्यक विटामिन, खनिज, स्वस्थ वसा और प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, तरबूज के बीज का तेल एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को



कम करता है और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाता है। यह लिपिड प्रोफाइल को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, जिससे हृदय स्वस्थ रहता है। ये बीज मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं और ऊर्जा बनाए रखने के साथ गर्मी में मांसपेशियों को आराम देने में सहायक हैं। इन बीजों में मैग्नीशियम, पोटैशियम और थोड़ी मात्रा में सोडियम पाया जाता है। ये खनिज निर्जलीकरण शरीर में होने वाली थकान या ऐंठन को रोकने में मदद करते हैं। तरबूज के बीजों में मौजूद खनिज तंत्रिकाओं और मांसपेशियों के सही कामकाज में सहायता करते हैं। इन बीजों में घुलनशील और अघुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर होते हैं, जो कब्ज से बचाते हैं और संपूर्ण आंत स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

पाचन संबंधी समस्याओं से बचने के लिए तरबूज के बीज को भूनकर या अंकुरित करके खाएं। अधिक सेवन से बचें। किडनी से जुड़ी समस्या वाले लोग चिकित्सक से सलाह अवश्य लें।

-प्रीता जैन, आहार विशेषज्ञ

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# पड़ोसी धर्म का निबाह

अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण पूरी दुनिया, खासकर दक्षिण एशिया में ऊर्जा संकट गहरा रहा है और यह बात अब ढकी-छिपी नहीं है। ऐसे में, श्रीलंका, बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों की ओर भारत ने जिस तरह मदद का हाथ बढ़ाया है, उसकी सराहना ही की जाएगी। भारत ने पहले बांग्लादेश को डीजल भेजा और अब उसने श्रीलंका को लगभग 38,000 मीट्रिक टन डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति की है। बकौल विदेश मंत्री एस जयशंकर, मालदीव ने भी भारत से ईंधन की मदद मांगी है। यह सहयोग नैतिक आधार पर तो उचित है ही, इसके कूटनीतिक निहतार्थ भी हैं। वैसे भी, भारत की विदेश-नीति हमेशा से *वसुधैव कुटुंबकम्* के दर्शन से प्रेरित रही है, मगर यह भी सर्वविदित तथ्य है कि चाहे श्रीलंका हो या बांग्लादेश या मालदीव, कुछ वर्षों से ये तीनों देश बीजिंग की गोद में जाते हुए दिख रहे थे। अब उनको शायद ड्रैगन की मूल मंशा समझ में आ गई है, इसलिए वे अपनी नीतियों पर फिर से गौर कर रहे हैं। इन देशों की नई दिल्ली से ईंधन की मांग दरअसल भारत पर उनके भरोसे को दर्शाती है और उचित ही भारत ने उन्हें निराश नहीं किया है।

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्ता-पलट के बाद वहां वजूद में आई अंतरिम सरकार और खासकर इसके मुखिया मोहम्मद यूनुस ने जो भारत-विद्वेषी रुख अपनाया और जिस तरह उन्होंने बीजिंग व इस्लामाबाद के साथ गलबहियां करने की कोशिश की, उससे नई दिल्ली और ढाका के रिश्ते बेहद कटु मोड़ पर आ गए थे। यहां तक कि ट्वंटी-20 क्रिकेट विश्व कप भी इससे अछूता न रहा। हालांकि, यह कटुता सत्ता के स्तर पर अधिक थी। चूंकि यूनुस का अपना कोई राजनीतिक आधार नहीं था, वह अपने देश के कट्टरपंथी तत्वों के प्रभाव में भारत-विरोधी मुद्रा अपनाते रहे। गौरतलब है, बांग्लादेश का कट्टरपंथी तबका शुरू से पाकिस्तान-परस्त रहा है, जबकि आम अवाम भारत से दोस्ताना रिश्ते का हामी है। इसलिए, जब फरवरी में वहां आम चुनाव हुए, तब मतदाताओं ने कट्टरपंथी दल जमात-ए-इस्लामी के बजाय बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को देश की बागडोर सौंपी। बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान भारत से रिश्ते की अहमियत जानते हैं, इसलिए कुर्सी संभालते ही उन्होंने यूनुस प्रशासन के कई गलत फैसलों से किनारा किया और महीनों से ठप पड़ी वीजा सेवाओं को तत्काल बहाल कर नई दिल्ली को सकारात्मक पैगाम भेजा। जाहिर है, भारत की नई मदद से दोनों देशों के रिश्ते को पटरी पर लौटाने में मदद मिलेगी।

**पड़ोसी देशों की नई दिल्ली से ईंधन की मांग दरअसल भारत पर उनके भरोसे को दर्शाती है और उचित ही भारत सरकार ने उन्हें निराश नहीं किया है।**

श्रीलंका में भी पिछली राजपक्षे सरकार बीजिंग के इशारे पर लगातार भारत-विरोधी नीति पर चलती रही, मगर जब 2022 में यह देश दिवालिया हुआ, तब बीजिंग समेत तमाम देशों ने उसकी मदद करने से अपने हाथ खींच लिए, मगर उस मुश्किल दौर में भी भारत उसके साथ खड़ा रहा। भारत सरकार ने उसे न सिर्फ अरबों डॉलर की वित्तीय मदद की, बल्कि रसद और दवाएं भी कोलंबो भेजी गईं। भूटान, नेपाल जैसे मित्र देशों की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी भारत पाइपलाइन बनाने से लेकर पनबिजली परियोजनाओं तक में सहयोग कर रहा है। महामारी के समय इन देशों को वैक्सीन मुहैया कराने की पहल इसकी सबसे बड़ी नजीर है। स्पष्ट है, अंतरराष्ट्रीय राजनय के तकाजे से आगे बढ़कर भारत ने हमेशा अपने पड़ोसियों की मदद की है। मगर पड़ोसी देशों को भी यह समझने की जरूरत है कि हमेशा मित्र होने की परीक्षा एकतरफा भारत नहीं दे सकता। उनको भी नेकनीयत पड़ोसी का परिचय देना चाहिए।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 30 मार्च, 1951

## भारत की विदेश नीति

भारतीय संसद ने वैदेशिक मामलों के मंत्रालय की 5 करोड़ 41 लाख 64 हजार रुपये की मांग को स्वीकार करने से पहले भारत की विदेश नीति पर भली प्रकार से चर्चा की। भारत और पाकिस्तान के आपसी संबंधों और काश्मीर की समस्या का उसमें विशेष रूप से उल्लेख हुआ।

भारत स्वतन्त्र होने के बाद से जिस विदेश नीति का अनुसरण कर रहा है, उसको भारत की आम जनता का समर्थन प्राप्त है। बिहार के एक सदस्य ने कहा कि भारत की इस विदेश नीति का समर्थन करने के लिए देशवासी अपना जीवन, सम्मान और सम्पदा सब कुछ कुर्बान करने को तैयार होंगे। यह ठोस है, फलप्रद है और जनसाधारण की इच्छाओं से मेल खाती है। भारत सरकार के अन्य मंत्रियों को संसद में काफी कटु आलोचनायें सुननी पड़ी हैं। केवल इस बारे में नेहरूजी ही सौभाग्यशाली रहे हैं, जिन्हें अपने मंत्रालय की उतनी कड़वी आलोचना नहीं सुनने को मिली। यह इस बात का प्रमाण है कि संसद के सदस्य नेहरूजी की विदेश नीति को आम तौर पर पसन्द करते हैं और उसके विरुद्ध उनके पास कहने के लिए विशेष कुछ नहीं है।

पाकिस्तान के प्रति नेहरूजी की नीति को डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने असंगत बताने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि एक ओर नेहरूजी काश्मीर के मामले में किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं और दूसरी ओर भारत सरकार पाकिस्तान के साथ व्यापारिक समझौता कर रही है और उसे काश्मीर के खिलाफ जिहाद शुरू करने के लिए साधन सामग्री सुलभ कर रही है। डा. मुखर्जी की आलोचना के उत्तर में नेहरूजी का कहना है कि भारत और पाकिस्तान पड़ोसी देश हैं। विभाजन के बावजूद दोनों देशों में ऐसे बहुसंख्यक लोग हैं, जिनके संबंधी या मित्र इस या उस देश में रह रहे हैं। दो पड़ोसी देशों के बीच अच्छे संबंधों की आवश्यकता से कोई इनकार नहीं कर सकता।

भारत बराबर यह कोशिश कर रहा है कि पाकिस्तान के साथ उसके सामान्य संबंध कायम हो जायें। अतः ... जहां समझौता संभव हो सकता है, वहां समझौता करने की कोशिश करता है। यदि एक मामले में मतभेद हो, तो सारे ही मामलों में झगड़ते जाना नीति नहीं हो सकती। जहां तक व्यापारिक समझौते का प्रश्न है, उसे करने में भारत ने अपने हितों का ध्यान रखा है।

# विदेशी तेल पर निर्भरता घटाए भारत

**तेल पर घटाया गया उत्पाद शुल्क महंगाई को नियंत्रित करने की कोशिश है, किंतु यह तात्कालिक उपाय है, स्थायी समाधान के लिए ऊर्जा नीति में बदलाव का सही वक्त आ गया है।**



यहां स्कैन करें

आलोक जोशी | वरिष्ठ पत्रकार



दुनिया की राजनीति और आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी के बीच दूरी उतनी नहीं है, जितनी अक्सर समझी जाती है। ईरान युद्ध ने यह बात फिर से साफ कर दी है। तेल और गैस की आपूर्ति अटकने का असर सीधे रसोई, जेब और रोजगार तक पहुंचता है। इसलिए प्रश्न केवल यह नहीं है कि बड़ी अर्थव्यवस्थाएं इस संकट का किस तरह हल निकाल रही हैं, बल्कि यह भी है कि इसका असर भारत के आम नागरिक पर कैसे पड़ रहा है और इससे निपटने की क्या संभावनाएं हैं?

गुजरे शुक्रवार को केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये से घटाकर तीन रुपये कर दिया, जबकि डीजल में 10 रुपये की कमी करते हुए उसे शून्य कर दिया। इस फैसले का उद्देश्य बढ़ती वैश्विक कीमतों के असर से देश के लोगों को बचाना और घरेलू बाजार में तेल की कीमतों को नियंत्रित रखना है। इस युद्ध ने फिर यह याद दिलाया है कि आधुनिक अर्थव्यवस्था की बुनियाद अगर किसी एक चीज पर टिकी है, तो वह है ऊर्जा।

फिलहाल दुनिया एक बड़े ऊर्जा संकट के मुहाने पर खड़ी है। आधुनिक अर्थव्यवस्था की बनावट देखें, तो पता चलता है कि तेल और गैस सिर्फ दो वस्तुएं नहीं हैं। ये उत्पादन, परिवहन, खाद्य सुरक्षा और महंगाई के पूरे सिलसिले का आधार हैं। यही वजह है कि पश्चिम एशिया में लगी आग की आंच पूरी दुनिया महसूस कर रही है। युद्ध की वजह से तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव हो रहा है। आशंका है कि कच्चा तेल काफी ऊपर जाएगा। इससे न केवल ऊर्जा लागत बढ़ रही है, बल्कि पूरी दुनिया में महंगाई पर भी दबाव बढ़ रहा है। कई विश्लेषक इसे 'ऊर्जा-जनित महंगाई' की नई लहर बता रहे हैं। इसमें आर्थिक विकास के धीमा पड़ने और कीमतें बढ़ने, यानी 'स्टैगफ्लेशन' का खतरा उभर रहा है।

खास बात यह है कि युद्ध की शुरुआत करने वाला अमेरिका बाकी देशों के मुकाबले कुछ सुरक्षित स्थिति में है। शेल ऑयल और गैस उत्पादन ने उसे ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भरता के करीब ला दिया है। फिर भी, वहां पेट्रोल की कीमतों और महंगाई में बढ़त देखी जा रही है। ट्रंप प्रशासन की प्रतिक्रिया व नीतियां खासकर इस बात पर केंद्रित हैं कि वह अपने रणनीतिक तेल भंडार का उपयोग कैसे करे और मौद्रिक नीति के माध्यम से महंगाई को काबू में रख सके।

इसके उलट यूरोप जटिल समस्या से जूझ रहा है। वहां की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं, खासकर जर्मनी और इटली जैसी ताकतें बड़े पैमाने पर तेल और गैस आयात करती हैं। रूस-यूक्रेन संकट के बाद से ही पूरा यूरोप ऊर्जा असुरक्षा का सामना कर रहा था। ऐसे में, ईरान युद्ध उसके लिए एक और झटका है। ऊर्जा सब्सिडी, गैस भंडारण और अक्षय ऊर्जा की तरफ तेजी से बढ़ने की कोशिश हो रही है, लेकिन इन सबके बाद भी औद्योगिक लागत में बढ़त और विकास की रफ्तार में गिरावट साफ दिख रही है।

हालांकि, दिख यह भी रहा है कि चीन कैसे हर मोर्चे पर दूर की सोच रहा था। उसका हाल भी अपेक्षाकृत स्थिर और दीर्घकालीन योजना पर आधारित है। उसने पहले से ही अपनी ऊर्जा आपूर्ति का विकेंद्रीकरण कर लिया था। साथ ही लंबे दौर के तेल और गैस-आपूर्ति करारों के जरिये भी उसने पक्का किया है कि वह किसी एक स्रोत पर ज्यादा निर्भर न रहे। रूस और अन्य देशों से स्थिर आपूर्ति के अलावा उसके बड़े रणनीतिक भंडार भी उसे बुरे असर से बचाते हैं।

एक दिलचस्प उदाहरण जापान का अनुभव भी है। लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर होने के बावजूद वह कीमतों के उतार-चढ़ाव से काफी कम प्रभावित होता है। इसके लिए उसने ऊर्जा के बेहतर इस्तेमाल, आपातकालीन भंडार और परमाणु ऊर्जा स्रोतों का बेहतर दोहन करने की रणनीति अपनाई है। यह इस बात का सुबूत है कि आयात पर बड़ी निर्भरता के बावजूद सरकार और संस्थानों के स्तर पर अच्छी तैयारी किसी मुसीबत का मुकाबला करने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

साफ है, जिस देश की ऊर्जा नीति जितनी मजबूत और वैविध्यपूर्ण होती है, उसके लोग उतने ही कम प्रभावित होते हैं। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए चुनौती बड़ी है। हम अपनी ऊर्जा आवश्यकता का 85-90 प्रतिशत आयात करते हैं और इसका बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है। इसीलिए तेल की कीमतों का असर महंगाई, चालू खाता घाटे और रुपये पर दबाव के रूप में सामने आता है। औद्योगिक लागत बढ़ने से विकास दर भी प्रभावित होती है।

हालांकि, तस्वीर पूरी तरह से नकारात्मक नहीं है। भारत ने बीते वर्षों में कुछ ऐसे कदम उठाए हैं, जो इस संकट में राहत का आधार बन सकते हैं। जैसे, रूस से रियायती तेल खरीदने की नीति ने कीमतों को नियंत्रित रखने में मदद की है। अभी-अभी घटाई गई उत्पाद दर भी महंगाई के झटके को कम करने की ही कोशिश है। मगर ये तात्कालिक उपाय हैं, लंबे दौर का समाधान नहीं। अगर ऊर्जा संकट बार-बार लौटता है, तो उसका बोझ अंततः आम आदमी पर ही पड़ता है। इसलिए भारत को अपनी ऊर्जा नीति में बदलाव करने होंगे।

इस दिशा में सबसे जरूरी है- सतत ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना। सौर और पवन ऊर्जा न केवल पर्यावरण के लिए बेहतर हैं, बल्कि वे बाहरी निर्भरता को भी कम करती हैं। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है- सार्वजनिक परिवहन और ऊर्जा का बेहतर इस्तेमाल। अगर शहरों में बेहतर और सस्ता सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध हो, तो ईंधन की कीमतों में वृद्धि का असर व्यक्तिगत स्तर पर कम होगा। इसी तरह, ऊर्जा-कुशल उपकरणों और तकनीकों का उपयोग भी घरेलू खर्च को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। यही ऊर्जा दक्षता है। इसी तरह के प्रयास आपात स्थिति में कारगर साबित होंगे।

वैसे, कूटनीति की भूमिका इसमें भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अगर तेल-गैस आपूर्ति करने वाले अनेक देशों के साथ भारत के संबंधों में संतुलन रहे, तो ये चीजें अच्छे दाम और बेहतर शर्तों पर मिल सकती हैं, जिसका लाभ अंततः उपभोक्ताओं तक पहुंचता है।

कुल मिलाकर, ईरान युद्ध जैसे संकट केवल अंतरराष्ट्रीय समाचार नहीं हैं; यह आम आदमी की अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन जाते हैं। अगर सरकार ऊर्जा सुरक्षा, अर्थनीति और सामाजिक सुरक्षा के बीच संतुलन साध सके, तो न केवल इस संकट का मुकाबला हो सकता है, बल्कि आगे के लिए एक मजबूत और न्यायपूर्ण आर्थिक ढांचा भी तैयार किया जा सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# ईश्वर के दरबार में कोई भी 'वीआईपी' नहीं होता



यहां स्कैन करें

मनोज झा | सदस्य, राज्यसभा

धार्मिक स्थल वे विरल स्थान हैं, जहां समाज को अपनी बनाई हुई ऊंच-नीच की दीवारें पीछे छोड़ देनी चाहिए। वे केवल पूजा के केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसी नैतिक कल्पना के साकार रूप हैं, जहां मनुष्य अपनी सामाजिक पहचान, मसलन जाति, वर्ग, पद और प्रतिष्ठा- से ऊपर उठकर स्वयं को एक साधारण श्रद्धालु के रूप में देखता है। ऐसे स्थानों पर 'वीआईपी दर्शन' या विशेषाधिकार प्राप्त पहुंच की व्यवस्था इस मूल भावना को न केवल खंडित करती है, बल्कि आस्था को भी एक ऐसी कतार में बदल देती है, जो हैसियत के आधार पर विभाजित होती है। समता के सिद्धांत पर आधारित गणराज्य में इस प्रथा पर गंभीरता से पुनर्विचार ही नहीं, बल्कि इसे समाप्त करने की बात होनी चाहिए, ताकि भक्ति समान रहे, भले ही समाज के समान होने में थोड़ा और वक्त लग जाए।

भारत की आध्यात्मिक परंपराओं के केंद्र में ईश्वर के समक्ष समता का विचार गहराई से निहित है। भक्ति आंदोलन ने मध्यकालीन समाज में व्याप्त कठोर पदानुक्रमों को चुनौती देते हुए यह स्थापित किया कि ईश्वर तक पहुंच किसी विशेष वर्ग का विशेषाधिकार नहीं है। कबीर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मंदिर और मस्जिद की दीवारों से परे भी ईश्वर का वास है और गुरु नानक ने मनुष्य की समता को आध्यात्मिक सत्य के रूप में प्रस्तुत किया। इन परंपराओं ने बार-बार रेखांकित किया कि आध्यात्मिक मूल्य न तो जन्म से तय होते हैं, न धन से और न ही सत्ता से। इसलिए, 'वीआईपी दर्शन' की व्यवस्था अपने स्वरूप में ही उस पवित्र स्थल तक पहुंच को अलग-अलग स्तर में बांट देती है, जो इस गहरी परंपरा की आत्मा के प्रतिकूल है।

**आस्था के साझा क्षेत्र में भी कुछ लोग दूसरों से ऊपर हैं। यह बात उस मूल भावना के उलट है, जिसके कारण धार्मिक स्थल समाज में विशेष स्थान रखते हैं।**

सांविधानिक दृष्टि से भी यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 25 केवल औपचारिक कानूनी समता की बात नहीं करते, बल्कि समान गरिमा और समान पहुंच के आदर्श को भी स्थापित करते हैं। असाधारण परिस्थितियों में, जैसे किसी संवेदनशील पद पर आसीन व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना, कुछ विशेष व्यवस्थाएं अपरिहार्य हो सकती हैं। किंतु इन अस्थायी और अपवाद उपायों को सामान्य और नियमित प्रथा में बदल देना एक अलग ही नैतिक प्रश्न खड़ा करता है। जब 'वीआईपी दर्शन' एक संस्थागत रूप ले लेता है, तब यह न केवल एक सुविधा बनकर रह जाता है, बल्कि एक संदेश भी देता है कि आस्था के इस साझा क्षेत्र में भी कुछ लोग दूसरों से ऊपर हैं। यही संदेश उस मूल भावना के विपरीत है, जिसके कारण धार्मिक स्थल समाज में एक विशेष स्थान रखते हैं।

इस संदर्भ में यह समझना भी बहुत आवश्यक है कि धार्मिक संस्थाएं समाज से अलग नहीं होतीं; वे उसी समाज का विस्तार होती हैं। यदि समाज में विषमता है, तो उसका प्रभाव इन संस्थानों पर भी पड़ता है, लेकिन यही वह स्थान भी है, जहां समाज अपनी कमियों से ऊपर उठने का प्रयास करता है। यदि धार्मिक स्थल भी उन्हीं विषमताओं को दोहराने लगें, तो वे अपने उस नैतिक उद्देश्य से दूर चले जाते हैं, जिसके कारण उनका अस्तित्व सार्थक बनता है। आगे का रास्ता न तो सरल है और न ही तात्कालिक। इसके लिए एक व्यापक सामाजिक और संस्थागत सहमति की आवश्यकता होगी। मंदिर प्रशासन, राज्य संस्थाएं और समाज- सभी को मिलकर यह तय करना होगा कि किस प्रकार ऐसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएं, जो एक ओर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा जैसी व्यावहारिक आवश्यकताओं को पूरा करें और दूसरी ओर, समता के मूल सिद्धांत से किसी भी कीमत पर समझौता न करें। तकनीकी समाधान, बेहतर बुनियादी ढांचा, समय-आधारित प्रवेश प्रणाली और पारदर्शी प्रक्रियाएं- ये ऐसे उपाय हो सकते हैं, जो विशेषाधिकार के बिना भी सुव्यवस्था सुनिश्चित कर सकते हैं।

इस दिशा में यदि कोई सार्थक शुरुआत करनी है, तो वह इस सरल किंतु गहन बोध से हो कि ईश्वर की दृष्टि में कोई भी 'वीआईपी' नहीं होता। वहां न पद की ऊंचाई मायने रखती है, न प्रतिष्ठा का शोर; वहां केवल श्रद्धा की निस्तब्धता सुनी जाती है। आस्था का दरबार बराबरी का होता है, जहां हरेक सिर झुकने पर एक सा हो जाता है और यही वह सत्य है, जो हमारे समाज और हमारी सरकारों को भी सीखना चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# तनाव के बीच हंसना

असली हास्य वही है, जो तनावपूर्ण स्थिति में पैदा हो। हर मुश्किल में बौखला जाना ठीक नहीं है। सबसे पहले तो हमें अस्तित्व का धन्यवाद करना चाहिए कि हम हंस सकते हैं। यह वरदान सिर्फ मनुष्य को मिला है। अगर आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में हास्य ढूंढ़ लें, तो किसी भी संकट से आराम से गुजर सकते हैं।

एक बार हवाई अड्डे पर अजीब घटना घटी : लंबी उड़ान के बाद थके-हारे यात्रियों का समूह आखिरकार मंजिल पर पहुंच गया, लेकिन उनका सामान नहीं आया। काफी इंतजार के बाद आखिरकार एक सूटकेस मिला, लेकिन वह क्षतिग्रस्त था और कपड़े व निजी सामान 'कन्वेयर बेल्ट' पर बिखर गए थे। सभी लोग काफी परेशान हो उठे। तभी समूह के एक सदस्य ने कहा- 'शांत हो जाओ, यह तो वाकई मजेदार है। कुछ हफ्तों में हम आज रात की कहानियां सुनाएंगे मिर्च-मसाला लगाकर और हंसेंगे। फिर इंतजार क्यों करें? अगर तब मजा आएगा, तो अभी क्यों नहीं आ सकता?' इस टिप्पणी ने उन सबके तनाव को कम किया।

हंसी और कहकहे को 'इनर जॉगिंग' यानी आंतरिक कसरत कहा जाता है। खुलकर हंसने से हमारे चेहरे, कंधे, डायाफ्राम और पेट की मांसपेशियों की अच्छी कसरत होती है। हृदय गति और रक्तचाप अस्थायी रूप से बढ़ जाते हैं, सांसें तेज और गहरी हो जाती हैं और ऑक्सीजन पूरे रक्त में फैल जाती है। एक भरपूर हंसी प्रति घंटे उतनी ही कैलोरी जला सकती है, जितनी तेज चलने से जलती है। शोधकर्ताओं का मानना है, हंसी से एंडोर्फिन नामक हार्मोन निकलता है, जो मस्तिष्क में अफीम की तरह काम करता है। शायद इसी वजह से हंसी से दर्द में भी आराम मिलता है।

बचपन में हम दिन में कई बार हंसते थे, लेकिन बड़े होने पर जीवन अधिक गंभीर हो जाता है और हंसी कम ही मिलती है। हालांकि, हंसी और हास्य के अधिक अवसर तलाशकर हम अपने भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं, अपने रिश्तों को मजबूत कर सकते हैं, अधिक खुशी पा सकते हैं, यहां तक कि जीवन में कुछ वर्ष जोड़ भी सकते हैं। अच्छी बात है कि अनमोल औषधि मजेदार, मुफ्त और उपयोग में आसान है।

**बचपन में हम दिन में कई बार हंसते थे, मगर बड़े होने पर जीवन गंभीर हो जाता है और हंसी कम। हालांकि, हंसी और हास्य के अवसर तलाशकर हम अपना भावनात्मक स्वास्थ्य सुधार सकते हैं।**

ओशो कहते हैं, तुम कंजूसी से हंसते हो। रोने में तुम बड़े मुक्त-हस्त होते हो। जीवन में तुम्हारे सिवाय दुख के और कुछ भी नहीं है। तुम इतने रोए हो, इतने दुखी हुए हो कि तुम घबराते हो। रोने से तुम्हारा साथ-संग है, पुराना परिचय है; हंसने से तुम्हारा कोई संबंध नहीं। तुम्हारी हंसी कुंआरी नहीं होती; उस पर दाग होते हैं आंसुओं के। इसलिए हंसने की आदत डालो और आंसुओं से संबंध तोड़ दो। इतना भी मान लो कि हंसी तुम्हारे स्वास्थ्य के लिए अच्छी है, तब भी वह बेदाग हो जाएगी।

अमृत साधना

द्रौपदी मुर्मु | राष्ट्रपति



**सेवा-भाव से संचालित चिकित्सा संस्थानों की समाज में विशेष भूमिका है। ऐसे संस्थान केवल रोगों का उपचार नहीं करते, बल्कि रोगियों और उनके परिवारों के जीवन में नई आशा, विश्वास और सम्मान का भी संचार करते हैं।**

अनुलोम-विलोम

रेलवे के नए नियम



# बदलाव जरूरी, इसे सहजता से लेना चाहिए

भारतीय रेलवे ने आगामी 1 अप्रैल से नियमों में कई बदलाव करने की घोषणा की है। रेलवे समय-समय पर ऐसे बदलावों को अंजाम देता रहता है। आमतौर पर ये सारे बदलाव जरूरी ही होते हैं, इसलिए इन बदलावों को गंभीरता से और सहजता से लिया जाना चाहिए। अभी जिन बदलावों की बात की गई है, वे यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और ट्रेन की गति बढ़ाने पर केंद्रित हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि मोदी सरकार पांच बड़े सुधार लागू करने की तैयारी में है, जिससे रेलवे की सेवा बेहतर होगी। सबसे बड़ा बदलाव टिकट कैंसिल कराने को लेकर है।

नए नियमों के अनुसार, अगर ट्रेन छूटने से आठ घंटे के भीतर कंफर्म टिकट रद्द कराया गया, तो कोई राशि नहीं मिलेगी। इसी तरह, अगर टिकट ट्रेन चलने के समय से आठ घंटे पहले से 24 घंटे के बीच रद्द कराया, तो टिकट का आधा पैसा वापस मिलेगा और आधा रद्दीकरण प्रभार के तौर पर काट लिया जाएगा। ट्रेन के समय से 24 घंटे पहले से लेकर 72 घंटे पहले तक टिकट रद्द कराने पर 75 प्रतिशत ही वापस होगा। इस बदलाव का मकसद आखिरी समय में होने वाले रद्दीकरण को रोकना और सीटों का सही इस्तेमाल करना है।

आम तौर पर देखा जाता है कि रेल टिकटों की कालाबाजारी करने वाले दलाल पहले से ही बड़ी संख्या में टिकट कटवाकर रख लेते हैं। ये टिकट संकेताक्षर नामों से लिए जाते हैं, ताकि उस अक्षर से आने वाले किसी जरूरतमंद व्यक्ति को मनमानी राशि लेकर गलत टिकट दिया जा सके। इससे लोगों को कितनी परेशानी होती है, यह कल्पना से परे है। दलालों का गिरोह कालाबाजारी कर अवैध धन अर्जित करता है और बच गए टिकटों को अंतिम समय में नाममात्र का शुल्क देकर रद्द करा देता है। इसलिए इसको रोकने के लिए ये नियम-संशोधन अति आवश्यक हो गए थे। अब कालाबाजारी पर नकेल कसने की संभावना बढ़ गई है।

दूसरा बड़ा बदलाव बुकिंग प्रणाली में सुधार पर केंद्रित है। इसके तहत, टिकट बुकिंग प्रणाली में भी सुधार किए जा रहे हैं। अब यात्री ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक अपना शुरुआती स्टेशन बदल सकेंगे, जिससे उन्हें ज्यादा सुविधा मिलेगी। वहीं, तत्काल टिकट बुकिंग में आधार ओटीपी वेरिफिकेशन लागू किया गया है। रेलवे ने ऑनलाइन टिकटिंग सिस्टम को सुरक्षित बनाने के लिए एंटी-बॉट सिस्टम भी लागू किया है, जिसके चलते करीब तीन करोड़ संदिग्ध या निष्क्रिय यूजर आईडी को बंद कर दिया गया है। ये सभी सुधार रेलवे को अत्याधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में बड़े कदम हैं। इन सबसे यात्रियों को ही लाभ होगा।

सुधीर कुमार ठाकुर, टिप्पणीकार

# बार-बार नियम बदलने से भारी परेशानी

देश में रेल यात्रा अब कितनी तकलीफदेह साबित हो रही है, इसका अंदाजा केवल वही लगा सकता है, जिसे ट्रेनों में बार-बार सफर करने की जरूरत पड़ती है। कोढ़ में खाज यह कि रेल मंत्रालय ने हर छह माह पर कोई न कोई नियम बदलकर यात्रियों को तंग करने का बीड़ा उठा लिया है।

रेलवे के नियमों में होने वाले बदलाव कई बार गैर-जरूरी होते हैं। ये नए नियम यात्रियों को परेशान करते हैं, क्योंकि आम यात्रियों को इनको समझने में ही अच्छा-खासा समय लग जाता है। इसके कारण कई बार यात्रियों और रेल कर्मचारियों के बीच नोक-झोंक तक हो जाती है। रेलवे टिकट रद्दीकरण को लेकर जो नियम संशोधित किए गए हैं, लोग-बाग तो इसे सरकार द्वारा रेलवे के माध्यम से 'वसूली अभियान' तक बताने लगे हैं।

यह बात किसी की समझ में नहीं आ रही कि आखिर चार घंटे पहले तक टिकट रद्द कराने के नियम को बढ़ाकर आठ घंटे क्यों कर दिया गया है? 24 घंटे के बजाय 72 घंटे पहले टिकट रद्द कराना क्यों जरूरी है? असल बात यह है कि लोग अपनी यात्रा तभी रद्द करते हैं, जब आखिरी वक्त में कोई अपरिहार्य कारण उनके सामने आ जाता है। अमूमन लोग तफरीह करने के लिए यात्रा नहीं करते, बल्कि बहुत जरूरी होने पर रेलगाड़ियों में जाते हैं। ऐसे में, अगर उन्हें कहा जाता है कि या तो 72 घंटे पहले टिकट रद्द कराओ, नहीं तो मनमानी राशि काट ली जाएगी, तो यह सरासर नाइंसाफी है।

माना कि सरकार पर बहुत बोझ है और रेलवे को संभालना उसके लिए असहनीय होता जा रहा है, लेकिन इसके लिए यात्रियों को सजा देना भला कहां तक उचित है? सरकार को चाहिए कि वह अपने कर्मचारियों और रेल विभाग की लापरवाही, अनियमितता और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाए। ऐसा करने से रेलवे की आय में इजाफा हो सकता है। आखिर, रेलवे को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी क्यों हो रही है? सरकार हर चीज से पल्ला क्यों झाड़ना चाहती है?

सरकार को यात्रियों की जेब पर डाका डालने से तो बचना ही चाहिए, साथ ही अनाप-शनाप नियम न बनाए या बने-बनाए नियमों में बिला वजह संशोधन न करे। इसकी जगह वह रेलों को सही समय पर चलाने, यात्रियों को सुविधाएं देने की ओर ध्यान दे, तो आमदनी यूं ही नियमित हो जाएगी। लोगों का रेलवे पर भरोसा बढ़ेगा। हर साल और कई बार तो साल में दो-तीन बार प्रकारांतर से यात्रियों की जेब काटने की इस रणनीति से लोगों का रेलवे से विश्वास उठ जाएगा और देश का सबसे बड़ा यह उद्यम गर्त में चला जाएगा। क्या सरकार इस बात पर गौर करेगी?

अमल कुमार, टिप्पणीकार

# पूरे मन को न जाने एआई

**इंसान की तुलना में एआई से बातें करना ज्यादा आसान है, ऐसा कहने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। दफ्तर से लेकर निजी बातचीत, हर स्तर पर एआई के नपे-तुले शब्दों का बोलबाला है, लेकिन तकनीक की यह अति हमारी भावनाओं पर भारी पड़ सकती है। कहीं ऐसा न हो कि हमारे शब्द तो सुलझ जाएं, पर मन उलझा ही रह जाए। अपनी भावनाओं को मशीनी होने से बचाना जरूरी है।**



**अलेक्जेंडर अमाटस**

आधी रात का समय था, जब पहली बार मुझे इसका अहसास हुआ। मैं अपनी रसोई में ऑफिस के कपड़ों में अकेला बैठा था। दिनभर की बैठकों और एक कठिन फैसले के बोझ के साथ घर लौटा था- एक ऐसा फैसला, जिससे किसी की नौकरी और सुरक्षा प्रभावित होने वाली थी। घर पहुंचा तो उलझन और थकावट हावी थी। स्क्रीन पर एक चैट विंडो खुली थी। मैं किसी दोस्त से नहीं, एआई से बात कर रहा था। मैंने नेतृत्व के बोझ और अपने अपराधबोध से जुड़ा एक उलझा हुआ पैराग्राफ टाइप किया: 'मुझे लग रहा है, जैसे मैं सबको निराश कर रहा हूं।' कुछ ही सेकंड में शांत शब्दों में जवाब आया- 'आप जिस भावनात्मक बोझ का सामना कर रहे हैं, उसमें ऐसा महसूस करना स्वाभाविक है।' यह सुनकर मुझे शांति मिली, पर साथ ही एक खालीपन भी महसूस हुआ। मैं एक बड़ी मानसिक स्वास्थ्य सेवा चलाता हूं। लोग यह मानते हैं कि मैं बिना विचलित हुए जटिलताओं को संभाल सकूंगा, लेकिन उस रात मुझे एहसास हुआ कि मैंने अपनी आंतरिक दुनिया को चुपचाप एक मशीन के हवाले कर दिया था। यही बात मेरा अपराधबोध बढ़ा रही थी।

## गुम न जाए आपकी अपनी आवाज

मैं अक्सर बैठकों में, सामान्य बातचीत में और व्हाट्सएप चैट्स में लोगों को यह कहते सुनता हूं- 'मैंने अपना संदेश पहले एआई से लिखवाया, ताकि मैं बहुत भावुक न लगूं।' 'जवाब देने से पहले मैंने चैटबॉट से पूछा कि कहीं मैं जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया तो नहीं दे रहा हूं।' 'कभी-कभी किसी और से बात करने की बजाय, एआई से बात करना आसान होता है।' कुल मिलाकर हम एआई की ओर मुड़ते हैं, ताकि सही 'टोन' में बात करें, ताकि किसी को बुरा न लगे।

- हमारी भावनाएं तर्कसंगत लगें।
- हम ज्यादा समझदार दिखाई दें।
- हमें तुरंत जवाब मिल जाए, जब हम थके हुए हों।

एआई से मदद लेने में कोई बुराई नहीं है और न ही यह कमजोरी है। आश्वासन, सुकून और समर्थन चाहना मानवीय स्वभाव है। लीडर्स, सहकर्मी, दोस्त, निजी रिश्ते, सभी स्तरों पर संवाद के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन सबके पीछे एक डर यह है- कहीं हमारी असल अभिव्यक्ति, हमारी बिना कांट-छांट वाली बातें, हमारे सम्मान, रिश्ते या नौकरी को खतरे में न डाल दें, इसलिए हम अपने शब्द एक ऐसे सिस्टम को दे देते हैं, जो कभी झिझकता नहीं, झुंझलाता नहीं, कभी शर्माता नहीं। वह हमें कुछ ऐसा वापस देता है, जो ज्यादा सुलझा हुआ और संतुलित होता है। और धीरे-धीरे, हम खुद से ज्यादा उस मशीन पर भरोसा करने लगते हैं।

हर बार जब मैंने ईमानदारी के बजाय दिखावे को चुना, सच के बजाय नियंत्रण को प्राथमिकता दी, मैं खुद से थोड़ा और दूर होता चला गया। समय के साथ, इसने मेरे दिमाग को तो स्पष्ट कर दिया, पर मुझे अपने शरीर, अपनी सहज प्रवृत्तियों और इच्छाओं के बोध से काट दिया।

## जब दोस्त ने पूछा ...

एक शाम, काफी व्यस्त गुजरे हफ्ते के बाद, मैं एक करीबी दोस्त से बात कर रहा था। मैंने वही पुराना नपा-तुला जवाब दिया-'हफ्ता काफी व्यस्त रहा, पर यह तो जिम्मेदारी का हिस्सा है। हम आगे बढ़ रहे हैं और यह सौभाग्य है ...' वह कुछ पल चुप रहा और बोला- यह सुनने में कितना बनावटी लग रहा है। सच बोलो कैसे हो? मैं ठिठक गया। दरअसल, मेरे शब्द समझदारी भरे थे, लेकिन वे सच नहीं थे। कुछ सेकेंड के लिए मुझे मेरे अपने शब्द नहीं मिले। मैं इंसान की तरह बोलना भूल गया था। मैं एआई को दोष नहीं दे सका। मैं सोचने लगा कि मैंने अपनी खुद की आवाज पर भरोसा करना कब बंद कर दिया?

## असल डर क्या था?

जब मैंने चमक-धमक वाले शब्दों के नीचे झांका, तो एक बड़ा सामान्य सा डर दिखाई दिया। अगर मैं पूरी तरह ईमानदार हो गया, तो सब कुछ बिखर सकता है। अगर मैंने यह माना कि कई बार मैं भावुक हो जाता हूं, तो मेरी टीम मुझ पर विश्वास नहीं करेगी। अगर मैं दोस्त से कहूंगा कि थकान के कारण मैं नहीं मिल पाउंगा, तो उसे लगेगा कि मैं परवाह नहीं करता।

इस तरह एआई मेरे डर से छिपने के लिए एक सुरक्षित जगह बन गया था। मैं यहां बिना बोझ महसूस किए सलाह पा सकता हूं। मैं दूसरों की प्रतिक्रियाओं की चिंता किए बिना, कुछ पलों के लिए खुद को 'संभला हुआ' महसूस कर सकता हूं। हालांकि, इससे दिमाग तो साफ हो जाता था, मेरा शरीर नहीं, क्योंकि मेरे तंत्रिका तंत्र को सही वाक्यों की जरूरत नहीं थी; उसे इस आश्वस्ति की जरूरत थी कि मेरा असली, उलझा हुआ रूप लोगों के सामने रहने के काबिल है। मैं जैसा हूं, दूसरे उसी तरह मुझे स्वीकारते हैं।

tinybuddha.com

## तकनीक का सहारा लें, उसे खुद पर हावी न करें

### 1 पहले खुद से पूछें

किसी टूल से यह पूछने से पहले कि 'मुझे क्या कहना चाहिए?' मैं खुद से पूछता हूं, मैं अभी असल में क्या महसूस कर रहा हूं?' उस संबंध में मेरी पसंद, नापसंद, गुस्सा, इच्छा आदि क्या है। इसके बाद ही मैं तकनीक से मदद लेता हूं। इस तरह मेरी अभिव्यक्ति ज्यादा स्पष्ट रूप से बाहर आती है। साथ ही मेरी भावनाओं की बागडोर मेरे अपने हाथ में रहती है।

### 2 लोगों से मदद लें

अगर किसी तनाव में हैं, तो मशीनों से सुकून हासिल करने की जगह लोगों से बात करें। आप किसी से कह सकते हैं, आज दिन भारी है, क्या हम दस मिनट बात करें? इससे भले ही जवाब न मिले, पर नर्वस सिस्टम को यह संदेश जाता है कि आप अकेले नहीं हैं।

### 3 अपनों की कद्र

मैं अपनों से जुड़ी बेहद महत्वपूर्ण भावनात्मक बातचीत के लिए एआई की मदद नहीं लेता। ये वे लोग हैं, जिनके साथ बातचीत में मुझे किसी दिखावे की जरूरत नहीं है। ऐसे लोगों से बनावटी बात करने से बचें। दूसरों को भी सुनें।

### क्या आप पर भी हावी है तकनीक?

हर किसी के हालात अलग होते हैं, बावजूद कुछ बातें समझनी चाहिए

- तकनीक का इस्तेमाल करना न अजीब है, न ही इसका मतलब आप अयोग्य हैं। समस्या तकनीक नहीं है, पर खुद से संवाद करना न छोड़ें।
- आपके वे हिस्से जो बहुत नाटकीय या जटिल लगते हैं, अक्सर उन्हीं को स्वयं आपके या अपनों द्वारा समझे जाने की जरूरत होती है।
- आप तकनीक से पूरी तरह दूरी न बनाएं और न ही हर व्यक्ति के सामने अपनी निजी बातें खोलकर रखें।

### बड़े काम की छोटी-छोटी शुरुआत

- फोन उठाने से पहले एक ईमानदारी भरी सांस लें।
- 'मैं ठीक हूं' जैसे सवाल का जवाब कुछ अपनों के सामने बनावटी भावनाओं को खुलकर सामने रखें।
- सुबह उठने के बाद पहले तीस मिनट और सोने से पहले के तीस मिनट तकनीक का इस्तेमाल न करें।
- निजी और उलझी हुई बातचीत के लिए तुरंत एआई की मदद न लें। पहले खुद विचार करें।

काम की बात

# स्वयं के दोस्त बनें

**अध्ययन कहते हैं कि स्वयं के प्रति उदार होना, हमारे अवसाद और बेचैनी को 30% तक कम कर सकता है। हमारी दिक्कत है कि हम दूसरों को माफ कर देते हैं, पर स्वयं को नहीं कर पाते। आत्म-करुणा केवल एक भावनात्मक विचार नहीं है। यह एक मानसिक कौशल है, जो कठिन समय में हमारी कार्यक्षमता और लचीलापन बढ़ाता है।**



### जानें भीतर के आलोचक को

जब मन में खुद के बारे में हीन विचार आएं, तो उन्हें सच मानने के बजाय सिर्फ एक आवाज की तरह देखें। **सोचें**: 'यह मेरा अंदरूनी मन खुद को कोस रहा है, यह हकीकत नहीं है।' **फायदा**: आपकी हीन विचारों से दूरी बनेगी।



### मित्र जैसा व्यवहार

खुद से वही कहें, जो आप मुसीबत में फंसे अपने सबसे प्रिय मित्र से कहते हैं। **क्या करें**: अगर आप दोस्त को अयोग्य नहीं मानते, तो खुद को भी न कहें। **फायदा**: आप खुद को कोसने की जगह नरमी से पेश आएंगे।



### गलती से सबक लें

किसी एक गलती से खुद को नकारा न मानें। इसे आगे के सुधार के लिए जानकारी समझें। **सवाल पूछें**: क्या कारण रहा? कहां सुधार की जरूरत है? **फायदा**: समाधान पर ध्यान देंगे। कुछ नया सीखेंगे।

### खुद का ध्यान खुदगर्जी नहीं



तनाव के समय खुद को और रगड़ने के बजाय खुद को 'रीचार्ज' करें। **छोटे कदम**: कुछ देर टहलना, डायरी लिखना या बच्चों संग खेलना। **फायदा**: यह मन को संदेश देता है कि आप देखभाल के हकदार हैं।

### अपनी जीत का हिसाब रखें



एक हार को अपनी पूरी पहचान न बनने दें। अपनी पिछली सफलताएं याद करें। **अभ्यास**: दिन भर की 3 छोटी उपलब्धियां लिखें। **फायदा**: ऐसा करना आपके नजरिये को संतुलित रखता है।

### अपनी 'स्क्रिप्ट' बदलें




पुरानी नकारात्मक बातों को नए और दयालु वाक्यों से बदल दें। **नया मंत्र**: 'मैं इंसान हूं, मैं सीख रहा हूं और मैं इसमें सुधार कर सकता हूं।' **फायदा**: धीरे-धीरे नकारात्मक विचारों की शक्ति खत्म होने लगती है।





### पॉज बटन दबाएं

भावनाओं के उफान में तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। एक गहरी सांस लें। **क्या करें**: स्थिति से 2 मिनट के लिए हट जाएं और अपनी सांसों पर ध्यान दें। **फायदा**: यह हर समय खुद की आलोचना करने के चक्र को तोड़ देता है।

# छोटी-छोटी चीजों की कद्र करना सीखें

**बड़ी चीजों को पाने और अपनी महत्वाकांक्षाओं के पीछे भागते हुए हम अक्सर भूल जाते हैं कि इनसे हमें आनंद की बजाय तनाव मिल रहा है। खुशियों को हासिल करने के लिए दौड़ना नहीं, ठहरना होता है ...**

विविध



**कुछ** दिनों पहले सोशल मीडिया में एक युवा मां की पोस्ट पढ़ रही थी। उसमें इतनी प्यारी बात लिखी थी कि मैं पढ़ने और फिर सोचने पर मजबूर हो गई। पोस्ट में लिखा था: कुछ दिन पहले मेरी आठ साल की बेटी से स्कूल में हैप्पीनेस क्लास में एक सवाल पूछा गया कि तुम किस बात से खुश होती हो? मेरी बेटी ने जवाब दिया, मेरे साथ मेरा प्यारा डॉगी रहता है, उसे देख कर मैं खुश होती हूं। मुझे ऐसा लगा कि दो साल पहले अपनी बेटी के जन्मदिन पर हमने उसे एक पपी का जो तोहफा दिया था, वो सच में उसके लिए कितना अहम बन गया है।

मैं दूसरे दिन स्कूल गई और टीचर से बातों-बातों में पूछा कि दूसरे बच्चों ने इस सवाल के जवाब में क्या कहा। टीचर ने बताया, ज्यादातर बच्चों ने पालतू के साथ समय बिताने को सबसे आनंददायक बताया। एक बच्चे ने कहा कि जब उसके पापा उसके साथ क्रिकेट खेलते हैं, तो उसे सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। इसके अलावा बच्चों ने चिड़ियाघर में बिताया समय, कॉर्टून देखते समय और मनपसंद कोई चीज खाते समय खुशी महसूस की। बच्चों को खुशी छोटी चीजों से मिल रही थी। किसी बच्चे ने यह नहीं कहा कि पैसा मिलने पर या महंगा तोहफा मिलने पर उन्हें खुशी मिलती है। बच्चों की यह सोच दरअसल होनी तो हम सबकी सोच चाहिए।

प्रसिद्ध लेखक आर्थर कॉनन डॉयल कहते थे, 'यह मेरा सर्वमान्य सिद्धांत रहा है कि छोटी-छोटी चीजें ही सबसे महत्वपूर्ण होती हैं।' उनके मुताबिक जिंदगी का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी चीजों या किसी अनहोनी का इंतजार बेमानी है। बारीकियों पर ध्यान दें और उसका आनंद लें, जैसे भूले-बिसरे रास्तों में सुंदरता खोजें। खुशी इस बात से नहीं मिलती कि हमारे पास कितना और क्या-क्या है, बल्कि इस बात से मिलती है कि हम उसका कितना आनंद लेते हैं। अगर आप इस इंतजार में हैं कि कोई बड़ा अवसर मिलेगा, तब आप खुश होंगे, तो शायद उसके इंतजार में आप भीतर से खाली होते जाएंगे।' रोज-ब-रोज हर छोटी बातों पर जश्न मनाएं। बिल्कुल एक बच्चे की तरह।

प्रसिद्ध पत्रकार और उपन्यासकार रुडयार्ड किपलिंग ने लिखा है, 'छोटी-छोटी चीजों के प्रति सजगता के माध्यम से हम वर्तमान में स्थिर हो सकते हैं और साधारण चीजों और रोजमर्रा के क्षणों को कहीं अधिक जिज्ञासा, रुचि और विस्मय के साथ देख सकते हैं।' ओशो भी यह मानते थे कि भीतर के बचपन के आश्चर्य और विस्मय की भावना को दोबारा जाग्रत करके आप महसूस कर सकते हैं कि जिंदगी अधिक संतोषजनक है और आपके पास अपने लिए अधिक समय है। अगर आप हर उम्र में ऐसा कर पाएं, तो आप पाएंगे कि आप कम अधीर हैं, भौतिक वस्तुओं के प्रति कम चिंतित हैं। अपने अनुभवों, खासकर वर्तमान के अनुभवों पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

अमेरिकी खिलाड़ी और बास्केट बॉल कोच जॉन वुडन ये भी कहते हैं कि छोटे-छोटे काम प्यार से करें, क्योंकि यही छोटी चीजें बड़ी चीजें संभव बनाती हैं। जैसे एक स्पर्श, एक मुस्कान, एक प्यार से भरा शब्द और सच्ची प्रशंसा। इनकी शक्ति को कम मत आंकिए।

**जयंती रंगनाथन**

### इस तरह लाएं अपने में बदलाव

- सकारात्मक सोचें और अपनी कल्पना को ईमानदार बनाएं।
- मजबूत, प्यारभरे और सार्थक रिश्ते बनाएं।
- अपने दिल की सुनिए और अपने सपनों में जिएं।
- खुद को अभिव्यक्त करना सीखें।
- उन चीजों को छोड़ दें, जो आपकी शांति और खुशी में बाधक हैं।

एकदा

# सुधार

दो भाई बड़े प्रेम से रहते थे। एक दिन किसी बात पर कहा सुनी हो गई। छोटे ने बड़े भाई को अपशब्द कह दिए। रिश्तों में दरार पड़ गई। दोनों अलग रहने लगे। कुछ वर्षों बाद छोटे भाई की बेटी का विवाह होना था। छोटे ने सोचा, बड़े भाई को मुझे जाकर मना लेना चाहिए। वह बड़े भाई के पास गया। पैर छूकर पिछली बातों की माफी मांगी और कहा, 'अब चलिए और विवाह कार्य संभालिए।'

बड़ा भाई नहीं पसीजा। उसने साफ मना कर दिया। छोटे भाई को दुख हुआ। इधर विवाह के भी बहुत थोड़े दिन ही रह गए थे। एक रिश्तेदार ने बताया कि तुम्हारा बड़ा भाई एक संत के पास हर रोज जाता है। छोटा भाई उन संत के पास पहुंचा। उन्हें सारी बात बताई। अपनी गलती की माफी भी मांगी और संत से भाई को मनवाने की प्रार्थना की।

दूसरे दिन बड़ा भाई जब संत के पास गया तो उससे पूछा, 'तुम्हारे छोटे भाई के यहां कन्या का विवाह है, तुम क्या काम संभाल रहे हो?' बड़े भाई ने कहा गुरुदेव, 'मैं जा ही नहीं रहा। कुछ साल पहले मेरे छोटे भाई के कहे शब्द आज भी मुझे चुभते हैं।'

संत बोले, 'मैंने गत रविवार को प्रवचन में क्या कहा था?' बड़ा भाई बिल्कुल मौन। वह हाथ जोड़कर बोला, 'माफी चाहता हूं, कुछ याद नहीं आ रहा है कि कौन-सा विषय था?' संत बोले, 'मेरी बताई अच्छी बातें तुम्हें आठ दिन भी याद नहीं रहीं और छोटे भाई के कड़वे बोल आज भी याद हैं। जब तुम अच्छी बातें याद नहीं रख पाते, तो उन्हें जीवन में कैसे उतारोगे? कल से तुम यहां न आना।'

बड़े भाई की आंखें खुल गईं। वह सत्संग के बाद छोटे भाई के यहां गया और उसे गले लगा लिया।

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष**: मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। पिता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृष**: आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। कारोबार का विस्तार होगा। माता-पिता से धन मिल सकते हैं।

**मिथुन**: आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता का साथ मिलेगा।

**कर्क**: वाणी में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में बदलाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह**: आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**कन्या**: मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला**: आत्मविश्वास भरपूर तो रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृश्चिक**: आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पर, मन परेशान हो सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु**: आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कला व संगीत में रुचि बढ़ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। भागदौड़ बढ़ सकती है।

**मकर**: आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, पर संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**कुंभ**: किसी अज्ञात भय से परेशान रह सकते हैं। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**मीन**: आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

30 मार्च, सोमवार, **शक संवत्** : 09 चैत्र (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग**: 17 चैत्र मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम**: 10 शव्वाल, 1447, **विक्रमी संवत्**: विक्रमी संवत चैत्र शुक्ल द्वादशी तिथि प्रातः 07.10 बजे तक पश्चात त्रयोदशी तिथि, शूल योग सायं 04.51 बजे तक पश्चात गंड योग, बालव करण। चंद्रमा सिंह राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य उत्तरायण**। सूर्य उत्तर गोल। प्रातः 07.30 बजे से प्रातः 09 बजे तक राहुकालम्। मदन द्वादशी। सोम प्रदोष व्रत। अनंग त्रयोदशी। गंडमूल दोपहर 02.48 मिनट तक।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**हमारी फैक्ट्री चल रही है, परंतु 15 साल बाद भी स्थिरता नहीं है। कोई उपाय बताएं।**

**-अरुण मल्होत्रा**, दिल्ली

- आपकी फैक्ट्री एल शेप की है। ऐल शेप होने के कारण इसकी दक्षिण पश्चिम दिशा कट गई है। इस कारण आपके व्यवसाय में अभी तक स्थायित्व नहीं आ पाया है। इसमें किसी अनुभवी वास्तु विशेषज्ञ की देख-रेख में सुधार करवाएं।
- फैक्ट्री की दक्षिण पश्चिम दिशा की दीवार पर पीला रंग करवाएं। यहां पर ब्लैक टूर्मिलिन के पिरामिड रखें। फैक्ट्री के ईशान कोण में एक पीतल के बर्तन में चावल एवं तीन हल्दी की गांठे रखें।

### वर्ग पहेली : 8283

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | 3 | | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | 7 | | | | | | | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | |
| | ■ | 9 | | ■ | 10 | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 11 | ■ | ■ | 12 | |
| 13 | | | | | | | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 14 | |
| 15 | | | | | | ■ | | ■ |

**बाएं से दाएं**
2. सूचना भेजना; समाचार पहुंचाना (3,3)
6. रस्सी; कंठहार; माला; कीमत; मूल्य (2)
7. अपना मतलब पूरा करना; अपने काम का ही ध्यान रखना (2,1,2,3)
8. राय; विचार; आशय; भाव; सम्मति; धर्म (2)
9. अनुग्रह; दया; मेहरबानी; क्षमादान (2)
10. सींगवाले पशुओं के पैरों का गोल तथा बीच में फटा अगला सिरा; टाप; सुम (2)
12. अलग होना; उठना; चलना; रवाना होना; विदा होना (2)
13. दोष लगवाना; निंदा करवाना; (4,4)
14. फूलों का व्यवसाय करने वाली जाति; बगीचे का रखवाला (2)
15. इज्जत समाप्त करवाना; प्रतिष्ठा नष्ट कराना; अपमान करवाना (2,4)

**ऊपर से नीचे**
1. एक प्रकार की तलवार; यम का छुरा; यम का अंडा (4)
3. बच्चों का; बच्चों वाला; बच्चों जैसा (4)
4. अपराधी; दोषी; कसूर करने वाला (5)
5. बहुत प्रसन्न होना; स्वयं नाचते हुए दूसरों को नाचने के लिए खींच कर लाना (3,3)
8. पसंद आना; अच्छा लगना; भा जाना; रुचना (2,1,3)
9. कृमि का नाश करने वाला; कृमिरोग की औषधि (5)
11. गौना; द्विरागमन; पत्नी को मायके से अपने घर ले जाने की रस्म (4)
12. ज्ञात; देखाभाला, परखा हुआ, प्रसिद्ध (2,2)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8282

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1ब | 2ना | ब | 3ना | या | ■ | 4च | ■ | 5म |
| ■ | क | ■ | मि | ■ | 6ब | ह | क | ना |
| 7इ | त | रे | त | र | ■ | च | ■ | क |
| ■ | क | ■ | क | ■ | 8ब | हा | दु | र |
| 9ह | ■ | 10दू | र | क | र | ना | ■ | ना |
| 11क | त | र | ना | ■ | बा | ■ | 12क | ■ |
| ला | ■ | सं | ■ | 13या | द | क | र | ना |
| 14प | त्रा | चा | र | ■ | हो | ■ | त | ■ |
| न | ■ | र | ■ | 15अ | ना | था | ल | य |

### सुडोकू : 8265

*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | | 9 | | |
| | 7 | | | 4 | | | 8 | |
| 1 | 2 | | | | | | 5 | 6 |
| | | 9 | 4 | | 2 | 3 | | |
| | | | 3 | | 8 | | | |
| | | 8 | 7 | | 5 | 2 | | |
| 8 | 1 | | | | | | 9 | 4 |
| | 6 | | | 7 | | | 2 | |
| | | 2 | | | | 6 | | |

**खेलने का तरीका**: दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8264

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 4 | 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 7 | 6 | 8 |
| 7 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 1 | 8 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 |

संपादकीय जागरण

सोमवार, 30 मार्च, 2026 : चैत्र शुक्ल – 12 वि. 2083

व्यक्ति के स्वभाव पर उसका भविष्य निर्भर करता है

# माओवाद से मुक्ति की घड़ी

**माओवाद से** मुक्ति की समयसीमा निकट आ जाने के पूर्व बस्तर में 25 लाख के इनामी माओवादी सरगना पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ जिस तरह हथियार डाले, उसे माओवादियों के इस सबसे बड़े गढ़ में माओवादी हिंसा के अंत का एक निर्णायक क्षण मानना स्वाभाविक है, क्योंकि यह इस क्षेत्र का आखिरी बड़ा माओवादी सरगना माना जाता था। देश का माओवाद से मुक्ति की कगार पर पहुंचना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि के लिए पूरा श्रेय मोदी सरकार और विशेष रूप से गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, जिन्होंने यह संकल्प लिया कि एक निश्चित अवधि में माओवादियों को घुटने टेकने के लिए विवश किया जाएगा। यह संकल्प पूरा होता इसलिए दिखाई दे रहा है, क्योंकि सुरक्षा बलों ने एक व्यापक और कहीं अधिक प्रभावी रणनीति के तहत माओवाद के खात्मे का अभियान छेड़ा। अच्छी बात यह रही कि इस अभियान में माओवाद ग्रस्त सभी राज्यों और वहां के सुरक्षा बलों ने पूरा सहयोग दिया। यदि माओवाद दशकों से देश के लिए सिरदर्द और आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बना रहा तो इसीलिए कि पहले की सरकारों ने उससे निपटने के मामले में वैसी प्रतिबद्धता का परिचय नहीं दिया, जैसी आवश्यक थी।

अब जब माओवाद अंतिम सांसें गिनता दिख रहा है तो यह ध्यान रहे कि ग्रामीण क्षेत्रों में हथियारबंद माओवादी भले ही असहाय-निरुपाय दिख रहे हों, लेकिन अर्बन नक्सल कहे जाने वाले उनके उन समर्थकों को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए, जो माओवादी संगठनों को वैचारिक खुराक देते रहे हैं। स्पष्ट है कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को हताश-निराश माओवादियों को फिर से सिर उठाने का अवसर नहीं देना चाहिए। यह हिंसक विचारधारा किसी भी सूरत में दोबारा नहीं पनपनी चाहिए। माओवाद घोर अतिवादी एवं सभ्य समाज को चुनौती देने वाली एक विषैली और विजातीय विचारधारा है। स्पष्ट है कि इस विचारधारा का सामना विचार के स्तर पर भी करना होगा। ऐसा करते समय यह भी स्मरण रखना होगा कि निर्धन-वंचित ग्रामीणों और विशेष रूप से वनवासियों के हितों की रक्षा की फर्जी आड़ लेकर पनपी इस विचारधारा को समय-समय पर राजनीतिक संरक्षण भी मिला। चूंकि माओवादी भोले-भाले ग्रामीण लोगों के हितों के बहाने कमीशनखोरी और उगाही करने वाले गिरोह में तब्दील हो गए थे, इसलिए वे अपने को सशक्त करते चले गए। सबसे आश्चर्यजनक बात यह रही कि वे विभिन्न स्रोतों से आधुनिक हथियार एवं विस्फोटक भी हासिल करने में समर्थ रहे। यह सबको और विशेष रूप से माओवादियों के दबे-छिपे समर्थकों और उनसे हमदर्दी रखने वालों को समझने की आवश्यकता है कि माओवाद सरीखी विनाशकारी विचारधारा के लिए इस देश में कोई स्थान नहीं हो सकता।

# चिंताजनक स्थिति

**राजधानी में** ई-रिक्शा लास्ट माइल कनेक्टिविटी का प्रमुख परिवहन साधन है, लेकिन अनियंत्रित और अवैध संचालन के कारण गंभीर समस्याएं उत्पन्न होने लगी हैं। इनसे दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है। यातायात पुलिस के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में ई-रिक्शा से होने वाली दुर्घटनाओं में 10 लोगों की मौत हुई थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 36 हो गई। इसका मुख्य कारण यातायात नियमों का निरंतर उल्लंघन है। यहां करीब दो लाख ई-रिक्शा पंजीकृत हैं, लेकिन इससे कहीं अधिक अवैध रूप से सड़कों पर बिना रोक-टोक दौड़ रहे हैं। मेट्रो स्टेशन, बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ये बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं, जिससे सड़क पर जाम लगता है।

> राजधानी में ई-रिक्शा जाम और हादसों की वजह बन रहे हैं, दिल्ली पुलिस को इससे निपटने के लिए उपाय करने चाहिए

चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है। अक्सर नाबालिग ई-रिक्शा चलाते दिख जाते हैं। यह सही है कि ई-रिक्शा लोगों को घर से मेट्रो स्टेशन, बस स्टाप और आस-पास के स्थानों तक जाने में सुविधा प्रदान करते हैं। लेकिन ये हादसे की वजह भी बन रहे हैं। यातायात पुलिस व संबंधित विभाग को इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि यह राजधानी की सड़कों पर चलने वाले नागरिकों की सुरक्षा का गंभीर मामला है। इसमें किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता।

**कह के रहेंगे** — माधव जोशी




**जागरण जनमत** — कल का परिणाम

क्या 31 मार्च तक देश से माओवाद की समस्या खत्म होती दिख रही है?




**आज का सवाल**

क्या बुजुर्गों के लिए एक अलग विभाग खोले जाने से वृद्धजनों की समस्याएं कम होंगी?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# ट्रंप के लिए वियतनाम बना ईरान



शिवकांत शर्मा

**ईरान को लेकर अगर ट्रंप के लक्ष्य पूरे नहीं होते तो उन्हें मागा राष्ट्रपति के रूप में नहीं, वियतनाम से हारे निक्सन और इराक से पस्त बुश की तरह देखा जाएगा**

जिस ईरान युद्ध को छेड़ने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोचा होगा कि महज चार दिनों में ही जंग का फैसला हो जाएगा, वह टकराव महीने भर से ज्यादा लंबा खिंच गया है और उस पर जल्द विराम के भी कोई आसार नहीं दिख रहे। इस दौरान अमेरिका के लगभग 40 अरब डालर खर्च हो चुके हैं। रणभूमि पर सैनिक नहीं उतारने की बारंबार दुहाई देने के बावजूद ट्रंप को लगभग सात हजार मरीन और पैराशूट सैनिक भेजने पड़ रहे हैं, लेकिन ईरान न किसी तरह की हार मानने को तैयार है और न सीधी बातचीत को। अमेरिकी कांग्रेस और संयुक्त राष्ट्र से अनुमति लिए बिना ईरान के परमाणु और मिसाइल खतरे से रक्षा के बहाने छेड़े इस युद्ध ने पूरी दुनिया को गंभीर आर्थिक संकट में झोंक दिया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि अपने व्यापक विनाश से तिलमिलाया ईरान अब अपने 454 किलो संवर्धित यूरेनियम को सौंपना और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को सीमित करना तो दूर, होर्मुज जलमार्ग पर कब्जा करने पर तुल गया है।

ईरान की निगरानी में गुजरे कुछ जहाजों के अलावा यह जलमार्ग पिछले महीने भर से बंद है। इसकी वजह से तेल, गैस, उर्वरक, हीलियम और प्लास्टिक के कच्चे माल की तंगी हो गई है। भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया समेत एशिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं की निर्भरता खाड़ी पर सर्वाधिक है। इसलिए वहां तो महंगाई और मंदी का खतरा है ही यूरोप और अमेरिका में भी महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने की बातें होने लगी हैं। इसे 1970 के दशक में इजरायल-मिस्र-सीरिया युद्ध और इस्लामी क्रांति के तेल संकटों से भी बड़ा ऊर्जा संकट माना जा रहा है।

होर्मुज बंद रहने से उपजे आर्थिक संकट की तपिश एशिया, अफ्रीका और यूरोप के साथ-साथ अमेरिका भी पहुंच चुकी है। अमेरिका में डीजल की कीमतें 25 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। डीजल और उर्वरक की महंगाई का सीधा असर किसानों की आमदनी पर पड़ रहा है। रोजमर्रा का सामान महंगा होने से ट्रंप के मागा समर्थकों में भी नाराजगी है। युद्ध का विरोध करने वालों का आंकड़ा 61 प्रतिशत से ऊपर चला गया है। ट्रंप का अपना जनसमर्थन इतिहास के न्यूनतम बिंदु पर है। सीनेट में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर युद्धमंत्री हेगसेथ और विदेशमंत्री रूबियो को समितियों में तलब करने पर अड़े हैं। नवंबर में होने जा रहे संसदीय चुनाव में यदि ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने कांग्रेस में अपना बहुमत खो दिया तो ट्रंप पर महाभियोग की तलवार भी लटकने लगेगी। इसलिए वे अब इस युद्ध को किसी ऐसे समझौते के साथ समाप्त करने के लिए छटपटा रहे हैं, जिसमें उनकी जीत का ढोल पीटने की गुंजाइश हो। इसलिए वे किसी भी मध्यस्थ के जरिये संदेश भेज कर बातचीत की हवा बांधने की कोशिश कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि मध्यस्थता के लिए उन्हें चीन या रूस जैसा कोई देश नहीं मिला जिसके ईरान के साथ सामरिक रिश्ते हों। ओमान और कतर जैसे पुराने मध्यस्थ भी तैयार नहीं हुए। बस एक पाकिस्तान मिला।



अवधेश राजपूत

फारस और ओमान की खाड़ियों को मिलाने वाले होर्मुज जलमार्ग की चौड़ाई उसके मोड़ पर मात्र 21 समुद्री मील है जिसमें से 12 समुद्री मील तक ईरान की जलसीमा है और 12 समुद्री मील ओमान की। दोनों की जलसीमाएं एक-दूसरे से सटी हैं, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के जलमार्ग कानून के अनुसार ये दोनों देश अपनी जलसीमाओं से होकर गुजरने वाले जहाजों को रोक नहीं सकते। जैसे विमानों को दूसरे देशों की वायुसीमा से होकर उड़ान भरने का अधिकार है, वैसे ही जहाजों को जलसीमा से होकर गुजरने का। यहां समस्या अधिकारों की न होकर अंतरराष्ट्रीय नियमों के पालन की है। ईरान पर हमले के समय तो अमेरिका और इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र के नियमों का ध्यान नहीं रखा। न ही ईरान के चीन और रूस जैसे मित्रों ने या दूसरे देशों ने हमले रोकने के लिए कोई आवाज उठाई। अब ईरान से उसके होर्मुज जलमार्ग से होकर गुजरने के अधिकार की मांग किस मुंह से करेंगे। इसे खुलवाने के लिए ट्रंप ने नाटो और दूसरे मित्र देशों को दुत्कारा और फटकारा, लेकिन किसी ने कुछ नहीं किया। पिछले सप्ताह नाटो के महासचिव मार्क रूटर ने होर्मुज खुलवाने के लिए नाटो देशों समेत तीस देशों का संगठन खड़ा करने की बात जरूर की, मगर ईरान का कहना है कि होर्मुज जलमार्ग बंद कहां है? मित्र देशों के जहाजों के लिए तो खुला है। बस अमेरिका, इजरायल और उनके समर्थक देशों के जहाजों के लिए बंद है। उन्हें जाने के लिए भारी चुंगी अदा करनी होगी।

कहां तो अमेरिका ने ईरान की मुल्लाशाही को गिराने के लिए उसके तेल पर प्रतिबंध लगा रखे थे। कहां अब ईरान ने अमेरिका और उसके मित्र देशों के जहाजों के होर्मुज से गुजरने पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। उसे खुलवाने के लिए ट्रंप एक तरफ ईरान के बिजलीघर उड़ाने और कहर बरपाने की धमकी दे रहे हैं और त्वरित हमलों में दक्ष मरीन और पैराशूट सैनिकों को खाड़ी में तैनात कर रहे हैं। दूसरी तरफ धमकी की समयसीमा बढ़ाते जा रहे हैं। जहां ट्रंप ईरान की लड़ाई को होर्मुज खुला रखने की लड़ाई में बदल कर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का खोया साथ हासिल करने की चाल चल रहे हैं, वहीं ईरान यमन के हूती संगठन को भी लड़ाई में उतार कर उस बाब-अल-मंदाब जलमार्ग को रोकने की तैयारी कर रहा है जो लाल सागर से होते हुए स्वेज नहर तक ले जाता है।

ट्रंप सारे पत्ते अपने हाथ में होने के चाहे जितने दावे करें, पर लगता यही है कि वे फंस चुके हैं। यदि वे ईरान के बिजलीघरों को उड़ाते हैं तो ईरान के जवाबी हमलों की आशंका से तेल और शेयर बाजारों में और हड़कंप मचेगा। यदि सेना को ईरान के खार्ग या किसी और द्वीप पर उतारते हैं तो बाजारों में हड़कंप के साथ-साथ अमेरिका में भी उनका मुखर विरोध होगा। यदि होर्मुज खुलवाए बिना लौट जाते हैं तो उन्हें मागा राष्ट्रपति के रूप में नहीं, बल्कि वियतनाम से हारकर लौटे निक्सन और इराक से हारकर लौटे बुश की तरह ईरान से हार कर लौटे राष्ट्रपति के रूप में याद किया जाएगा।

(लेखक बीबीसी हिंदी के पूर्व संपादक हैं)

response@jagran.com

# समान संहिता पर राह दिखाते राज्य



डा. जगदीप सिंह

**उत्तराखंड एवं गुजरात का यूसीसी की दिशा में बढ़ना अन्य राज्यों के साथ केंद्र को भी कानून बनाने के लिए प्रेरित करेगा**

गत दिनों गुजरात विधानसभा में विस्तृत चर्चा के बाद 'गुजरात यूनिफार्म सिविल कोड बिल, 2026' को बहुमत से पारित कर दिया गया। इस कदम के साथ गुजरात, उत्तराखंड के बाद दूसरा ऐसा राज्य बन गया है, जहां व्यक्तिगत मामलों में धर्म-आधारित अलग-अलग कानूनों के स्थान पर एकसमान कानूनी ढांचा लागू किया गया है। विधेयक के अनुसार विवाह समारोह धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न किए जा सकते हैं, किंतु उनका पंजीकरण अनिवार्य होगा। पंजीकरण न कराने की स्थिति में दस हजार रुपये तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है। विवाह की न्यूनतम आयु पुरुषों के लिए 21 वर्ष और महिलाओं के लिए 18 वर्ष तय की गई है। बहुविवाह को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है तथा पति या पत्नी के जीवित रहते दूसरा विवाह अमान्य माना जाएगा। तलाक के आधारों को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जिनमें क्रूरता, परित्याग, व्यभिचार, मतांतरण और मानसिक विकार शामिल हैं। साथ ही आपसी सहमति से तलाक का प्रविधान भी रखा गया है, किंतु विवाह के एक वर्ष के भीतर तलाक की अनुमति नहीं दी जाएगी। लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता देते हुए उसके पंजीकरण को अनिवार्य किया गया है। यदि किसी पक्ष की आयु नाबालिग पाई जाती है, तो उसके माता-पिता को सूचित किया जाएगा। लिव-इन संबंध से जन्मे बच्चे को वैध संतान का दर्जा दिया जाएगा तथा महिला साथी को भरण-पोषण का अधिकार प्रदान किया गया है। बच्चों के पालन-पोषण में माता-पिता, दोनों की समान जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है। साथ ही उत्तराधिकार और संपत्ति के बंटवारे में पूर्ण लैंगिक समानता लागू की गई है, जिससे विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों के कारण उपजी असमानताओं को समाप्त करने का प्रयास किया गया है।

यह कानून पूरे गुजरात में लागू होगा और गुजरात के वे मूल निवासी, जो राज्य के बाहर रहते हैं, उन पर भी प्रभावी रहेगा। इसके अंतर्गत वे व्यक्ति भी शामिल किए गए हैं, जो पिछले दस वर्षों से लगातार गुजरात में निवास कर रहे हैं या राज्य अथवा केंद्र सरकार की सेवा में कार्यरत हैं। हालांकि अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को इस कानून से छूट प्रदान की गई है, ताकि उनकी पारंपरिक प्रथाओं और सांस्कृतिक पहचान का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। इसमें जबरन विवाह पर दंड का प्रविधान किया गया है, साथ ही हलाला जैसी कुप्रथाओं को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है। इस कानून के लागू होने का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव लैंगिक न्याय के क्षेत्र में दिखाई देगा। महिलाओं को अब सभी समुदायों में संपत्ति, उत्तराधिकार और भरण-पोषण के मामलों में समान अधिकार प्राप्त होंगे। लिव-इन संबंधों में आर्थिक सुरक्षा मिलने से उनकी स्थिति अधिक सुदृढ़ होगी और बच्चों के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे। पंथ के आधार पर कानूनी भेदभाव समाप्त होने से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। अंतर्धार्मिक विवाह अधिक सुगम होंगे और संपत्ति से जुड़े विवादों में जटिलताएं भी कम होने की संभावना है। कानूनी प्रक्रिया में भी उल्लेखनीय सरलीकरण आएगा। अदालतों पर बोझ कम होगा, क्योंकि अब विवादों का निपटारा एक ही कानूनी ढांचे के अंतर्गत किया जा सकेगा। इससे न्याय वितरण अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनेगा। पारिवारिक मामलों में मुकदमों की संख्या घटने से सामाजिक स्थिरता को भी बल मिलेगा। आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो संपत्ति संबंधी विवादों में कमी आने से व्यापार और निवेश का परिवेश भी अधिक अनुकूल होगा।



गुजरात विधानसभा ने पारित किया यूसीसी बिल ● फाइल

अब इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार को कई ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, एक सुदृढ़ डिजिटल पंजीकरण प्रणाली विकसित करनी होगी। साथ ही ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाना होगा। प्रशिक्षित अधिकारियों की नियुक्ति और न्यायिक कर्मचारियों को नए प्रविधानों से अवगत कराना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसको चरणबद्ध तरीके से लागू करने से संभावित चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना किया जा सकेगा। जनता के बीच विश्वास निर्माण के लिए निरंतर संवाद और सहभागिता भी अनिवार्य होगी।

राजनीतिक दृष्टि से यह निर्णय अन्य राज्यों के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण बन सकता है और केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय स्तर पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का दबाव भी बढ़ा सकता है। गुजरात विधानसभा का यह निर्णय भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता को दर्शाता है, जहां विविधता का सम्मान करते हुए समानता को प्राथमिकता दी गई है। यदि इस कानून का प्रभावी क्रियान्वयन होता है, तो एक प्रगतिशील राज्य के रूप में गुजरात की पहचान और पुख्ता होगी। यह कानून पंथ से ऊपर उठकर प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे महिलाओं की स्थिति सुदृढ़ होगी, सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलेगा और राष्ट्रीय एकता को नई मजबूती प्राप्त होगी। निःसंदेह गुजरात का यह कदम इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में दर्ज होगा, क्योंकि यह लंबे समय से चल रही बहस को ठोस कार्रवाई में परिवर्तित करने का उदाहरण है। समानता अब केवल संवैधानिक आदर्श तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वास्तविकता की दिशा में अग्रसर होती दिखाई दे रही है, जो पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत बन सकती है।

(लेखक राजनीति शास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### सर्वव्यापी ईश्वरीय सत्ता

जब किसी भीषण दुर्घटना के बाद भी कोई व्यक्ति सही सलामत बच निकलता है तो हम मान लेते हैं, अवश्य कोई अदृश्य शक्ति है, जिसका निर्णय अंतिम होता है। अदम्य इच्छा, पर्याप्त संसाधन, अच्छी योजना और अथक प्रयास के बाद भी कुछ कार्य होते-होते फलीभूत नहीं होते। इसके विपरीत सहज बुद्धि और तर्क से जो कार्य असंभव था वह कदाचित संपन्न हो जाता है।

मनुष्य की कितनी भी इच्छाएं हों, समस्त लौकिक गतिविधियों के संचालन की ईश्वर की अपनी वृहत्तर व्यवस्था है जिसमें मानवीय हस्तक्षेप निष्फल रहता है। सृष्टि में समस्त प्राणियों, वनस्पतियों तथा जल-थल सतहों से इतर अनेक अदृश्य, अबूझ अस्मिताएं विद्यमान रहती हैं। मानव जाति इस अनंत, विराट व्यवस्था की एक छोटी सी इकाई है। ईश्वर सृष्टि के प्रत्येक अंग के जीवन चक्र के संचालन और समस्त घटकों में परस्पर समन्वय का दायित्व निभाते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बहुआयामी प्रसार, उपयोग और इसमें शोध के बाद भी अभी तक मनुष्य को अनेक क्षेत्रों की जानकारी आधी अधूरी है, और इसे समय-समय पर संशोधित किया जाता रहा है। अपने अज्ञान को समझ लेंगे तो अपने ज्ञान पर अहंकार नहीं होगा। निहित स्वार्थों और लोभ से अभिप्रेरित मनुष्य की आकांक्षाएं भले ही महासागर जैसी अनंत हों, किंतु उसकी वास्तविक भूमिका एक बूंद से अधिक नहीं है। इस सत्य को जानने वाला ईश्वरीय शक्ति के समक्ष नतमस्तक रहेगा। ईश्वर सर्वव्यापी हैं। हम भले ही भ्रम में जीते रहें कि हमारा अनुचित कार्य कोई नहीं देख रहा, किंतु वे जानते हैं किस आशय से हम कब, क्या-क्या करते हैं और उसी अनुसार न्याय देते हैं। यह समझ लेंगे कि कण-कण में व्याप्त ईश्वरीय अंश सभी में निहित है और हम उसी की संतति हैं तो हम सद्गुणों को अपनाते हुए उसी सन्मार्ग पर प्रशस्त रहेंगे जैसा ईश्वर चाहते हैं। तब अवगुण छूट जाएंगे और धन्य हो जाएंगे।

हरीश बड़थ्वाल

## पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

### विकास के साथ संतुलन की जरूरत

'प्रगति को नए पंख' शीर्षक संपादकीय में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को देश की विकासशील आकांक्षाओं का प्रतीक बताया गया है, जो एक सीमा तक उचित भी प्रतीत होता है। यह परियोजना क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, निवेश और रोजगार के नए अवसरों को जन्म देने में सक्षम है, विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के लिए। परंतु एक अनुभवी दृष्टिकोण यह संकेत देता है कि केवल आधारभूत ढांचे का विस्तार ही समावेशी और संतुलित विकास सुनिश्चित नहीं कर सकता, जब तक उसके सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों का समुचित मूल्यांकन न किया जाए। वर्तमान परिदृश्य में सबसे गंभीर चुनौती ''संख्या बनाम गुणवत्ता'' की है। हवाई अड्डों की संख्या में वृद्धि प्रभावशाली अवश्य है, परंतु उनकी सेवाओं, रखरखाव और संचालन दक्षता में समान सुधार अभी भी अपेक्षित है। विमानों की सर्विसिंग के लिए विदेशी निर्भरता इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की अधूरी स्थिति को स्पष्ट करती है। एमआरओ सुविधाओं का विस्तार स्वागतयोग्य है, किंतु इसे स्थानीय युवाओं के कौशल विकास और स्थायी रोजगार से जोड़ना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय संतुलन और विस्थापितों के पुनर्वास जैसे मुद्दे अक्सर विमर्श से बाहर रह जाते हैं, जो भविष्य में सामाजिक असंतुलन को जन्म दे सकते हैं। अतः आवश्यक है कि विकास को एकीकृत दृष्टिकोण से देखा जाए, जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और स्थानीय सहभागिता सुनिश्चित हो। वास्तविक प्रगति वही होगी, जो आंकड़ों से आगे बढ़कर जनजीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन ला सके।

awanishg30@gmail.com

### एयरपोर्ट का तरक्की में योगदान

नोएडा एयरपोर्ट इस क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करने के साथ ही यहां के युवाओं एवं कारोबारियों को तरक्की के नए अवसर भी प्रदान करेगा। केंद्र और राज्य सरकार के अथक प्रयासों के बाद जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन से विमान उड्डयन क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर भारत की गरिमा में चार चांद लग गए हैं। पूर्व में जहाजों को सर्विसिंग के लिए विदेश भेजना विवशता थी। आधुनिक एवं वैज्ञानिक सुविधाओं के उद्घाटन से जहाजों के मरम्मत कार्यों में तकनीकी दक्षता के साथ समय, ऊर्जा एवं धन की बचत करते हुए लोकल फार वोकल के उत्थान में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार ने एयरपोर्ट बनाने, पर्यटन और रोजगार बढ़ाने में जो सराहनीय और स्वर्णिम योगदान दिया है, उसका प्रतिफल है कि देश के अधिकांश इलाकों से मतदाता भाजपा सरकार बनाने के प्रति आकर्षित हुए हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के साथ ही हरियाणा के निकटवर्ती क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार, आवास विकास, व्यवसाय, उद्यम आदि के ढांचागत विकास की स्थापना में अहम भूमिका निभाएगा। यह भविष्य में पूरे क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण कारक तो बनेगा ही अंतरराष्ट्रीय पहचान देने में भी कामयाब होगा।

युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

### नेपाल राजनीतिक दोराहे पर

नेपाल एक बार फिर राजनीतिक अस्थिरता और नागरिक असंतोष के दोराहे पर खड़ा है। रैपर से नेता बने बालेन शाह के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के मात्र 24 घंटे के भीतर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी ने देश के सियासी गलियारों में भूचाल ला दिया है। बालेन शाह की नई सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में ही जांच आयोग की सिफारिशों को लागू करने का निर्णय लिया। सरकार का तर्क है कि यह न्याय की शुरुआत है और उन युवाओं को न्याय दिलाने की कोशिश है, जिन्होंने पिछले साल के आंदोलन में अपनी जान गंवाई थी। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल इसे राजनीतिक प्रतिशोध और अवैध कार्रवाई करार दे रही है। ओली का झुकाव पारंपरिक रूप से चीन की ओर रहा है। उनकी गिरफ्तारी को विशेषज्ञों द्वारा न केवल आंतरिक राजनीति बल्कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के नजरिए से भी देखा जा रहा है। चीन के लिए यह एक चिंता का विषय हो सकता है, जबकि नई सरकार का झुकाव और कार्यप्रणाली नेपाल के भविष्य के बाहरी संबंधों को नई दिशा दे सकती है। नेपाल एक संक्रमणकालीन लोकतंत्र है, जहां इतिहास की विरासत, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और बाहरी शक्तियों का दबाव तीनों मिलकर अस्थिरता पैदा करते हैं। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करे। लेकिन नेपाल की संप्रभुता और संवेदनशीलता का सम्मान भी बनाए रखे।

युगल किशोर राही, ग्रेटर नोएडा

## पोस्ट

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ईरानी राष्ट्रपति के साथ बातचीत में इजरायली हमलों की निंदा करते हुए शायद यह भूल जाते हैं कि केवल इजरायल अकेले ही हमला नहीं कर रहा। स्टैनले जानी@johnstanly

1956 के स्वेज नहर संकट ने ब्रिटिश साम्राज्य के पराभव की बुनियाद रखी थी। इसके 70 साल बाद होर्मुज जलमार्ग संकट अमेरिकी साम्राज्यवाद की नींव हिला सकता है। जिम@jimNjue_



अभी तक ईरान युद्ध रुकने के कोई आसार नहीं दिख रहे और वैश्विक अर्थव्यवस्था मुश्किलों से दो चार है। इसके बावजूद ट्रंप यह कहने में संकोच नहीं कर रहे कि उनका अगला निशाना क्यूबा होगा।

विक्रम चंद्रा@vikramchandra

पाकिस्तान भले ही मध्यस्थता की कोशिशों के माध्यम से सुर्खियों में आने की कोशिश कर रहा है, लेकिन दक्षिण एशिया में भारत बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बांग्लादेश से लेकर श्रीलंका तक अपने पड़ोसियों को ईंधन मुहैया करा रहा है। इसे ईंधन कूटनीति कहा जा सकता है। तेनजिंग लैमसांग@TenzingLamsang

## जनपथ

नेता गण भोंपू लिए फैलाते अफवाह,
उनका मकसद एक है रुके प्रगति की राह।
रुके प्रगति की राह करे हंगामा जनता,
जाय भाड़ में देश काम अपना है बनता!
कुटिल चाल चल आप बनोगे नहीं विजेता,
नहीं चाहते लोग कभी भी झूठा नेता!!

– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन.नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस.बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित
संपादक (दिल्ली एनसीआर) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 254

हां 83% / 17% नहीं — क्या पश्चिम एशिया की जंग बहुध्रुवीय दुनिया में उभरती ताकतों के प्रभाव का विस्तार करेगी?

हां 85% / 15% नहीं — क्या पश्चिम एशिया की जंग क्षेत्र में अमेरिकी दबदबे के अंत का कारण बन सकती है?

मुद्दा से संबंधित अपनी राय, सुझाव और प्रतिक्रिया mudda@jagran.com पर भेज सकते हैं।



# पश्चिम एशिया की जंग बनेंगे नए समीकरण

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच पिछले करीब एक महीने से जारी जंग कुछ हफ्तों में खत्म हो जाए या महीनों के बाद बंद हो। इसने दुनिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव की बुनियाद रख दी है। साफ है कि दुनिया अब उस तरह से नहीं रहेगी, जैसी युद्ध शुरू होने से पहले थी। ऐसा पहली बार हुआ है जब यूरोप के देशों ने जंग में अमेरिका का साथ देने से साफ मना कर दिया है। यह तब है जब अमेरिका और यूरोप के देश सैन्य संगठन नाटो के सदस्य हैं और यूरोप अपनी सुरक्षा की जरूरतों के लिए काफी हद तक अमेरिका पर निर्भर है। जंग में अमेरिका के सहयोगी खाड़ी देशों के ऊर्जा ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ है और इससे उबरने में उनको एक दशक तक का समय लग सकता है। ये देश लंबे समय से अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर भरोसा करते थे और अमेरिका के सैन्य अड्डे भी इन देशों में हैं। यह युद्ध पश्चिम एशिया में अमेरिका के करीब पांच दशक के प्रभुत्व के अंत की शुरुआत भी हो सकता है। जंग वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में किस तरह के बदलाव ला सकती है और भारत की इसमें क्या भूमिका होगी, इसकी पड़ताल अहम मुद्दा है...



### द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ऐसे बदल गई थी दुनिया

द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) ने पिछली सदियों से चले आ रहे वैश्विक ढांचे को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और एक नया वर्ल्ड आर्डर स्थापित किया। इस युद्ध के बाद दुनिया राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से वैसी नहीं रही, जैसी पहले थी।

### दो महाशक्तियों का उदय

युद्ध से पहले दुनिया 'बहुध्रुवीय' थी, जहां ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान मुख्य शक्तियां थीं।

**यूरोप का पतन:** युद्ध के बाद ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देश आर्थिक और सैन्य रूप से इतने कमजोर हो गए कि वे दुनिया पर अपना दबदबा खो बैठे।

**महाशक्तियों का उदय:** विश्व मंच पर केवल दो महाशक्तियां बचीं। संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ। इसने दुनिया को 'द्विध्रुवीय' बना दिया।

### शीत युद्ध की शुरुआत

फासीवाद को हराने के बाद, पूर्व मित्र राष्ट्र (अमेरिका और सोवियत संघ) आपस में ही भिड़ गए। यह शीतयुद्ध 1990 में सोवियत संघ के विघटन के बाद ही खत्म हुआ।

**वैचारिक संघर्ष:** यह लोकतंत्र/पूंजीवाद (अमेरिका) बनाम साम्यवाद (सोवियत संघ) की लड़ाई थी।

**सैन्य गुट:** दुनिया दो खेमों में बंट गई। पश्चिमी देशों का नाटो और वारसा पैक्ट (पूर्वी ब्लाक)। अगले 45 वर्षों तक पूरी दुनिया की राजनीति इसी संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती रही।

### उपनिवेशीकरण का खात्मा और नए देशों का जन्म

- युद्ध ने साम्राज्यवादी शक्तियों की कमर तोड़ दी थी। वे अब अपने उपनिवेशों पर नियंत्रण रखने में असमर्थ थे।
- इसके परिणामस्वरूप एशिया और अफ्रीका में स्वतंत्रता की लहर दौड़ी।
- भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार और बाद में दर्जनों अफ्रीकी देश आजाद हुए। इसने वैश्विक मानचित्र को पूरी तरह बदल दिया और 'तीसरी दुनिया' के देशों का उदय हुआ।

### संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना

युद्ध की तबाही को देखते हुए दुनिया के नेताओं ने महसूस किया कि भविष्य में ऐसे युद्धों को रोकने के लिए एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय संस्था की जरूरत है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई। सुरक्षा परिषद के माध्यम से दुनिया के पांच बड़े देशों अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस को विशेष शक्तियां (वीटो) दी गईं, जो आज भी वैश्विक व्यवस्था का आधार है।

### नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था

युद्ध के बाद विश्व अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा करने के लिए 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन हुआ।

### आइएमएफ और विश्व बैंक

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की स्थापना हुई ताकि देशों को पुनर्निर्माण के लिए कर्ज मिल सके।

### अमेरिकी डालर का दबदबा



अमेरिकी डालर दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा बन गई। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अमेरिका का नियंत्रण स्थापित हो गया।



### परमाणु युग और सुरक्षा की नई परिभाषा

अगस्त 1945 में जापान पर परमाणु बम गिराने के साथ ही युद्ध का स्वरूप बदल गया।

### परमाणु प्रतिरोध

अब शक्ति का पैमाना यह नहीं था कि किसके पास कितनी बड़ी सेना है, बल्कि यह था कि किसके पास परमाणु हथियार हैं। इसने बड़ी शक्तियों के बीच सीधे युद्ध को रोक दिया, क्योंकि दोनों को पता था कि युद्ध का मतलब पूर्ण विनाश होगा।

### मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय कानून

- होलोकास्ट (यहूदियों का नरसंहार) जैसी घटनाओं ने दुनिया को झकझोर कर रख दिया।
- 1948 में 'मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' को अपनाया गया।
- युद्ध अपराधों के लिए नूर्नबर्ग ट्रायल हुए, जिसने यह स्थापित किया कि युद्ध के दौरान भी मानवता के विरुद्ध अपराध करने वालों को अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत सजा दी जा सकती है।

### सामने आए वैश्विक प्रभुत्व के नए खिलाड़ी

जागरण रिसर्च

| क्षेत्र | युद्ध से पहले (पुराना क्रम) | युद्ध के बाद (नया क्रम) |
|---|---|---|
| सत्ता का केंद्र | पश्चिमी यूरोप (लंदन, पेरिस, बर्लिन) | अमेरिका और सोवियत संघ |
| राजनीति | साम्राज्यवाद (उपनिवेशवाद) | स्वतंत्र राष्ट्र और शीत युद्ध |
| अर्थव्यवस्था | सोने पर आधारित व्यापार | डालर पर आधारित 'ब्रेटन वुड्स' सिस्टम |
| सुरक्षा | गुप्त संधियां | संयुक्त राष्ट्र और सामूहिक सुरक्षा |

## आकार लेगी नई वैश्विक व्यवस्था



डा. अभिषेक श्रीवास्तव
असिस्टेंट प्रोफेसर, स्कूल आफ इंटरनेशनल स्टडीज, जेएनयू

**पश्चिम एशिया की जंग के बाद दुनिया पहले जैसी नहीं रह जाएगी। क्षेत्र में अमेरिका का प्रभुत्व कमजोर होगा और यहां कई देशों का प्रभाव बढ़ सकता है। वैश्विक स्तर पर भी नए व्यवस्था आकार ले सकती है जिसमें भारत जैसी उभरती वैश्विक ताकतें अहम भूमिका निभा सकती हैं।**

पश्चिम एशिया में चल रहा ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच का संघर्ष अब केवल एक सामान्य युद्ध नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र की राजनीति, सुरक्षा व्यवस्था और वैश्विक संतुलन को बदलने वाला निर्णायक मोड़ बन चुका है। यह युद्ध आने वाले समय में नई भू-राजनीतिक व्यवस्था की नींव रख रहा है। इसके प्रभाव केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि भारत सहित पूरी दुनिया इसकी चपेट में आएगी।

पिछले कई दशकों से पश्चिम एशिया में सीधे युद्ध कम होते थे। देश अपने-अपने समर्थित संगठनों के जरिये लड़ते थे। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। ईरान और अमेरिका-इजरायल सीधे आमने-सामने हैं। ईरान ने हिज्बुल्ला और हाउती जैसे संगठनों के माध्यम से इस युद्ध को कई मोर्चों पर फैला दिया है। अब तक पश्चिम एशिया की स्थिरता तीन चीजों पर टिकी थी, पहली अमेरिका की ताकत और दबदबा, जो अब पहले जैसा नहीं रहा। इतनी बड़ी सैन्य शक्ति होने के बावजूद अमेरिका ईरान को पूरी तरह रोक नहीं पा रहा है। इससे उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। दूसरी, ऊर्जा सुरक्षा, जो अब खतरे में है। होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से दुनिया के तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है, अब तनाव का केंद्र बन गया है। यदि यहां की रुकावट को जल्द समाप्त नहीं किया गया तो पूरी दुनिया में तेल को लेकर बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। तीसरा, क्षेत्रीय गठबंधन। गठबंधन अब टूट रहे हैं। कई देश अब अमेरिका पर पूरी तरह निर्भर रहने से हिचक रहे हैं और विकल्प तलाश रहे हैं। इसका परिणाम यह होगा कि पश्चिम एशिया अब बहुध्रुवीय शक्तियों का केंद्र बनेगा, जहां कोई एक देश इस क्षेत्र को पूरी तरह नियंत्रण में नहीं रख पाएगा। यह युद्ध अमेरिका के लिए एक बड़ी रणनीतिक परीक्षा बन गया है। एक ओर उसे पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल से जुड़े संघर्ष में सक्रिय रहना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करना भी उसकी प्राथमिकता है।

इस दोहरे दबाव के कारण अमेरिका पर अधिक बोझ की स्थिति बनती जा रही है। उसके प्रमुख सहयोगी देश जैसे जापान और दक्षिण कोरिया भी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कहीं अमेरिका का ध्यान उनके क्षेत्र से हट न जाए। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। अमेरिका की वैश्विक छवि कमजोर पड़ सकती है, चीन को अपने प्रभाव को विस्तार देने का अवसर मिल सकता है, और दुनिया का शक्ति संतुलन धीरे-धीरे बदल सकता है। इस पूरे संघर्ष का भारत पर भी गहरा प्रभाव पड़ना तय है। सबसे पहले ऊर्जा सुरक्षा की बात करें, तो भारत अपनी लगभग 85 प्रतिशत तेल की जरूरत आयात के माध्यम से पूरी करता है। इसका बड़ा बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। यदि युद्ध के कारण तेल आपूर्ति में बाधा आती है, तो भारत में महंगाई और आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। इसलिए भारत को अब ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण करना होगा, रणनीतिक भंडारण क्षमता बढ़ानी होगी और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना होगा। कूटनीतिक स्तर पर भी भारत के सामने संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। भारत के अमेरिका, इजरायल और ईरान—तीनों के साथ अच्छे संबंध हैं, इसलिए उसे किसी एक पक्ष में खुलकर जाने के बजाय अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखनी होगी। भारत को एक संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनानी होगी, जिससे वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए शांति स्थापित करने में भी सकारात्मक भूमिका निभा सके। व्यापार और संपर्क के संदर्भ में भी यह युद्ध नई संभावनाएं और चुनौतियां लेकर आया है। चाबहार बंदरगाह, इंटरनेशनल नार्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कारिडोर जैसे प्रोजेक्ट भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये वैकल्पिक व्यापार मार्ग प्रदान करते हैं। ऐसे समय में जब पारंपरिक समुद्री मार्ग असुरक्षित हो सकते हैं, ये परियोजनाएं भारत की रणनीतिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी भारत को सतर्क रहना होगा। इस युद्ध के कारण समुद्री सुरक्षा, साइबर हमलों और कट्टरपंथी संगठनों की गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है। इसलिए भारत को अपनी आंतरिक और बाहरी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना होगा तथा आधुनिक खतरों के अनुरूप अपनी रणनीति का पुनर्निर्धारण करना होगा।

ईरान और अमेरिका-इजरायल संघर्ष ने पश्चिम एशिया की पूरी राजनीतिक और सुरक्षा संरचना को बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह युद्ध केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं है, बल्कि एक नए वैश्विक दौर की शुरुआत का संकेत है। इसमें अमेरिका का एकाधिकार धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। क्षेत्रीय शक्तियां अधिक प्रभावशाली हो रही हैं और ऊर्जा व व्यापार मार्गों का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। अब पश्चिम एशिया में स्थिरता बाहरी शक्तियों द्वारा थोपी नहीं जा सकती, बल्कि यह क्षेत्रीय संतुलन और आपसी समझ के माध्यम से ही संभव होगी। भारत को दूरदर्शिता और संतुलित रणनीति के साथ आगे बढ़ना चाहिए तभी वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के साथ वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को और सशक्त बना सकता है।

### आपकी आवाज

पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने से पहले ही वैश्विक व्यवस्था में बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी। इस युद्ध ने इस प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। जंग थमने के बाद भी इसके नतीजे बहुआयामी होंगे। यह दुनिया में अमेरिकी दबदबे को खत्म करने वाला निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है और पश्चिम एशिया में भी नए समीकरण आकार ले सकते हैं। **प्रभात वर्मा**

पश्चिम एशिया का युद्ध ईरान को बरबाद करने के साथ पूरी दुनिया को खतरनाक मंदी की चपेट में लाने की क्षमता रखता है। अगर यह युद्ध लंबा चला तो पूरी दुनिया आर्थिक संकट में फंस जाएगी। भू राजनीतिक मोर्चे पर भी बड़े बदलाव हो सकते हैं क्योंकि ऐसा पहली बार है जब अमेरिका के सहयोगी नाटो देशों ने इस युद्ध में अमेरिका का साथ देने से मना कर दिया है। जाहिर है कि अब इन देशों को अमेरिका पर भरोसा नहीं रह गया है। वैश्विक रक्षा गठजोड़ के लिहाज से इसके मायने बहुत बड़े हैं। **सरोज तिवारी**

ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका अगर ईरान से लंबे संघर्ष में फंस जाता है तो इससे रूस और चीन दोनों को फायदा होगा। तेल की कीमतें बढ़ने से रूस आर्थिक रूप से मजबूत होगा और अमेरिका के संसाधन बरबाद होने से चीन को फायदा होगा क्योंकि वह चुपचाप अपनी ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है। जंग थमने के बाद पश्चिम एशिया में चीन अपना प्रभाव और बढ़ा सकता है क्योंकि यहां के देश अब अपनी सुरक्षा के लिए नए क्षेत्रीय गठजोड़ की संभावनाएं तलाशने को मजबूर होंगे। **रामलाल मौर्य**

इस युद्ध का व्यापक असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। ट्रंप की टैरिफ नीति से दुनिया के देश पहले से ही नाराज हैं। ऐसे में व्यापार के और सप्लाई चेन के मोर्चे पर भी देश नए सिरे से अपनी रणनीति बनाने के लिए काम कर सकते हैं। भारत के लिए भी यह बदलाव अहम होंगे क्योंकि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है और निर्यात बढ़ाने के लिए वैश्विक बाजार की स्थिरता बेहद अहम है। **हाशिम**

## वैश्विक अर्थव्यवस्था की टूटेगी कमर



केसी सिंह
पूर्व राजदूत

**पश्चिम एशिया के युद्ध की वजह से पहले ही दुनिया ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। अगर यह युद्ध और लंबा खिंचता है तो वैश्विक अर्थव्यवस्था बहुत बड़े संकट में फंस जाएगी। भू राजनीतिक परिदृश्य के लिहाज से इसके दूरगामी परिणाम होंगे और देशों के बीच नए गठबंधन और समीकरण उभर सकते हैं।**

ईरान युद्ध 28 फरवरी को ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या के साथ शुरू हुआ। किसी को भी खासकर अमेरिका को यह उम्मीद नहीं थी कि यह एक महीने तक चलेगा। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक टेलीफोन पर मुश्किल बातचीत की। जाहिर तौर पर उन्होंने इस बात की शिकायत की कि इजरायल ने ईरानी प्रतिरोध को गलत समझा और वहां कोई जन-विद्रोह नहीं हुआ। यह युद्ध अब एक निर्णायक मोड़ पर है।

अमेरिका और इजरायल दोनों को यह एहसास हो गया है कि ईरान पर लगातार हवाई हमले करने के बावजूद वे ड्रोन और मिसाइलों से जवाबी हमला करने की ईरान की क्षमता को खत्म करने में नाकाम रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने देश में युद्ध के बढ़ते विरोध और युद्धविराम स्वीकार करने से पहले ईरान से रियायतें हासिल करने की कोशिश के बीच फंस गए हैं। इस बीच, मिस्र, पाकिस्तान और तुर्की मध्यस्थता कर रहे हैं और युद्धविराम के प्रस्तावों के आदान-प्रदान में मदद कर रहे हैं। अमेरिका का 15-सूत्रीय प्रस्ताव उसके पुराने एजेंडे को दर्शाता है। इसमें मांग की गई है कि ईरान अपना परमाणु संवर्धन कार्यक्रम छोड़ दे, यह वादा करे कि वह कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा, इस क्षेत्र में अपने प्राक्सी (समर्थक गुटों) को समर्थन देना बंद कर दे और होर्मुज जलडमरूमध्य से मुक्त आवागमन बहाल करे। इसमें ईरान पर लगे प्रतिबंधों को हटाने का सुझाव भी दिया गया है, ताकि मांगों को नरम बनाने के लिए एक संभावित प्रलोभन दिया जा सके।

खबरों के मुताबिक, ईरान अभी-अभी मध्यस्थों को अमेरिका के प्रस्ताव पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहा है। वैसे भी, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने हाल ही में एक साक्षात्कार में ईरान का पक्ष स्पष्ट किया। ईरान परमाणु हथियार हासिल न करने का वादा करने और अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आइएईए) को सौंपने के लिए तैयार है। हालांकि, वह आइएईए की देखरेख में अपना नागरिक परमाणु कार्यक्रम जारी रखना चाहता है। वह हवाई हमलों से हुई तबाही के लिए हर्जाना भी चाहता है। सबसे बढ़कर, वह होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखना चाहता है। अंत में, ईरान यह वादा चाहता है कि उस पर फिर कभी कोई हमला नहीं होगा। अमेरिका और ईरान की मांगों के बीच कुछ अंतर हैं। युद्ध शुरू होने से पहले ओमान की मेजबानी में हुई बातचीत में इनमें से कई मुद्दे लगभग सुलझ गए थे। हालांकि, कुछ मुद्दे युद्ध के कारण पैदा हुए हैं। सबसे पहले, ईरान ने युद्ध के नकारात्मक प्रभाव को फैलाने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात को बाधित कर दिया। ऊर्जा की कीमतें तुरंत बढ़ गईं और वैश्विक शेयर बाजार धड़ाम से गिर गए। अकेले अमेरिकी शेयर बाजार में लगभग 5 ट्रिलियन डालर का नुकसान हुआ। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान में नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमले पर लगी रोक को 6 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। दुर्भाग्य से, इजरायल इस रोक का उल्लंघन कर रहा है। इजरायल ने ईरान के दो बड़े स्टील उत्पादन केंद्रों पर हमला किया, जिससे ईरान ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। अमेरिका ने भी इस इलाके में अपने मरीन सैनिक भेज दिए हैं, जिससे ईरान के अहम द्वीपों और तटों पर ज़मीनी हमले का खतरा बना हुआ है। ऐसी अपुष्ट खबरें भी हैं कि ईरान ने कुवैत के एक द्वीप पर उन पर हमला किया है। अमेरिकियों की 'कैरेट ओर स्टिक' वाली नीति शायद काम कर जाए, लेकिन इजरायल ईरान के आम नागरिकों के बुनियादी ढांचे पर बड़े हमले करके इस कोशिश को नाकाम कर रहा है।

सबसे अच्छा नतीजा यह होगा कि अमेरिका और ईरान जल्द से जल्द युद्धविराम पर सहमत हो जाएं और इज़रायल को भी इसे मानने के लिए मजबूर होना पड़े। अगर युद्ध और लंबा खिंचता है तो दुनिया भर में ऊर्जा और आर्थिक संकट और भी गहरा जाएगा। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था बहुत बड़े संकट में फंस जाएगी। भारत के लिए खाड़ी क्षेत्र में शांति का मतलब सिर्फ तेल और गैस की आपूर्ति से कहीं ज़्यादा है। सबसे पहले खाड़ी देशों में रहने वाले एक करोड़ भारतीयों की सुरक्षा आती है। इस क्षेत्र लगातार अस्थिरता से लोगों की नौकरियां जाएंगी, और इसके चलते यहां से आने वाली विदेशी मुद्रा में भी कमी आएगी। इसका असर भारत के निर्यात पर भी पड़ेगा, क्योंकि खाड़ी देश भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से हैं।

आजादी के बाद गुटनिरपेक्षता की नीति से भारत को ईरान-इराक युद्ध जैसे कई क्षेत्रीय संकटों से निकलने में मदद मिली। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत की छवि निष्पक्ष देश की रही। मौजूदा हालात में खतरा यह है कि अगर भारत को किसी एक पक्ष का समर्थक माना गया, तो इसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं। भारत के ईरान के साथ बहुत पुराने भाषाई और सांस्कृतिक संबंध हैं। वहीं, इजरायल मजबूत रक्षा साझेदार है। अटल बिहारी वाजपेयी ने ईरान और इजरायल के साथ भारत के संबंधों में बेहतरीन संतुलन बनाए रखा था। भारत की कूटनीति को उसी छवि को फिर से बहाल करने की जरूरत है।

---

## बिहार की नई सरकार में भाजपा से अधिक होंगे जदयू कोटे के मंत्री

भुवनेश्वर वात्स्यायन • जागरण

- **भाजपा कोटे से सीएम बनने पर बनेगी नई स्थिति, जदयू को मिल सकता है विस अध्यक्ष पद**
- **वर्तमान सरकार में भाजपा से 13, जदयू से नौ, लोजपा (रा) से दो, रालोमो व हम से एक-एक मंत्री**

**पटना :** बिहार में बनने वाली नई सरकार में इस बार भाजपा से अधिक जदयू कोटे के मंत्री होंगे। यह तय माना जा रहा कि इस बार मुख्यमंत्री भाजपा से बनेगा। इस वजह से मंत्रिमंडल का गठन रिवर्स मोड में होना है। पिछले वर्ष नवंबर में बिहार में एनडीए सरकार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में शपथ ली थी। मंत्रिमंडल में नीतीश सहित 27 मंत्री थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद यह संख्या 26 हो गई है।

वर्तमान में नीतीश कुमार सहित जदयू के नौ मंत्री हैं। कहा जा रहा कि इस बार यह संख्या 13-14 तक जा सकती है। वहीं भाजपा के 13 विधायक मंत्री हैं। इनमें दो उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा भी शामिल हैं। भाजपा कोटे के मंत्रियों की संख्या कम होकर 10 तक हो सकती है।

मंत्रिमंडल का गठन रिवर्स मोड में होने की स्थिति में विधानसभा अध्यक्ष पद जदयू को मिल सकता है। वर्तमान में यह पद भारतीय जनता पार्टी के पास है। 91 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के अनुसार, किसी मंत्रिमंडल में मंत्रियों की कुल संख्या लोकसभा या विधानसभा के कुल सदस्यों की संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।

बिहार विधानसभा में कुल 243 सदस्य हैं। इस आधार पर अधिकतम 36 मंत्री ही हो सकते हैं। इस हिसाब से इनका बंटवारा एनडीए के अलग-अलग घटक दलों में उनकी संख्या के आधार पर होगा। वर्तमान सरकार में भाजपा कोटे से 13, जदयू से नौ, लोजपा (रा) से दो, रालोमो व हम से एक-एक मंत्री हैं।

## यूपीपीएससी का परिणाम घोषित, नेहा पांचाल टापर, अनन्या दूसरे स्थान पर

**राज्य ब्यूरो, जागरण, प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (पीसीएस)-2024 का अंतिम परिणाम रविवार देर रात घोषित कर दिया। प्रारंभिक परीक्षा के लगभग एक वर्ष तीन महीने सात दिन बाद जारी इस परिणाम में नेहा पांचाल ने प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर अनन्या त्रिवेदी और तीसरे स्थान पर अभय प्रताप सिंह रहे। इस वर्ष कुल 947 पदों के सापेक्ष 932 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सफल घोषित किया गया है। हालांकि 15 पद उपयुक्त अभ्यर्थी न मिलने के कारण खाली रह गए, जिनमें व्यवस्थाधिकारी का एक पद और व्यवस्थापक के 14 पद शामिल हैं।

पीसीएस-2024 के परिणाम में इस बार महिलाओं ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। टाप-10 में छह महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। वहीं शीर्ष 20 अभ्यर्थियों में 13 महिलाएं और सात पुरुष हैं।

## दिव्यांगजनों की तर्ज पर बुजुर्गों के लिए भी बनाएं नया विभाग

अरविंद पांडेय • जागरण

**नई दिल्ली :** देश में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती संख्या को देखते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से जुड़ी एक संसदीय समिति ने भी अब दिव्यांगजनों की तर्ज पर बुजुर्गों के लिए एक नया विभाग बनाने की सिफारिश की है। बुजुर्गों से जुड़े संगठन पहले से ही सरकार से बुजुर्गों के लिए नया विभाग बनाने की मांग कर रहे हैं।

भाजपा सांसद पीसी मोहन की अध्यक्षता वाली सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से जुड़ी संसद की स्थायी समिति द्वारा की गई सिफारिशों के मुताबिक, दिव्यांगजनों से जुड़ी समस्याओं से बेहतर ढंग से निपटने के लिए जैसे सरकार ने नए विभाग का गठन किया था, वैसे ही बुजुर्गों के लिए भी नया विभाग बनाने की जरूरत है। देश में दिव्यांगजनों की मौजूदा आबादी 2.5 करोड़, जबकि बुजुर्गों की करीब 15 करोड़ है। माता-पिता व वरिष्ठजनों के भरण-पोषण से जुड़ा प्रस्तावित विधेयक पारित होने के बाद बुजुर्गों से जुड़ी गतिविधियां और बढ़ेंगी। गौरतलब है कि मौजूदा समय में सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्रालय के भीतर ही बुजुर्गों से जुड़े नीतिगत मामलों व योजनाओं के लिए एक शाखा है, जिसमें गिनती के लोग हैं।

### वृद्धाश्रमों के संचालन में राज्य सरकारें भी बंटाएंगी हाथ

वृद्धाश्रमों के संचालन को लेकर सवालों पर मंत्रालय ने कहा है कि आठ सौ वृद्धाश्रमों को केंद्र के जरिये गैरसरकारी संगठनों के साथ संचालित करने में दिक्कत हो रही है। ऐसे में वह राज्य सरकारों से इसमें शामिल होने पर चर्चा कर रहे हैं। अधिकांश सहमत हैं। जल्द ही एक मानक प्रक्रिया तय की जाएगी।

### 2050 तक बुजुर्गों की आबादी हो जाएगी करीब 35 करोड़

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अभी देश में बुजुर्गों की आबादी लगभग 15 करोड़ है, जो 2036 तक 23 करोड़ से अधिक एवं 2050 तक लगभग 35 करोड़ होने की संभावना है। यानी कुल आबादी का 20 प्रतिशत। इतना ही नहीं, 2046 तक बुजुर्गों की संख्या 15 वर्ष तक के बच्चों की आबादी से अधिक अनुमान है।

## जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से लड़ने के लिए भारत ने नया योग प्रोटोकाल शुरू किया

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** आयुष मंत्रालय ने गैर-संक्रामक बीमारियों व जोखिम वाले समूहों के लिए एक व्यापक "योग प्रोटोकाल" शुरू किया है। इसे जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न बीमारियों से निपटने को महत्वपूर्ण उपाय के रूप में देखा जा रहा है।

यह पहल आयुष मंत्रालय के अधीन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान में स्थित विश्व स्वास्थ्य संगठन के पारंपरिक चिकित्सा सहयोगी केंद्र द्वारा विकसित की गई है। संस्थान के अधिकारी ने बताया कि भारत में मधुमेह, हाइपरटेंशन, हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियां व मानसिक स्वास्थ्य विकार जैसी बीमारियों में चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है। यह माड्यूल 30 से 60 मिनट के दैनिक सत्र की सिफारिश करता है, जिसमें आसन, प्राणायाम, ध्यान व विश्राम तकनीकें शामिल हैं। इसमें बच्चों, किशोरों व बुजुर्गों के लिए अलग-अलग योग माड्यूल व विशेष दिशानिर्देश शामिल हैं।

## 'बहू पर सास-ससुर के भरण पोषण का कानूनी दायित्व नहीं'

**विधि संवाददाता, जागरण. प्रयागराज:** 'नैतिक दायित्व की अवधारणा भले ही कितनी मजबूत हो, वह किसी वैधानिक आदेश के अभाव में कानूनी दायित्व के रूप में लागू नहीं की जा सकती।' यह टिप्पणी करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बहू से भरण-पोषण की मांग को दायर बुजुर्ग दंपती की याचिका खारिज कर दी है। पीठ ने कहा कि बहू दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत सास-ससुर के भरण पोषण के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है। विधायिका ने अपने विवेक से उक्त प्रविधान के दायरे में सास-ससुर को शामिल नहीं किया है। यानि विधायिका की यह मंशा नहीं है कि उक्त प्रविधान के तहत बहू पर सास-ससुर के प्रति भरण-पोषण का दायित्व डाला जाए।

## पंजाब में मौत के 'जैक' ने छीन ली तीन जिंदगियां



मलबे से निकालकर तीन व्यक्तियों को अस्पताल भेजते ग्रामीण • सौ जागरण

**हेमंत राजू, जागरण : बरनाला:** पंजाब के गांव फरवाही में जैक की मदद से मकान का लेंटर ऊंचा उठाने का काम रविवार को तीन मजदूरों की जान ले गया। कई सप्ताह से चल रहे इस काम के दौरान रात को मकान का ढांचा भरभराकर गिर गया, जिससे अंदर सो रहे तीन मजदूर दब गए।

गांव के सरपंच जगसीर सिंह ने बताया कि गांव निवासी विशाल कुमार के मकान को जैक की मदद से ऊपर उठाने का काम पिछले कई सप्ताह से चल रहा था। इसके लिए मोगा के ठेकेदार रणजीत सिंह को ठेका दिया गया था। काम में चार मजदूर लगे हुए थे और वे काम खत्म होने के बाद इसी मकान में ही सोते थे।

चिंतन

# चुनाव में नारी ही 'नारायणी'

देश में अगले महीने होने जा रहे 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र में महिला मतदाता अब केवल संख्या नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति बन चुकी हैं। राजनीतिक दलों की रणनीतियों का केंद्र अब 'नारी शक्ति' ही है, जिसे कभी 'नारायणी' तो कभी 'तारणहार' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रश्न यह है कि क्या यह वास्तविक सशक्तिकरण है या फिर चुनावी लाभ का सुनियोजित गणित? पांच राज्यों के चुनावी परिदृश्य पर नजर डालें तो साफ दिखता है कि चार राज्यों तमिलनाडु, असम, केरल और पश्चिम बंगाल में सरकारों और दलों ने महिलाओं को सीधे नकद सहायता देने की योजनाओं पर बड़ा दांव लगाया है। इन योजनाओं के तहत करोड़ों महिलाओं के खातों में हजारों करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा रहे हैं। तमिलनाडु में 2-2 हजार रुपये का विशेष पैकेज, असम में बिहू के अवसर पर 4-4 हजार रुपये, केरल में मासिक सहायता के रूप में एक-एक हजार और पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मी भंडार' योजना, ये सभी उदाहरण इस नए चुनावी ट्रेंड को दर्शाते हैं। इन योजनाओं का दायरा भी कम नहीं है। चारों राज्यों में लगभग 4.1 करोड़ महिलाएं इनका लाभ ले रही हैं, जो कुल मतदाताओं का लगभग 23% हैं। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि राजनीतिक दलों के लिए यह वर्ग कितना महत्वपूर्ण हो चुका है। यही कारण है कि पिछले 5 वर्षों में ऐसी नकद हस्तांतरण योजनाओं वाले राज्यों की संख्या एक से बढ़कर 15 हो गई है और कुल मिलाकर 13 करोड़ से अधिक महिलाओं को सालाना 2.46 लाख करोड़ रुपये तक की सहायता दी जा रही है। इन योजनाओं का एक सकारात्मक पक्ष भी है। ये महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम हो सकती हैं। विशेषकर ग्रामीण और निम्न आय वर्ग की महिलाओं के लिए यह सहायता जीवन स्तर सुधारने, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करने में सहायक बन सकती हैं। हरियाणा की 'लाडो लक्ष्मी', मध्य प्रदेश की 'लाड़ली बहना' या कर्नाटक की 'गृह लक्ष्मी' जैसी योजनाओं ने यह दिखाया है कि यदि सही ढंग से लागू हों, तो ये योजनाएं राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर प्रभाव डाल सकती हैं, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी उतना ही गंभीर है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इन योजनाओं के बढ़ते बोझ का असर राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है। कई राज्यों को अपने विकास कार्यों में कटौती करनी पड़ रही है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खर्च घटाने के उदाहरण सामने आए हैं। 'मुफ्त योजनाओं' की बढ़ती प्रतिस्पर्धा एक खतरनाक प्रवृत्ति को जन्म दे रही है, जो दीर्घकाल में आर्थिक असंतुलन पैदा कर सकती हैं। इस संदर्भ में यह भी जरूरी है कि महिला सशक्तिकरण को केवल नकद सहायता तक सीमित न रखा जाए। वास्तविक सशक्तिकरण तब होगा, जब महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा के बेहतर अवसर मिलें। आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देना कहीं अधिक स्थायी समाधान हो सकता है। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि चुनावों में नारी आज 'नारायणी' बन चुकी हैं। परंतु यह परिवर्तन केवल राजनीतिक लाभ का माध्यम न बन जाए, इसका ध्यान रखना आवश्यक है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि मतदाता अल्पकालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक विकास और सुशासन को प्राथमिकता दें। तभी सच्चे अर्थों में नारी शक्ति का सम्मान और राष्ट्र का समग्र विकास संभव हो सकेगा।



संभावनाएं

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब वैश्विक शिक्षा केंद्र बनने का अवसर

वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है। इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है।

इन दिनों वैश्विक शिक्षा केंद्रों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में भारत के वैश्विक शिक्षा के नए केंद्र के रूप में स्थापित होने की संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 25 मार्च को वैश्विक उच्च शिक्षा सेवाओं का मूल्यांकन करने वाली ख्याति प्राप्त अग्रणी कंपनी ब्रिटेन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा प्रकाशित 16वीं वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है। गौरतलब है कि जहां वर्ष 2022 में 39 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत आए थे, वहीं वर्तमान में लगभग 200 देशों के 72 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अब केंद्र सरकार ने 'स्टडी इन इंडिया' पहल के तहत 2030 तक प्रतिवर्ष 2 लाख विदेशी छात्रों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। यह संकेत है कि सरकार भारत को केवल प्रतिभाओं की आपूर्तिकर्ता के रूप में नहीं, वरन वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ रही है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अब हर साल बड़ी संख्या में गुणवत्तापूर्ण कौशल, अनुसंधान सुविधाओं और उच्च शिक्षा के बाद विदेश में ही करियर के अवसरों को पाने के मद्देनजर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। हाल ही में संसद में बताया गया कि वर्ष 2023 में 9.08 लाख भारतीय छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए गए थे। वर्ष 2024 में यह संख्या गिरकर 7.7 लाख पर आ गई और वर्ष 2025 में यह संख्या और घटकर 6.26 पर पहुंच गई। निसंदेह भारत में वर्ष-प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा के लिए आने वाले विदेशी छात्रों की बढ़ती संख्या और भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में कमी के कई कारण हैं। सरकार ने पिछले कुछ सालों में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के कई कदम उठाए हैं। 'नेशनल एजुकेशन पॉलिसी' (एनईपी) 2020 के जरिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार किए गए हैं। एनईपी के तहत एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड करने, मान्यता देने की व्यवस्था मजबूत करने, रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने और डिजिटल एजुकेशन का विस्तार करने का अभियान लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उच्च शिक्षा में ऐसे गुणात्मक सुधार से भारत के शिक्षा संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मान्यता मिल रही है। यही कारण है कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या 2014-15 के मात्र 11 से बढ़कर नवीनतम संस्करण में 54 हो गई है। वैश्विक स्तर की शिक्षा व्यवस्था को भारत में लाने के मद्देनजर 19 विदेशी यूनिवर्सिटीज को भारत में कैंपस स्थापित करने की इजाजत दी गई है। इससे जिस वैश्विक शिक्षा के लिए



पहले छात्रों को विदेश जाना पड़ता था, अब वही शिक्षा आसानी से भारत में ही मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। निश्चित रूप से विदेशी यूनिवर्सिटीज को भी भारत में बड़ी संख्या में छात्र मिलने का लाभ है। भारत में उच्च शिक्षा की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है।

इस समय उच्च शिक्षा में छात्रों की जो संख्या 4.46 करोड़ से अधिक है, वह बढ़कर 2035 तक 8.6 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। चूंकि वैश्विक यूनिवर्सिटीज भारत में डिग्री प्रदान कर सकती हैं, अतएव छात्रों के लिए विदेश जाने के खर्च और अनिश्चितताओं के बिना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भारत में ही लेना लाभप्रद है। इतना ही नहीं, भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा के प्रमुख गंतव्य देश, खासकर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में आव्रजन नियमों में सख्ती आई है और वीजा जांच के अलावा वित्तीय लागत बढ़ गई है। हाल ही में प्रकाशित अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट की रिपोर्ट मार्च 2026 के मुताबिक पिछले वर्ष जनवरी से अगस्त 2025 के बीच अमेरिका के द्वारा परमानेंट रेजिडेंट और टेंपरेरी वीजा मंजूरी में साल भर पहले की तुलना में 11 फीसदी की कमी आई है। इसका असर भारत के छात्रों पर अधिक पड़ा है और अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में तेज गिरावट आई है। इतना ही नहीं, अमेरिका में जो छात्र अध्ययनरत हैं, उनके लिए भी रोजगार ढूंढना मुश्किल हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सरकार हरसंभव तरीके से भारत को वैश्विक शिक्षा व डिजिटल शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए प्रयास कर रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न आवंटनों को वैश्विक शिक्षा और अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों के मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), इनोवेशन, ऑटोमेशन, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल बिजनेस से सम्बद्ध करने संबंधी प्रभावी पहल की गई है। निश्चित रूप से भारत के पास बदलते हुए दौर में उच्च शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने के अवसर मौजूद हैं। इसे मुट्ठी में करने के लिए रणनीतिक रूप से और तेजी से आगे बढ़ना होगा। देश को शिक्षा के तहत आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में तेजी से उन्नत कौशल विकसित करने की रणनीति अपनाना होगी। देश में वैश्विक शिक्षा को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनाकर खासतौर से एशिया, अफ्रीका, पश्चिम एशिया सहित कई विकसित और विकासशील देशों के छात्रों के कदम भारत की यूनिवर्सिटीज की ओर मोड़ने के लिए प्रयास करने होंगे।

भारत को इंजीनियरिंग, प्रबंधन, स्वास्थ्य विज्ञान, डिज़ाइन, मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों की वैश्विक शिक्षा का हब बनाने के विशेष प्रयत्न करने होंगे। देश की यूनिवर्सिटीज को उद्यमिता, नवाचार, अनुसंधान की गुणवत्ता, प्रयोगशालाओं में निरंतर निवेश, वैश्विक संस्थानों के साथ आसान सहयोग, नियामक ढांचों के लिए कठोर मानकों के साथ यूनिवर्सिटिज को अधिक स्वायत्तता से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना होगा। देश में विदेशी परिसरों को आकर्षित करने के मद्देनजर भारतीय यूनिवर्सिटियों की रैंकिंग को और ऊंचाई पर पहुंचाना होगा। इन सबके साथ-साथ सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा और डिजिटल शिक्षा पर निवेश बढ़ाना होगा। उम्मीद करें कि सरकार पश्चिम एशिया युद्ध से बदलती हुई दुनिया में भारत को एआई तथा भविष्य की टेक्नोलॉजी पर आधारित वैश्विक और डिजिटल शिक्षा का ऐसा सस्ता और गुणवत्तापूर्ण हब बनाने की राह पर आगे बढ़ेगी, जिससे भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में और कमी आए तथा विदेश से उच्च शिक्षा के लिए भारत आने वाले छात्रों की संख्या में और वृद्धि हो।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्वास्थ्य

बाल मुकुन्द ओझा



# घटिया और नकली दवाओं से बिगड़ रही देश की सेहत

सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद देश में घटिया और नकली दवाओं पर पूरी तरह लगाम नहीं लगाई जा सकी है, जिसके कारण देश के लाखों लोगों की सेहत सुधरने के बजाय बिगड़ रही है। भारत में नकली, घटिया और अवैध दवाओं का धंधा तेजी से फैल रहा है, जिसकी वजह से रोगियों की जान जोखिम में है। विशेषज्ञों के मुताबिक जो दवाएं धोखाधड़ी से निर्मित या पैक की गई हैं, उन्हें नकली और घटिया दवाएं कहा जाता है क्योंकि उनमें या तो सक्रिय अवयवों की कमी होती है या गलत खुराक होती है। नकली दवाओं के काले-कारोबार पर पुलिस और सरकारी एजेंसियों की छापेमारी की खबरें आये दिन मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। अनेक बार लाखों करोड़ों रुपयों की घटिया दवाएं खपत होने के बाद सरकारी एजेंसियों की नज़र में आती है। बहुदा ऐसा भी देखा जाता है कि जब तक इन दवाओं की घटिया होने की रिपोर्ट आती है, तब तक ये बाजार में बिक चुकी होती हैं। रोजमर्रा में काम आने वाली दवाओं के जांच में फेल होने पर लोग सकते में है। केंद्रीय औषधि नियामक ने अपनी कई रिपोर्टों में साफतौर पर जाहिर किया है कि बुखार, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, पेट में संक्रमण आदि स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिन दवाओं का आप इस्तेमाल करते हैं, असल में उनकी क्वालिटी खराब है। इतना ही नहीं, बहुत सी दवाएं तो नकली हैं, जिन्हें बड़ी कंपनियों के ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा है। इन दवाओं के उपयोग को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो गई हैं। आप दवाई खरीदने के लिए बाजार में जा रहे हैं तो पूरी सावधानी और सतर्कता बरतते हुए दवाइयों की




जांच करके लें और अपनी दवाइयों को डॉक्टर को एक बार जरूर दिखा दें, क्योंकि इन दिनों बाजार में घटिया दवाइयों को असली बता कर खुलेआम बेचा जा रहा है। देश में हर बीमारी के लिए नकली दवाएं उपलब्ध हैं। इन नकली दवाओं की पहचान करना आप और हमारे लिए बेहद मुश्किल और लगभग असंभव है। हमारे देश में अंग्रेजी दवाइयों ने घर-घर में अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। जिसे देखो अंग्रेजी दवाइयों के पीछे भागता मिलेगा। सामान्य बीमारियों से लेकर असाध्य बीमारियों की दवा आज घरों में मिल जाएगी। इनमें चिकित्सकों द्वारा लिखी दवाइयों के अलावा वे दवाइयां भी शामिल हैं जो मेडिकल स्टोर्स से बीमारी बताकर खरीदी गई हैं अथवा गूगल से खोजकर निकाली गई हैं। ये दवाइयां असली हैं या घटिया अथवा नकली, ये भी आम लोगों को मालूम नहीं है। घटिया दवाइयों का बाजार आजकल खूब फलफूल रहा है। आए दिन घटिया और नकली दवाइयां बरामद करने की खबरें मीडिया में सुर्खियों में पढ़ने को मिल रही हैं। इन दवाइयों के सेवन से साधारण खांसी-बुखार और जुकाम को ठीक होने में एक पखवाड़ा या महीना लग जाता है। इसके बावजूद ऐसी दवाइयां खरीदने में हमें कोई हिचकिचाहट नहीं हो रही है। भारत दवाओं का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन करने वाला देश है। मगर देशवासियों को अच्छी गुणवत्ता की दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के मुताबिक, भारत में फार्मा इंडस्ट्री बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ रही हैं। इसमें साल 2020 से 2025 के बीच 37 प्रतिशत कंपाउंडएनुअल ग्रोथ का अनुमान जताया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक मात्रा में दवाइयां बनाने में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा देश है। देश में सबसे तेज गति से बढ़ रहे इस कारोबार के 55 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ ही नकली और घटिया दवाओं का अवैध कारोबार भी बढ़ रहा है, जिससे लोगों की जान पर खतरा बढ़ता जा रहा है। एसोचैम ने अपनी एक रिपोर्ट में देश में बनने वाली कुल दवाओं का 25 प्रतिशत नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं बनने और बिकने का खुलासा किया था, जो विश्व की कुल नकली दवाओं का 35 प्रतिशत है। देश में नकली और घटिया दवाओं की बाढ़ आ गई है। आए दिन देश के विभिन्न भागों में घटिया और अमानक दवाएं पकड़ी जा रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत सहित विभिन्न देशों में नकली दवाओं का कारोबार लगभग तीस अरब डॉलर तक पहुंच गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत नकली दवाओं का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत में 25 फीसदी के करीब दवाइयां नकली बिक रहीं हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य होता है ज्ञानी



संकलित

दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम् मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते ही बढ़ भी जाती है।

## जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित

प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




आज की पाती

### आम जन को समझदारी बरतनी होगी

ईरान और इजरायल युद्ध के कारण हमारा देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के लगभग सभी देश पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कमी आने के कारण चिंता में हैं। लगभग सभी देश यहीं से आने वाले कच्चे तेल, पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर निर्भर हैं। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है। केंद्र सरकार इस समस्या का हल निकालने के लिए प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए देश के लगभग सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात भी की है। लेकिन यह भी सच है कि कुछ लोग इन चीजों को लेकर अफवाहों को फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। इन अफवाहों के कारण कुछ लोग इन चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी भी कर रहे हैं। इन चीजों का उपयोग आम जन को समझदारी से करना होगा।

*– सांकेत अग्रवाल, धमतरी*

ट्रेंड

### मछुआरों पर गर्व



हमें अपने मछुआरों पर गर्व है! ओडिशा, लक्षद्वीप और कर्नाटक के उन प्रयासों को विशेष रूप से दर्शाया गया है जो यह दिखाते हैं कि यह क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में किस प्रकार योगदान दे रहा है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### फिटनेस पर ध्यान दें



मेरा हमेशा से यह आग्रह रहा है कि आप सभी अपनी फिटनेस पर जरूर ध्यान दें। 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' पर अब 100 दिवस से भी कम दिन बचे हैं, वैश्विक स्तर पर योग को दुनियाभर में बढ़ावा मिल रहा है। हमें खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी और शुगर इंटेक को कम करना होगा।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### पीड़ितों को न्याय नहीं



ऊना की चीख आज भी इंसाफ के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। बीते 10 सालों से पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अपमान, हिंसा और हत्या- बीजेपी शासित गुजरात में दलितों, आदिवासियों की यही हकीकत बना दी गई है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी



भाजपा राज में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी का इन्सिनेरेटर पूरी तरह जंग खाकर जर्जर हो चुका है। ऐसे में यदि संक्रमण और प्रदूषण फैलाने वाला मेडिकल कूड़ा-कचरा सही तरीके से भस्म नहीं किया जाएगा तो वो स्वयं बीमारियों का कारण बनेगा।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने मिसाइल इंजन का किया परीक्षण

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने उच्च शक्ति वाले ठोस ईंधन इंजन के परीक्षण का अवलोकन किया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को बढ़ाने वाला घटनाक्रम बताया। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। यह परीक्षण संभवत: इस बात का संकेत है कि किम ऐसी मिसाइलों के जखीरे का विस्तार एवं आधुनिकीकरण करना चाहते हैं जो अमेरिका की मुख्यभूमि तक पहुंचने में सक्षम हो। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के यह जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और 'सबसे बड़े दुश्मन' दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे। किम ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। केसीएनए के अनुसार, किम ने मिश्रित कार्बन फाइबर सामग्री से बनाए गए नए उन्नत इंजन का 'ग्राउंड जेट' परीक्षण (इंजन का जमीन पर किया गया परीक्षण) देखा। एजेंसी ने बताया कि इंजन का अधिकतम थ्रस्ट 2,500 किलोटन है, जो सितंबर में इसी तरह के ठोस ईंधन इंजन के एक परीक्षण में बताये गये लगभग 1,971 किलोटन से अधिक है।



## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं। लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं– आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं। बिल्ली की लार के माध्यम से इस प्रोटीन के कण उसके बालों और त्वचा पर आ सकते हैं।



अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# Last Day To Join Private channel

I GIVE YOU MY GUARANTEE, THIS PURCHASE WILL BE WORTH IT.

## Indian Newspapers:

1) Times of India
2) Hindustan Times
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) The Hindu
7) Live Mint
8) Financial Express
9) Business standard

+All Editorial PDFs

Uploding starts from 5AM

Access to all this In Just 19 Rupees [lifetime Validity]

Click below to

Join

## International Newspapers Channel

## Magazine Channel (National & International)